

# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 05 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 67 । अंक – 326 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 3.00 रु.

ICC CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

**आज के मैच**
इंग्लैण्ड विरुद्ध न्यूजीलैण्ड
समय - 2.00 दोपहर

**सार संक्षेप**

**एशियाई खेल**

## भाला फेंक में भारत का धमाल



## नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण, किशोर ने रजत जीता

**हांगझोउ, (एजेंसियां)।** भाला फेंक में स्टार नीरज चोपड़ा ने बुधवार को एशियाई खेलों में अपने स्वर्ण पदक का बचाव किया, जबकि किशोर जेना ने रजत पदक हासिल किया। यह नीरज का 88.88 मीटर का चौथा थ्रो था, जो सीजन का सर्वश्रेष्ठ था। वहीं, उनके हमवतन किशोर ने 87.54 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक जीता।

## वाराणसी में कार–ट्रक की टक्कर में 8 की मौत

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को वाराणसी–लखनऊ मार्ग पर एक कार और ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।




**चूहा-सुनती हो**-महाराष्ट्र के अस्पतालों में होने वाली मौतें त्रासदी बनती जा रही हैं।

**चुहिया- हां प्रिये**- सत्ता के खेल में उलझे सत्ताधीशों को स्वास्थ्य की चिंता कहां?

# प्रधानमंत्री आज जबलपुर में करेंगे रोड-शो, लेंगे सभा



### 12600 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

### गैरीसन ग्राउंड में होगी सभा



### प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में म.प्र. कर रहा अभूतपूर्व विकास : शिवराज

**जबलपुर, देशबन्धु।** आज 5 अक्टूबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जबलपुर आ रहे है। प्रधानमंत्री 12600 करोड़ के विकास कार्य का भूमिपूजन करेंगे और गैरीसन मैदान में 5 अक्टूबर गुरुवार को अपरांह 3.00 बजे एक विशाल आम सभा को संबोधित करेंगे। उनके जबलपुर आगमन को लेकर तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। नरेन्द्र मोदी की सभा में करीब एक लाख से अधिक लोगों के आने का दावा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री की सुनने के लिए जबलपुर सहित छिंदवाड़ा, कटनी, डिंडोरी, नरसिंहपुर, मंडला, बालाघाट से 5 अक्टूबर को लोग आएंगे। प्रधानमंत्री नागपुर गैस पाइप लाईन विजयपुर ओंरैया गैस पाइप लाइन परियोजना सहित अन्य विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी लगभग पूरी हो गई है। प्रधानमंत्री 5 अक्टूबर को दोपहर करीब बजे एयरपोर्ट पहुंचेंगे। उसके बाद बुलेट प्रूफ कार में सवार होकर एसपीजी के अधिकारी और जवानों के बीच कार में शामिल होकर सभा स्थल तक पहुंचेंगे।

प्रधानमंत्री के जबलपुर आगमन पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि यह सौभाग्य का विषय है कि श्री मोदी प्रदेश के सघन दौरे कर रहे हैं और बड़ी सौगातें दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश की भाजपा सरकार अभूतपूर्व विकास कार्य और व्यापक जनहित की योजनाएं लागू कर रही हैं।

## मोदी सरकार का महिलाओं को तोहफा

# उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को अब 600 में मिलेगी रसोई गैस



**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए सब्सिडी राशि 200 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति एलपीजी सिलेंडर कर दी है।

बुधवार सुबह केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका ऐलान किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि अब उज्जवला गैस वालों को 600 में सिलेंडर मिलेगा।

इसके अलावा अनुराग ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने तेलंगाना में सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी खोलने की भी मंजूरी दे दी है। इस यूनिवर्सिटी पर 889 करोड़ रुपए की लागत आएगी। वहीं केंद्रीय कैबिनेट ने केंद्रीय टर्मरिक बोर्ड बनाने की भी मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह दोनों ही घोषणाएं 2 दिन पहले तेलंगाना में की थी। भारत हल्दी

### सब्सिडी राशि 200 से बढ़ाकर 300 की

### टर्मरिक बोर्ड को मंजूरी

का सबसे बड़ा उत्पादक और खपत करने वाला देश है। भारत में हल्दी के निर्यात का लक्ष्य 8400 करोड़ रुपए है। अब इसके लिए बोर्ड के गठन से लक्ष्य को पूरा करने में काफी मदद मिलेगी। उज्ज्वला योजना तहत 9.60 करोड़ गैस कनेक्शन बांटे जा चुके हैं। अगले तीन वित्त वर्ष में 75 लाख कनेक्शन और दिए जाएंगे।



# बोले-"महिला सशक्तिकरण की आवाज हूं .. मैं शिवराज हूं"

### मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना की बढ़ी हुई राशि रूपए 1250 की किस्त जारी की

### सिंगल क्लिक से 1 करोड़ 31 लाख बहनों के खातों में जारी किए 1597 करोड़ रूपए

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुरहानपुर महिला सम्मेलन में एक करोड़ 31 लाख लाड़ली बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से 1597 करोड़ रूपए अंतरित किए। इस माह बहनों को बढ़ी हुई राशि के रूप में 1250 रूपए की किस्त जारी की गई है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं महिला सशक्तिकरण की आवाज हूं, मैं शिवराज हूं।

उन्होंने कहा कि बहनें शासन–प्रशासन की गतिविधियों में भाग लें, इसी उद्देश्य से नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनावों में महिला आरक्षण की व्यवस्था की गई। पुलिस में बेटियों की 30 प्रतिशत भर्ती आरंभ की गई, इसे बढ़ाकर 35 प्रतिशत किया जाएगा। पुलिस में बड़ी संख्या में बेटियों के आने से बहन–बेटियों की सुनवाई अधिक संवदेनशीलता से हो रही है। मैं बेटियों को बोझ नहीं वरदान बनाने और बहनों को मजबूर नहीं मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

मुझे बहनों की आंखों के आंसू पोंछने, उन पर हो रहे अत्याचार और अन्याय समाप्त करने के लिए ही भगवान ने धरती पर भेजा है। हमने प्रदेश में तय किया कि जो भी मासूम बेटियों के साथ दुराचार करेगा, उसे फांसी के फंदे पर लटका दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बुरहानपुर जिले में 182 करोड़ 72 लाख रूपए की लागत से बने 26 कार्यों का लोकार्पण तथा 219 करोड़ 60 लाख रूपए की लागत के 19 कार्यों का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया। लोकार्पण के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 68 करोड़ 21 लाख की लागत से बने असीर–धूलकोट–घाटाखेड़ी मार्ग, 38 करोड़ 82 लाख की लागत से नेपानगर रेलवे क्रासिंग पर बने ओव्हर ब्रिज, 50 सीटर डिग्री कॉलेज भवन धूलकोट, ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# सिक्किम में बादल फटने से 43 लोग लापता, 23 जवान भी हैं शामिल

### 5 की मौत, कैंप और 41 गाड़ियां भी डूबीं



**गंगटोक, (एजेंसियां)।** सिक्किम में बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने की वजह से 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 43 लोग लापता हो गए। इनमें सेना के 23 जवान हैं।

नदी से लगे इलाके में ही आर्मी कैंप था, जो बाढ़ की चपेट में आने के बाद बह गया और यहां खड़ी 41 गाड़ियां डूब गईं। आसपास के 4 हजार लोगों को 5 राहत शिविरों में सुरक्षित पहुंचा दिया गया है। बाढ़ की वजह से राज्य को देश से जोड़ने वाला नेशनल हाईवे भी बह गया। इसकी वजह से आवागमन की सुविधा बंद हो गई है। ल्होनक झील के ऊपर बादल फटने से लाचेन घाटी में तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई। नदी का

### राज्य को देश से जोड़ने वाला हाईवे भी बहा

जलस्तर अचानक 15 से 20 फिट तक बढ़ गया। इसके बाद नदी से लगे आसपास के इलाकों में पानी भर गया। कई घरों में भी नदी का पानी घुस आया। लोग घर छोड़कर सुरक्षित इलाकों में चले गए। सिक्किम में बादल फटने के बाद पश्चिम बंगाल के कलिम्पोंग में भी बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। राज्य के मुख्य सचिव एचके द्विवेदी ने बताया- तीस्ता बैराज से तीन शव बरामद किए गए हैं। उनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की स्थिति जानने के लिए मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से बातचीत की। उन्हें मदद देने का आश्वासन दिया।

**राहत व बचाव अभियान किया शुरू**

हादसे के बाद सेना के लापता जवानों की तलाशी के लिए राहत व बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। स्थानीय प्रशासन भी अपने स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। हालांकि जानमाल के नुकसान को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

## रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार का ऐलान

# क्वांटम डॉट्स की खोज करने वाले तीन वैज्ञानिकों को मिला सम्मान

### मौंगी जी. बावेंडी, लुईस ई. ब्रूस व एलेक्सी आई. एकिमोव को पुरस्कार



**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) से मौंगी जी. बावेंडी, कोलंबिया विश्वविद्यालय से लुईस ई. ब्रूस और नैनोक्रिस्टल टेक्नोलॉजी में काम करने वाले एलेक्सी आई. एकिमोव को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में 2023 के नोबेल पुरस्कार से सम्मनित किया। अकादमी ने एक बयान में कहा, रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार 2023 क्वांटम डॉट्स की खोज और संश्लेषण के लिए दिया गया है। नैनोटेक्नोलॉजी के ये सबसे छोटे घटक अब टेलीविजन और एलईडी लैंप से अपनी रोशनी फैलाते हैं, और कई ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# शराब घोटाला मामले में ईडी ने 'आप' सांसद संजय सिंह को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** शराब घोटाला मामले में पूछताछ के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार सुबह से ही संजय सिंह के आवास पर ईडी की छापेमारी चल रही थी।

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया शराब घोटाले मामले में पहले से ही तिहाड़ जेल में बंद हैं। आम आदमी पार्टी ने इसको लेकर सरकार पर निशाना साधा है। संजय सिंह की गिरफ्तारी की जैसे ही खबर सामने आई उनके आवास पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जमा हो गए। करीब 10 घंटे पूछताछ के बाद ईडी ने यह कार्रवाई की है। इससे पहले इसी मामले में सांसद के कई अन्य करीबी लोगों के परिसरों की तलाशी ली गई थी। संजय सिंह की गिरफ्तारी की खबर सामने आने के बाद आम आदमी पार्टी में हलचल मच गई है।

**कुछ डीलरों को फायदा पहुंचाने का आरोप-** ऐसा आरोप है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने के लिए दिल्ली सरकार की 2021-22 के लिए लाई गई आबकारी नीति ने गुटबंदी को बढ़ावा दिया और कुछ डीलरों को फायदा पहुंचाया जिन्होंने इसके लिए कथित तौर पर रिश्वत दी थी। आप ने इस



आरोप का खंडन किया है। दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से इस मामले की जांच कराने की सिफारिश करने के बाद इस नीति को रद्द कर दिया गया था।

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ।पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलिटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

**त्रासदी**

### नांदेड़ में मृतकों की संख्या 35 तक पहुंची

# अब नागपुर के मेयो अस्पताल में 24 घंटे में 25 लोगों की मौत

**नागपुर, (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र के शासकीय अस्पताल इन दिनों मौत की त्रासदी का अड्डा बनते जा रहे हैं। नांदेड़ के बाद अब नागपुर के सरकारी मेयो अस्पताल में विभिन्न कारणों से बुधवार सुबह तक 24 घंटे में कम से कम 25 मरीजों की जान चली गई, जिससे राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली पर नए सवाल खड़े हो गए हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने सुबह एक एक्स पोस्ट में नई मौतों पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'डर यहीं खत्म नहीं होता है और स्वास्थ्य प्रणाली ध्वस्त हो गई है और सरकार सो रही है।

सुले ने कहा, ठाणे, नांदेड़ और छत्रपति संभाजीनगर (घटनाओं) के बाद अब नागपुर में भी 25 मरीजों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री के पास नई दिल्ली जाने का समय है, लेकिन इन अस्पतालों का दौरा करने का समय नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन नेताओं के लिए महाराष्ट्र के लोगों की जान की कोई कीमत नहीं है और राज्य में चिकित्सा आपूर्ति की कमी है। नागपुर राज्य की दूसरी राजधानी है और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस तथा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के अलावा अन्य प्रमुख विपक्षी नेताओं का गृह नगर है।

अधिकारियों के अनुसार, इस बीच, डॉ. शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (नांदेड़) में मरने वालों की संख्या बढ़कर 35 हो गई, जबकि घाटी अस्पताल (छत्रपति



संभाजीनगर) में मरने वालों की संख्या 10 से बढ़कर 18 हो गई। विधानसभा में कांग्रेस के नेता विपक्ष विजय वडेट्टीवार आज दो अस्पतालों के दौरे पर जाने वाले हैं, जबकि शिवसेना (यूबीटी) के नेता विपक्ष (विधान परिषद) अंबादास दानवे ने आज सुबह नांदेड़ अस्पताल का दौरा किया।

# देश-विदेश

## कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़, दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में बुधवार को दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम जिले के कुज्जर गांव में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने कहा, मारे गए आतंकवादियों के शव बरामद किए जा रहे हैं। घेराबंदी और तलाशी अभियान अभी भी जारी है। इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद सुरक्षा बलों ने बुधवार सुबह ही घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया था।

# चीन की परमाणु पनडुब्बी पीले सागर में दुर्घटनाग्रस्तः 55 नौसैनिकों की मौत!



**बीजिंग।** चीन की एक परमाणु पनडुब्बी पीले सागर में दुर्घटना का शिकार हो गई। इस हादसे में 55 लोगों के मारे जाने का आशंका है। कहा जा रहा है कि यह पनडुब्बी ब्रिटिश जहाजों को अपने जाल में फंसाना चाहती थी लेकिन वह खुद हादसे का शिकार हो गई यूके की एक सीक्रेट रिपोर्ट में इसका खुलासा किया गया है। ऑक्सीजन सिस्टम में खराबी के कारण पनडुब्बी दुर्घटना का शिकार हो गई। मरने वालों में पनडुब्बी 093-417 का कैप्टन और 21 अधिकारी भी शामिल हैं। हालांकि, चीन ने आधिकारिक तौर पर इस घटना से इनकार कर दिया है। बताया जा रहा है चीन ने अंतरराष्ट्रीय मदद लेने भी इनकार कर दिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि यह हादसा 21 अगस्त हो हुआ था।

रिपोर्ट में बताया गया है कि घटना स्थानीय समय के मुताबिक 8।12 बजे हुई। इस दुर्घटना में 55 नौसैनिकों की मौत हो गई। इसमें 22 ऑफिसर्स, 7 ऑफिसर कैडेट, 9 जूनियर ऑफिसर और 17 नाविक शामिल हैं। मृतकों में कैप्टन कर्नल जू योंग-पेंग भी शामिल हैं। बता दें कि इस घटना पर चीन खामोश है। अभी तक उसने इस घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। बता दें कि यूके की ये रिपोर्ट डिफेंस इटेलिजेंस पर बेस्ड है।

# भारत की सख्ती से ढीले पड़े कनाडा के तेवर, अकेले में बात कर निकालना चाहता है मामले का हल

## कनाडाई मंत्री ने कहा- हम भारत सरकार के संपर्क में है

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी निज्जर की कनाडा में हत्या के बाद भारत-कनाडा के बीच छिड़े विवाद के बाद भारत ने कनाडा से अपने 41 राजनयिकों को वापस बुलाने के लिए कहा। जिसके बाद कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा कि देश राजनयिक संकट को हल करने के लिए नई दिल्ली के साथ निजी बातचीत करना चाहता है।

कनाडाई मंत्री ने कहा, हम भारत सरकार के संपर्क में हैं। हम कनाडाई राजनयिकों की सुरक्षा को बहुत गंभीरता से लेते हैं और हम निजी तौर पर बातचीत करना जारी रखेंगे क्योंकि हमारा मानना है कि राजनयिक बातचीत तब सबसे अच्छी होती है जब वे निजी रहती हैं।



गौरतलब है कि मंगलवार को भारत ने कनाडा से 10 अक्टूबर तक लगभग 40 राजनयिकों को वापस बुलाने के लिए कहा। रिपोर्टों के अनुसार, सरकार ने समय सीमा के बाद देश में रहने वाले किसी भी कनाडाई राजनयिक की राजनयिक प्रतिरक्षा छीनने की भी धमकी दी है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने कनाडा से भारत में अपनी राजनयिक उपस्थिति 62 से घटाकर 41 राजनयिकों तक करने का अनुरोध किया है। हालांकि, अभी तक न तो भारत और न ही कनाडा ने आधिकारिक तौर पर ऐसी किसी रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी है।

मंगलवार को ही कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि उनका देश भारत के साथ विवादपूर्ण स्थिति को आगे बढ़ाने पर विचार नहीं कर रहा है। कनाडा नई दिल्ली के साथ जिम्मेदारीपूर्वक और रचनात्मक रूप से जुड़ना जारी रखेगा।

# आदित्य एल-1 तय कर चुका है चंद्रयान से चार गुना लंबा सफर



**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का महत्वाकांक्षी सूर्य मिशन अपने लक्ष्य की ओर लंबा सफर तय कर चुका है। आदित्य एल1 मिशन की प्रोजेक्ट डायरेक्टर निगार शाजी ने एक साक्षात्कार के दौरान बताया कि आदित्य अब पृथ्वी से 10 लाख किलोमीटर दूर चला गया है और जनवरी के पहले सप्ताह में ही यह अपने गंतव्य पर पहुंच जाएगा। बता दें कि एल1 पॉइंट की दूरी पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर की है जहां तक आदित्य मिशन को जाना है। हालांकि आगे का पांच लाख किलोमीटर का रास्ता बेहद सावधानी से तय करना है। पृथ्वी और सूर्य दोनों की ओर से लगने वाले गुरुत्वाकर्षण को बैलेंस करके आगे का सफर तय करना होगा। इसरो ने इससे पहले चंद्रयान को चंद्रमा पर भेजा था। पृथ्वी से चांद की दूरी 3 लाख 84 हजार 400 किलोमीटर के लगभग है। ऐसे में सूर्य मिशन अब तक चंद्रयान से चार गुना ज्यादा दूरी तय कर चुका है। निगार ने कहा, हम पहली बार एल1 पर जा रहे हैं। यह एक ऐसा काल्पिनिक पॉइंट है जहां धरती और सूर्य दोनों का गुरुत्वाकर्षण बैलेंस हो जाता है।

# प्रबीर पुरकायस्थ को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली, (देशबन्धु)।** गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत के तहत गिरफ्तार न्यूज पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को बुधवार को एक अदालत ने सात दिनों के लिए दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेज दिया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मंगलवार को लंबी पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था और आज उन्हें अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने कल न्यूजक्लिक परिसरों और इससे जुड़े पत्रकारों के दिल्ली एनसीआर स्थित आवासों पर छापेमारी की थी। इस दौरान पुलिस की स्पेशल सेल ने 46 संदिग्धों से पूछताछ की थी। पुलिस ने कई संदिग्ध लोगों के मोबाइल फोन, लैपटॉप, कंप्यूटर आदि जब्त कर लिये थे। पुलिस ने छापेमारी के बाद न्यूजक्लि का कार्यालय सील कर दिया था।

**निशाना बनाया जाने का लगाया आरोप**

न्यूजक्लिक पर चीन से आर्थिक मदद लेकर अपने पोर्टल के जरिए भारत विरोधी एजेंडा चलाने का आरोप है। न्यूजक्लिक ने एक बयान जारी करके पुलिस के आरोपों का खंडन किया है। बयान में कहा गया है कि न्यूजक्लिक पोर्टल पर जारी खबरें कोई भी देख सकता है। जहां तक आर्थिक मदद का सवाल है, न्यूजक्लिक ने भारत सरकार द्वारा तय दिशानिर्देशों और यहां के कानूनों के तहत लेनदेन की है। इसके संबंध में संबंधित सरकारी विभागों को समय पर जानकारी दी गई थी।

# प्रथम पृष्ठ का शेष

**बोले महिला सशक्तिकरण....**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नेपानगर, शाही किला बुरहानपुर में लाईट एंड साउंड प्रोग्राम की व्यवस्था तथा अन्य कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 145 करोड़ की पांगरी मध्यम सिंचाई परियोजना, 23 करोड़ की इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर स्थित 13.80 किलोमीटर लंबे नेपाफाटा से नेपानगर मार्ग निर्माण सहित अन्य कार्यों का भूमिपूजन भी किया।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना, बहनों के आत्म-सम्मान और आत्म-विश्वास को बढ़ाने के लिए आरंभ की गई है। बहनें योजना में मिल रही राशि का सही उपयोग करें और अपनी जिन्दगी बदलें। हम हर बहन की प्रतिमाह आय 10 हजार रूपए करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। मेरे लिए वो दिन चैन और संतोष का होगा जिस दिन एक हजार बेटों पर समान लिंगानुपात में एक हजार बेटियां जन्म लेंगी। प्रदेश में बेटा और बेटी बराबर हों।

मुख्यमंत्री श्री चौहान का जनप्रतिनिधियों ने बड़ी पुष्प माला से स्वागत किया। बहनों द्वारा आरती उतारने और उनके स्वरचित गीतों की प्रस्तुति से भावुक होकर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं वचन देता हूँ कि बहनों के जीवन में कभी अंधेरा नहीं रहने दूंगा। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की आवाज हूँ - मैं शिवराज हूँ, महिला सशक्तिकरण मेरे लिए जीवन का मिशन है, मुझे बहन-बेटियों में जगत जननी भवानी के दर्शन होते हैं।

**आकर्षण का केन्द्र रहा केले के रेशे से बना फोटो फ्रेंम-** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दीप प्रज्जवलित एवं कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महिला सम्मेलन में मौजूद बहनों का मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान की बहनों ने आरती तथा नजर उतारकर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान को स्व-सहायता समूह की बहनों ने एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत केले के रेशे से बनाए फोटो फ्रेम भेंट किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान को बुरहानपुर के पर्यटन स्थलों की एक झलक पर आधारित प्रतिकृति भेंट की गई।

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किए हितलाभ वितरित-** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सीखो-कमाओ योजना, एम.एस.एम.ई. प्रोत्साहन योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये। जय श्री राम स्व-सहायता समूह को कच्ची घानी तेल के लिए तीन लाख रूपए का चेक प्रदान किया गया। ग्राम हिंगना रैयत की राशन दुकान का आवंटन स्व-सहायता समूह को किया गया। श्री अमित पाटिल को केला यूनिट लगाने और सुश्री वैष्णवी शिंदे को ग्राम बोरसर में कस्टम हायरिंग केन्द्र के लिए आर्थिक सहयोग का चेक प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण मंत्री तथा बुरहानपुर के प्रभारी श्री प्रेम सिंह पटेल, सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर श्रीमती माधुरी पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गंगाराम मार्को, विधायकगण, नगरीय निकायों तथा पंचायतों के पदाधिकारी, पूर्व मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनीस तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**क्वांटम डॉट्स....**

अन्य चीजों के अलावा ट्यूमर ऊतक को हटाते समय सर्जनों का मार्गदर्शन भी कर सकते हैं। 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना की पुरस्कार राशि विजेताओं के बीच समान रूप से साझा की जाएगी।

रसायन विज्ञान के लिए नोबेल समिति के अध्यक्ष जोहान एक्विस्ट ने कहा, 'क्वांटम डॉट्स में कई आकर्षक और असामान्य गुण हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि उनके साइज के आधार पर उनके अलग-अलग रंग होते हैं।' क्वांटम डॉट्स अब क्यूएलईडी तकनीक पर आधारित कंप्यूटर मॉनिटर और टेलीविजन स्क्रीन को रोशन करते हैं। वे कुछ एलईडी लैंप की रोशनी में बारीकियां भी जोड़ते हैं, और बायोकेमिस्ट और डॉक्टर उनका उपयोग जैविक ऊतकों को मैप करने के लिए करते हैं। भौतिक विज्ञानी लंबे समय से जानते थे कि सैद्धांतिक रूप से आकार-निर्भर क्वांटम प्रभाव नैनोकणों में उत्पन्न हो सकते हैं, लेकिन उस समय नैनो-आयामों में नकाशी करना लगभग असंभव था। इसलिए, कुछ लोगों का मानना था कि इस ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग किया जाएगा।

---

**न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर जिला- जबलपुर**
रा.प्र.क्रं. 057/अ-6/2023-24
**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम महेशपुर प.ह.नं. 662 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया किया जाता है कि आवेदक कामता प्रसाद व अन्य पिता संतोष विश्वकर्मा निवासी सभी निवासी 512 फूटाताल बढ़ई मोहल्ला जबलपुर के द्वारा ग्राम महेशपुर बंदोबस्त नंबर 662 प.ह.नं... 06 में स्थित भूमि खसरा नंबर 37/3 में से रकवा 0.0010 हेक्टेयर पर राजस्व अभिलेख में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 03.10.2023
पेशी दिनांक - 06.10.2023

तहसीदान गोरखपुर
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
र.नं. 1324 गोरखपुर, जबलपुर

---

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/0780/अ-6/2023-2024
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल चौबे, विजय चौबे, रंजना चौबे/ स्व. भगवानदास चौबे नि. रांझी जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. ... निर्मित/रकवा ... वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम रांझी प.ह.नं. ... खसरा नं. 141 /1 रकवा 0.179 व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग पत्र/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक .... मृत्यु दिनांक 25/01/2021 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, ... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न पटवारी नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. ... निर्मित/ रकवा ... वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम रांझी प.ह.नं. ... खसरा नं. 141/1 रकवा 0.179 व.फु./हे. भगवान दास/ भइया लाल के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 06/10/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 22/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 22/09/2023
पेशी दिनांक 06/10/2023

र.नं. 1343 तहसीलदार, रांझी, जबलपुर

---

**न्यायालय अपर कलेक्टर (रांझी), जबलपुर**
क्रमांक 113 / अपर कले. / रांझी / 2023
जबलपुर दिनांक 29/9/2023
**आम इश्तहार**

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती वीणा चौबे पति दिनेश कुमार चौबे निवासी राजकुमारी भवन, ड्यूपलेक्स नं. 2 पुराना सांई बाबा मंदिर के सामने साउथ सिविल लाइन जबलपुर द्वारा सिविल स्टेशन नजूल ब्लाक ने 32 प्लाट नं 13/8 कुल रकवा 960 वर्गफुट आवासीय भूमि स्थाई पट्टे का भूमि स्वामी अधिकार में संपरिर्वतन किये जाने हेतु म.प्र. शासन राजस्व विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल क्रमांक एफ-6-75-2019 सात शा. तीन भोपाल दिनांक 24 सितम्बर 2020 म.प्र. नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश अध्याय 8 के प्रारूप 15 में आवेदन किया गया है। उक्त भू-खण्ड पर शासकीय अभिलेखों में आवेदक का नाम दर्ज है।

प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर इस न्यायालय में प्रचलित कार्यवाही के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर सूचना जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के भीतर न्यायालय अपर कलेक्टर रांझी जबलपुर के कक्ष कमांक 42 में लिखित रूप में अपना पक्ष / आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। तदोपरान्त प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

र.नं. 1344 अपर कलेक्टर, जबलपुर

---

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं रोहित डेनियल पिता गोविंद डेनियल सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे विद्यालयीन शैक्षणिक अंकसूचियों जैसे कक्षा 5वीं, 7वीं, 8वीं एवं मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड में मेरा नाम रोहित डेनियल दर्ज है जबकि मेरी कक्षा 10वीं की अंकसूची में मेरा नाम रोहित डुमार दर्ज है जो कि दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के हैं। यह कि मैं अब रोहित डेनियल के नाम से जाना जाता हूं अतः भविष्य में मुझे रोहित डेनियल के नाम से जाना, पहचाना, पढ़ा-लिखा व दर्ज किया जावे।

| पुराना नाम- | नया नाम |
|---|---|
| रोहित डुमार ROHIT DUMAR | रोहित डेनियल ROHIT DENIYAL |

म.नं. 2000 सिद्धबाबा वार्ड
लालमाटी कुशवाहा समाज स्कूल के
र.नं. 1321 पास जबलपुर म.प्र.

---

**निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**
रा.प्र.क्रं.0728/अ-6/2023-24
**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रविन्द्र कुमार टिकेकर निवासी- म.नं. 314/6 शुभंकर अपार्टमेंट कृपाल चौक गुप्तेश्वर मार्ग, प्रेमनगर जिला जबलपुर (म.प्र.) के द्वारा मौजा हाथीताल प.ह.नं. 753 खसरा नं. 82/1 डाय. शीट नं. डाय. प्लाट नं. 16/18 रकवा 585 वर्गफुट पर फौती दर्ज करते हुए आवेदकगण अपना नाम दर्ज करने हेतु से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/बटवारा नामा/ हस्तान्तरण पत्र फौती/हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 04.10.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयाविधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 22.09.23 को जारी।
जारी दिनांक - 22.09.2023
पेशी दिनांक - 04.10.2023

नायब तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
र.नं. 1338 गोरखपुर, जबलपुर

---

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं./0770/अ-6/2023-24
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष जायसवाल/ स्व. लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल नि.- भरतीपुर जबलपुर ने नजूल शीट नं. 98 प्लाट नं. 57, 58 निर्मित रकवा/ रकवा 4934 व.फु. का हिस्सा 566 व.फुट ग्राम भरतीपुर प.ह.नं. .. खसरा नं.....रकवा.. व.फु./हे. विक्रय पत्र दिनांक 03/11/1973 मृत्यु दिनांक 01/09/2020 हो हो जाने के काररण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, .... खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल शी नं. 98 प्लाट नं. 57, 58 निर्मित रकवा/ रकवा 4934 व.फु. का हिस्सा 566 वर्गफुट ग्राम भरतीपुर प.ह.नं. खसरा नं.... रकवा... व.फु./हे. प्रेमचंद/ लेखचंद परवार के नाम दर्ज है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 6.10.23 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 15.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 15.09.2023
पेशी दिनांक - 06.10.2023

तहसीलदार
र.नं. 1336 रांझी, जबलपुर

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**
रा.प्र.क्रं.0937/अ-6/2023-24
**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति चंद कली बाई पति स्व. शंभूनाथ गुप्ता वगैरा निवासी 649 हाथीताल गुरुद्वारा के पास, गुप्तेश्वर वार्ड जबलपुर के द्वारा मौजा हाथीताल प.ह.नं. 31 खसरा नं. 90/51 डाय. शीट नं. डाय. प्लाट नं... रकवा 1100 वर्गफुट को रजि. विक्रय दिनांक.. के माध्यम से विक्रेता.. से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने मृत्यु प्रमाण पत्र/ फौती की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 13.10.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयाविधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 18.09.23 को जारी।
जारी दिनांक - 18.09.2023
पेशी दिनांक - 13.10.2023

नायब तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
र.नं. 1335 गोरखपुर, जबलपुर

---

**न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**
रा.प्र.क्रं.0977/अ-6/2023-24
**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सिद्धनारायण प्रजापति पिता स्व. रामचरण प्रजापति निवासी- म.नं. 1954, तलवार कंपाउंड के सामने, मेन रोड, छापर, रामपुर जबलपुर म.प्र. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर मौजा रामपुर नं.बं. 1 प.ह.नं. 32 नया 9, रा.नि.मं. गोरखपुर तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर स्थित प.ख.नं. 22/11 एवं डायवर्सन खसरा नं. 22/3 शीट नं. 1 प्लाट नं. 38/1 का रकवा 510 व.फु. संपत्ति पर अपने पिता श्री रामचरण प्रजापति की मृत्यु दिनांक 20.09.1994 के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है।

अतः उपरोक्त फौती नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 09.10.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयाविधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 25.09.23 को जारी।
जारी दिनांक - 25.09.2023
पेशी दिनांक - 09.10.2023

नायब तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
र.नं. 1323 गोरखपुर, जबलपुर

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
**// निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-479 04/10/2023 | पं. भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थलों में सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य। | 03 माह 28.51 लाख | 2000/- 21390/- | 06/11/2023 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**

---

**In The Court of XXI, Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur presiding Officer:**
**फरहान मसूद कुरैशी**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**
**(RCSA/ 0000192/2023)**

श्रीमती पुष्पलता साहू ............वादी
**Vs**
आम जनता.... .....प्रतिवादी
**Process Id**- 1163/2023
पेशी दि.:-06/10/2023

प्रेषिती-(1) आम जनता पता- आम जनता

यह कि प्रार्थी श्रीमती पुष्पलता साहू ने आपके विरूद्ध सिविल सूट ए दावा वास्ते घोषणा वाद मूल्यांकन 1000 रूपये न्याय शुल्क 500 रूपये चस्पा के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 14 सितम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ दावा वास्ते घोषणा मूल्यांकन 1000 रूपये न्याय शुल्क 500 रूपये चस्पा की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(फरहान एम. कुरैशी)**
**इक्कीसवें व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, जबलपुर (म.प्र.)**

---

**In The Court of XXI, Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur presiding Officer:**
**फरहान मसूद कुरैशी**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**
**(RCSA/ 0000836/2023)**

गिरजा बाई............वादी
**Vs**
आम जनता.... .....प्रतिवादी
**Process Id**- /2023
पेशी दि.:-18/10/2023

प्रेषिती-(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी गिरजा बाई ने आपके विरूद्ध सिविल सूट वाद पत्र वास्ते घोषणा हेतु। के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 25 सितम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- उपस्थिति एवं प्रकाशन नोटिस के साथ वाद पत्र वास्ते घोषणा हेतु की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(फरहान एम. कुरैशी)**
**इक्कीसवें व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड,**
र.नं. 1342 **जबलपुर (म.प्र.)**

---

**इश्तहार प्रकाशन**

मेरे पक्षकार रामकृष्ण राजपूत आ. श्री गेंदालाल राजपूत, ग्राम उकासघाट (सीरेगांव) तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर द्वारा इस इश्तहार प्रकाशन के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने अपनी बहिन प्रीति राजपूत पत्नी श्री रामस्वरूप राजपूत पुत्री गेंदालाल राजपूत है। मेरे पक्षकार की बहिन प्रीति राजपूत अपनी ससुराल ग्राम खण्डराज तहसील बरेली, जिला रायसेन म.प्र. से ग्राम खण्डराज के रघुराज राजपूत के साथ दिनांक 10/04/2023 को अपनी मर्जी से चली गई थी जिसकी सूचना थाना बरेली में मेरे बहनोई रामस्वरूप राजपूत द्वारा दर्ज कराई गई है दिनांक 10/04/2023 के बाद से मेरे पिता गेंदालाल राजपूत व मेरे व सभी परिजन ने सहमति अनुसार प्रति राजपूत पुत्री गेंदालाल राजपूत से समस्त संबंध समाप्त कर घर से सम्पति से बच्चों के संरक्षण से बेदखल कर दिया है जिसकी घोषणा इस प्रकाशन के माध्यम से दी जा रही है कि आज दिनांक से हमारा प्रीति राजपूत पुत्री गेंदालाल राजपूत से कोई संबंध नाता नहीं है उसे घर से सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में प्रीति राजपूत किसी प्रकार का दावा आपत्ति एतराज करे तो वह शून्य माना जावेगा। प्रीति राजपूत द्वारा किसी प्रकार की घटना व कार्य किया जाता है तो उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

**भवदीय**
**रामकृष्ण राजपूत**
**आ. श्री गेंदालाल राजपूत**
**द्वारा- गोपाल मेहरा (अधिवक्ता)**
**सिविल कोर्ट गाडरवारा**

---

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, गाडरवारा, जिला - नरसिंहपुर (म.प्र.)

(Near Water Tank, Gadarwara, E-Mail-cmogadarwada@mpurban.gov.in)

पत्र क्र. 960/ई-टेण्डर/2023-24 गाडरवारा, दिनांक-04/10/2023

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_314541_1 04/10/2023 | आजाद वार्ड में पेट्रोल पप से मदारिया जी के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (प्रोजेक्ट नं. PW1-465-21-070) | 02 माह 884744.00 | 2000.00 8850.00 | 23.10.2023 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

| (श्री पं. शिवाकान्त मिश्रा) | (श्री सुरेन्द्र गूजर) | (श्रीमती जयश्री चौहान) |
|---|---|---|
| अध्यक्ष, | सभापति | मुख्य नगरपालिका अधिकारी, |
| नगर पालिका परिषद, गाडरवारा | लोक निर्माण शाखा, गाडरवारा | नगर पालिका परिषद, गाडरवारा |

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- jabdesh1@yahoo.com

# देश-प्रदेश

उवाच

## 'शक्ति योजना' ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सिद्दारमैया के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार की शक्ति योजना की सराहा है। उन्होंने कहा कि इसने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। यह गर्व की बात है कि हमारा शासन मॉडल यह सुनिश्चित कर रहा है कि राज्य की महिलाओं को उनका अधिकार मिले। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कर्नाटक में लक्ष्मी, वंदना, पूजा और उनके जैसी लाखों महिलाओं को कांग्रेस सरकार की शक्ति योजना द्वारा सशक्त बनाया गया है, जो मुफ्त बस यात्रा प्रदान कर रही है।



सार-समाचार

## प्रियंका धार आएंगी



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी धार जिले के मोहनखेड़ा में आमसभा को सम्बोधित करेंगी। कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी गुरुवार 5 अक्टूबर को सुबह सवा 9 बजे दिल्ली से विशेष वायुयान से प्रस्थान कर पूर्वान्ह पौने 11 बजे इंदौर हवाई अड्डे पर पहुंचेगी। इसके बाद वह धार जिले के मोहनखेड़ा के लिए रवाना होगी और साढ़े 11 बजे मोहनखेड़ा पहुंचेगी। श्रीमती गांधी यहां जैन तीर्थ स्थल का दर्शन और तीर्थ स्थल के ट्रस्टों के प्रतिनिधियों द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भाग लेंगी। इसके बाद वह सवा 12 बजे आदिवासी जननायक क्रांतिकारी नेता, स्वतंत्रता संगाम सेनानी अमर शहीद टंट्या मामा की प्रतिमा के अनवारण कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके बाद श्रीमती गांधी मोहनखेड़ा में कांग्रेस द्वारा आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगी। प्रियंका दोपहर पौने 3 बजे इंदौर के लिए रवाना होंगी और यहां पहुंचकर विशेष विमान से वापस दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी।

## ईडी ने अभिषेक बनर्जी को 9 अक्टूबर को किया तलब

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में स्कूल नौकरी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को पूछताछ के लिए नया नोटिस जारी किया है। उन्हें साल्ट लेक स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित रहने को कहा गया है। इससे पहले जांच एजेंसी ने अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा नरूला बनर्जी को भी एक नोटिस जारी किया था और उन्हें अगले सप्ताह उसी कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा था। अभिषेक बनर्जी को मंगलवार को ईडी के सामने पेश होना था। लेकिन नई दिल्ली में राजनीतिक व्यस्तताओं के कारण वह उस समन पर नहीं जा पाए।

## पटाखा इकाई विस्फोट में 4 की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मयिलादुथुराई जिले के तरंगमबाड़ी तालुक के थिलायाडी गांव में बुधवार को एक पटाखा निर्माण इकाई एवं गोदाम में विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 15:30 बजे गोदाम एवं पटाखा बनाने वाली इकाई में आग लगने के बाद हुए विस्फोट में कई लोग घायल हो गए। प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया है कि विस्फोट से गोदाम क्षतिग्रस्त हो गया। यह तुरंत पता नहीं चल सका कि मलबे के नीचे कितने लोग फंसे हुए हैं। पुलिस मुख्यालय में प्राप्त रिपोर्टों में कहा गया है कि विस्फोट में चार लोग मारे गए।

## मराठों को आरक्षण दिया जाना चाहिए : तटकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के अध्यक्ष और सांसद सुनील तटकरे ने स्पष्ट किया कि मराठा समुदाय के लिए आरक्षण पर उनकी पार्टी की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी। उन्होंने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को खतरे में डाले बिना मराठों को आरक्षण दिया जाना चाहिए। वह सरकार से बिहार की तर्ज पर जातिवार जनगणना कराने की मांग करेंगे। ऐसा नहीं है कि मराठा समुदाय के सदस्य केवल आज ही आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। वास्तव में, आज सभी समुदाय आरक्षण की मांग कर रहे हैं।

### बालाघाट में पुलिस के क्रम-पूर्व पदोन्नति अलंकरण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री, जवानों से बोले-

# आप अपनी ड्यूटी पूरा करें, मैं आपके साथ खड़ा रहूंगा

### माँ-बहन और बेटी का सम्मान सर्वोपरित है

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वीर जवानों ने वीरता, पराक्रम, शौर्य और हिम्मत से एक नया इतिहास रचा है। वीर जवान हिम्मत से भरे हुए हैं। आपके शौर्य और प्रताप को प्रणाम योग्य है। वीर जवानों ने एक साल में 91 लाख के 6 इनामी नक्सली और पिछले तीन सालों में 1 करोड़ 62 लाख के 9 इनामी नक्सली धराशायी किए हैं। यह कोई साधारण सफलता नहीं है।

श्री चौहान बालाघाट में मध्यप्रदेश पुलिस के क्रम-पूर्व पदोन्नति अलंकरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जवानों को बधाई देते हुए कहा कि आप अपनी ड्यूटी पूरा करें, मैं आपके साथ खड़ा रहूंगा। आपकी सुविधाओं में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में माँ-बहन और बेटी का सम्मान मेरे लिए सबसे ऊपर है। मध्यप्रदेश में हमने कानून बनाया है कि मासूम बेटियों के साथ कोई गलत हरकत करेगा तो फांसी के फंदे पर लटका दिया जाएगा। वीर जवान कठिन परिस्थितियों में रहकर प्रदेश को शांति का टापू बनाने में जी-जान से लगे हुए हैं।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वीर जवान हमारा बल हैं। मध्यप्रदेश के अभिमान है। जवानों की वीरता, पराक्रम देखकर मध्यप्रदेश की जनता की ओर कोई भी आँख उठाकर नहीं देख सकता। जब-जब भी नक्सलियों को धराशायी किया है। राज्य सरकार ने हमेशा सम्मानित किया है। प्रदेश में नक्सली गतिविधियों को रोकने के लिए नई नीति बनाई है। प्रदेश में नवीन नक्सल आत्म समर्पण और पुनर्वास के लिए नीति बनाई गई है। नक्सली गतिविधियों के खिलाफ हमारी हॉक फोर्स हमेशा खड़ी है, इस पर मुझे गर्व है। वीर जवान अपनी जान हथेली पर रखकर नक्सलियों को धराशायी करने का कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर नर्मदा घाटी विकास मंत्री गौरीशंकर बिसेन, आयुष एवं जल संसाधन राज्य मंत्री राम किशोर कावरे, विधायक लांजी सुश्री हिना कांवरे, मध्यप्रदेश राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना, आई.जी. बालाघाट संजय कुमार, कमिश्नर जबलपुर अभय वर्मा, कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ सहित पुलिस के वीर जवान तथा उनके परिजन उपस्थित थे।

### मध्यप्रदेश की धरती पर डकैतों का अंत

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैंने ग्वालियर के एक कार्यक्रम में कहा था कि मध्यप्रदेश की धरती पर डाकू नहीं रहने देंगे। जवानों ने प्रदेश में सारे डकैतों का अंत कर दिया है। सिमी के नेटवर्क को समाप्त कर दिया है। नक्सलवाद को समाप्त करने का भी लगातार कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश पुलिस और हमारे जवानों के खाते में अनेक उपलब्धियां हैं।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग विरोधी : सुरजेवाला



**इंदौर, देशबन्धु।** कांग्रेस महासचिव और पार्टी के मध्यप्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा जातिगत जनगणना का विरोध करना अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय है और इससे भाजपा का ओबीसी विरोधी डीएनए बेनकाब हो गया है।

सुरजेवाला ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि 'जितनी आबादी, उतना हक' वक्त की मांग है। पिछड़े वर्गों, दलितों, आदिवासियों और गरीबों को उनकी जनसंख्या के आधार पर अधिकार देना सामाजिक समरसता का सूत्र है, इसीलिए पार्टी नेता राहुल गांधी व कांग्रेस लगातार 'जातिगत जनगणना' की मांग उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पूरी भाजपा इसके विरोध में है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बात से डरी हुई है कि अगर इस वर्ग को अपनी असली संख्या मालूम चल गई, तो पार्टी उनका दमन नहीं कर पाएगी।

### प्रदेश में मतदाताओं की संख्या साढ़े 5 करोड़ से अधिक हुई

# 22 लाख से अधिक युवा पहली बार करेंगे मताधिकार का उपयोग




**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में 22 लाख से अधिक युवा पहली बार करेंगे मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। नई मतदाता सूची में युवाओं के नाम शामिल करने के साथ ही प्रदेश में अब मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 61 लाख 36 हजार 229 हो गई है।

2 अगस्त से 4 अक्टूबर के बीच विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में 24 लाख 33 हजार 965 मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए हैं, वहीं 7 लाख 50 हजार 175 के नाम हटाए गए हैं। इस प्रकार दोनों आंकड़ों को मिलाकर देखा जाए तो मतदाताओं की संख्या में कुल वृद्धि 16 लाख 93 हजार 790 हुई है। 15 लाख एक हजार 146 मतदाताओं के नाम, पता और फोटो में संशोधन किया गया है। सबसे कम एक लाख 50 हजार 542 मतदाता कोतमा विधानसभा क्षेत्र में हैं। नवंबर में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने आज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के साथ पहले मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्हें विशेष पुनरीक्षण अभियान के संबंध में जानकारी दी गई।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पत्रकारवार्ता में बताया कि प्रदेश में 75 हजार 304 सेवा मतदाता हैं। इन्हें मिलाकर कुल मतदाता अब 5 करोड़ 61 लाख 36 हजार 229 हो गए हैं। इसमें पुरुष मतदाता 2 करोड़ 95 लाख 55 हजार 813 और महिला मतदाता 2 करोड़ 72 लाख 36 हजार 229 हैं। जबकि अन्य मतदाता (थर्ड जेंडर) एक हजार 373 हैं, 99 मतदाता अप्रवासी भारतीय हैं। श्री राजन ने बताया कि दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 5 लाख 5 हजार 146 है। 18 से 19 वर्ष आयु समूह के मतदाता 22 लाख 36 हजार 564 हैं। जबकि, 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 6 लाख 53 हजार 640 है। सौ वर्ष से अधिक आयु के मतदाता 5 हजार 124 और अप्रवासी मतदाता 99 हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन में बताया कि नाम जोड़ने के आवेदन नामांकन की अंतिम तिथि से 10 दिन पहले तक लिए जाएंगे। चुनाव की घोषणा के बाद मतदाता सूची से नाम नहीं काटे जाएंगे।

### इन विधानसभा क्षेत्रों में महिला मतदाता अधिक

प्रदेश के ढ़ाई दर्जन से ज्यादा विधानसभा इलाके ऐसे हैं, जहां कि महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं के मुकाबले ज्यादा है। इनमें आलीराजपुर, बालाघाट, मंडला, बदनावर, मनावर, सरदारपुर, बैहर, निवास, बिछिया, परसवाड़ा, कुक्षी, सैलाना, पानसेमल, वारासिवनी, रतलाम सिटी, झाबुआ, थांदला, पुष्पराजगढ़, छिंदवाड़ा, शाहपुरा, उज्जैन उत्तर, जावरा, इंदौर चार, सेंधवा, कटंगी, पेटलावद, बरघाट, डिंडौरी और जोबट शामिल हैं।

### बुजुर्ग घर बैठे कर सकेंगे मतदान

बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा मिलेगी, लेकिन इसके लिए उन्हें आवेदन करना होगा। इसके बाद उन्हें डाक मतपत्र जारी होगा। निर्वाचन अधिकारी उनके घर जाएंगे और गोपनीयता का पालन करते हुए मतदान कराया जाएगा, इसकी वीडियोग्राफी भी होगी।

## 64 हजार 5 सौ से ज्यादा केंद्रों पर होगा मतदान

मतदान के लिए प्रदेश में 64 हजार 523 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जहां सबसे कम मतदाता बालाघाट विधानसभा के सोनेवानी मतदान केंद्र पर 42 हैं। वहीं सर्वाधिक 407 मतदान केंद्र सिवनी जिले के लखनादौन विधानसभा क्षेत्र और सबसे कम इंदौर 3 विधानसभा क्षेत्र में 193 हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में 17 हजार 70 मतदान केंद्र संवेदनशील थे। इन्हें चिन्हित करने की प्रक्रिया चल रही है। पिछले चुनाव में सर्वाधिक मतदान रतलाम के सैलाना विधानसभा क्षेत्र में 89.13 प्रतिशत हुआ था। जबकि सबसे 52.84 प्रतिशत मतदान आलीराजपुर के जोबट विधानसभा में हुआ था।

### केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने दी परियोजना के लिए भूमि हस्तांतरण को मंजूरी

# केन-बेतवा लिंक परियोजना के निर्माण का रास्ता साफ

### मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने जताया आभार



**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए 6017 हेक्टेयर वन भूमि के उपयोग की स्वीकृति दे दी है। इसके बाद अब परियोजना का काम पूरी रफ्तार से शुरू किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने इस परियोजना की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव का आभार व्यक्त किया है।

### बुंदेलखंड की तस्वीर बदलेगी



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि कैन-बेतवा परियोजना से मध्यप्रदेश और सीमावर्ती उत्तरप्रदेश की भी तस्वीर बदल देगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से नॉन मानसून सीजन में मध्यप्रदेश को 1,834 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी मिलेगा। परियोजना से मध्यप्रदेश के छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी एवं दमोह तथा उत्तर प्रदेश के बांदा, महोबा, झांसी एवं ललितपुर जिले लाभांन्वित होंगे। श्री शर्मा ने कहा कि 2003 में भाजपा के सत्ता में आने से पहले मध्यप्रदेश की स्थिति जितनी खराब थी, उससे कहीं ज्यादा खराब हालात प्रदेश के बुंदेलखंड अंचल में थे। अधोसंरचना की स्थिति बदहाल थी, न रोजगार था और न ही किसानों को खेती के लिए पानी मिल पाता था। कांग्रेस सरकार की बुंदेलखंड के प्रति बेरुखी के चलते बड़ी संख्या में बुंदेलखंड के लोग रोजगार की तलाश में देश के अन्य हिस्सों में पलायन करने लगे थे। अब वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा इस परियोजना के लिए राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण को वन भूमि के हस्तांतरण को स्वीकृति दे देने से परियोजना के काम को शुरू किया जा सकेगा।

### 10 लाख हेक्टेयर में होगी सिंचाई, 62 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश और बुंदेलखंड के लिए आज सौभाग्य का दिन है, केन-बेतवा लिंक परियोजना की स्वीकृति से बुंदेलखंड को बहुत राहत मिलेगी। इस परियोजना से 10 लाख 62 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी और लगभग 62 लाख लोगों को पीने का पानी मिलेगा, 103 मेगावॉट हाइड्रो पॉवर और 27 मेगावॉट की क्षमता वाला सोलर प्लांट भी लगेगा।

श्री चौहान ने राजकीय विमानतल पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि परियोजना में बिजली के दो प्रोजेक्ट भी प्रस्तावित हैं, जिनकी क्षमता 72 मेगावॉट है। बुंदेलखंड को बिजली, सिंचाई का पानी, पेयजल, उद्योगों के लिए जल उपलब्ध होगा। मध्यप्रदेश में सिंचाई क्षमता वर्ष 2003-04 तक मात्र साढ़े सात लाख हेक्टेयर थी, जिसे बढ़ाकर 47 लाख हेक्टेयर किया गया और 65 लाख हेक्टेयर करने के लिए कार्य जारी है। केन-बेतवा सिंचाई परियोजना से इसके अतिरिक्त 10 लाख 62 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। इससे मध्यप्रदेश में 75 लाख हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

## केंद्र ने बंगाल की आवाज दबाने की सभी हदें कीं पार



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया, अब केंद्र सरकार बंगाल की आवाज को दबाने के लिए सभी हदें पार कर चुकी है। बनर्जी ने मंगलवार रात सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, आज लोकतंत्र के लिए एक काला, भयावह दिन है, एक ऐसा दिन जब भाजपा ने बंगाल के लोगों के प्रति अपने तिरस्कार, गरीबों के अधिकारों की उपेक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के पूर्ण परित्याग का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, निर्दयतापूर्वक बंगाल के गरीबों के लिए महत्वपूर्ण धनराशि रोक दी और जब हमारा प्रतिनिधिमंडल शांतिपूर्वक विरोध करने और हमारे लोगों की दुर्दशा पर ध्यान आकर्षित करने के लिए दिल्ली पहुंचा, तो उनके साथ पहले राजघाट पर और फिर कृषि भवन में क्रूरता की गई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा की मजबूत भुजा के रूप में कार्य करते हुए दिल्ली पुलिस ने बेशर्मी से हमारे प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार किया, जिन्हें जबरन हटा दिया गया और आम अपराधियों की तरह पुलिस वैन में ले जाया गया, क्योंकि उन्होंने सत्ता के सामने सच बोलने का साहस किया। बनर्जी ने कहा कि उनके अहंकार की कोई सीमा नहीं है और उनके अभिमान और अहंकार ने उन्हें अंधा कर दिया है।

## सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का सवाल, राजनीतिक दल का नाम क्यों नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू से पूछा कि इसमें राजनीतिक दल को आरोपी क्यों नहीं बनाया गया है। राजू पीएमएलए मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। अदालत ने ईडी से गुरुवार को जवाब देने को कहा। यहां जिस राजनीतिक दल की बात हो रही है वह आम आदमी पार्टी (आप) है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस.एन.वी. भट्टी की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी से संबंधित दो याचिकाओं में सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई की। शीर्ष अदालत में सिसोदिया की जमानत याचिकाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने बुधवार को उनके पक्ष में काफी दलीलें दीं।

## रणबीर कपूर को भी ईडी का समन, 6 को बुलाया

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर को ईडी ने बुधवार को समन भेजा है। एजेंसी ने उन्हें 6 अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। महादेव ऑनलाइन बेटिंग ऐप के 5 हजार करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में रणबीर का नाम आया है। केस के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर की शादी में वे शामिल हुए थे। आरोप है कि रणबीर समेत कई सेलेब्स को इसके लिए हवाला से पैसे दिए गए थे। रणबीर पर इस ऐप के प्रमोशन का भी आरोप है। ईडी का दावा है कि रणबीर को बड़ी रकम कैश में मिली।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिया सर्वे का आदेश

# नहर निर्माण में देरी पर पंजाब सरकार को फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर के निर्माण में देरी के लिए पंजाब सरकार को फटकार लगाई। शीर्ष अदालत की पीठ में शामिल न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, सी.टी. रविकुमार और सुधांशु धूलिया ने एसवाईएल नहर के निर्माण को लेकर हरियाणा और पंजाब के बीच चल रहे विवाद के मामले की सुनवाई की।

पंजाब सरकार के वकील ने विपक्षी दलों के दबाव और किसानों द्वारा कब्जाई गई जमीन का हवाला देते हुए अदालत को मुश?किलों से अवगत कराया। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में केंद्र को निर्देश दिया है कि वह विवाद पर मध्यस्थता प्रक्रिया पर गौर करे और पंजाब सरकार द्वारा किए गए निर्माण की सीमा को देखने के लिए सर्वेक्षण भी करवाए। अदालत ने मार्च में केंद्र को इस मामले में मुख्य मध्यस्थ के रूप में समाधान निकालने में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया था। इससे पहले जुलाई 2020 को शीर्ष अदालत ने भी दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से इस मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने को कहा था। यह संघर्ष 1966 में हरियाणा के पंजाब से अलग होने के बाद 1981 के जल-बंटवारे समझौते से जुड़ा हुआ है। एसवाईएल नहर के निर्माण के बाद रावी और ब्यास नदियों से दोनों राज्यों के बीच जल बंटवारे की सुविधा होगी।

पंजाब ने तटवर्ती सिद्धांतों का हवाला देते हुए जल बंटवारे का विरोध किया था। इस बात पर सहमति बनी कि दोनों राज्य एसवाईएल नहर में अपने हिस्से का निर्माण करेंगे। 2004 में पंजाब सरकार ने एसवाईएल समझौते को रद्द करते हुए पंजाब टर्मिनेशन ऑफ एग्रीमेंट एक्ट (पीटीएए) पारित किया। 2016 में शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार के इस एकतरफा कानून को रद्द कर दिया। मामले को जनवरी 2024 को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा ने संपत्ति मौजा सुभाष नगर, नं. बं. 773, प. ह. नं. 31, रा. नि. मं. -जबलपुर-1, डायवर्सन शीट नं. 18. डायवर्सन प्लॉट नं. 397 का भाग, नगर निगम के मदन महल एक्सटेंशन (सुनारबाड़ी) स्थित लीज प्लॉट नं. 3/A का भाग, भूखंड क्षेत्रफल 846 वर्गफुट जिस पर दो मंजिला भवन निर्मित है, जोकि सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड में, तहसील व जिला जबलपुर में स्थित है को, उक्त संपत्ति के स्वामी, श्री राजेश श्रीवास्तव पिता श्री के.एस. श्रीवास्तव, नि-A-4/102, कोरल वुड्स, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, टोयोटा शोरूम के पास, भोपाल (म. प्र.) से क्रय करने का अनुबंध कर लिया है। जिसके विक्रय-पत्र का निष्पादन, मेरी पक्षकारा शीघ्र ही कराने जा रही हैं। यह कि यदि किसी व्यक्ति ने उपरोक्त संपत्ति के संबंध में अनुबंध किया हो या ऋण देकर बंधक किया हो अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, सरकारी, अर्ध-सरकारी या निजी संस्था अथवा अन्य किसी भी हैसियत से किसी को भी, किसी भी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय आदि में प्रकरण लंबित हो, सीमांकन इत्यादि का विवाद हो या किसी सरकारी या अर्ध-सरकारी विभाग में अर्जन हेतु लंबित हो या अर्जित हो चुका हो एवं किसी को अन्य तथ्यों की जानकारी हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन तिथि के 7 दिवस की अवधि में मूल-प्रपत्रों सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपति प्रस्तुत करें। अन्यथा उक्त अवधि के पश्चात् मेरी पक्षकारा विक्रय पत्र निष्पादन अपने पक्ष में करा लेंगी, तत्पश्चात कोई भी आपत्ति अमान्य होगी। दिनांक- 04-10-2023

अमन राय अधिवक्ता
अधिवक्ता कार्यालय 1473, नेपियर टाउन, मो. 7987828456 जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
संभाग क्रमांक-11, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र./सं. क्रं.11/19-20 दिनांक-03.10.2023
46500642, 10002151123

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री ईशान सोनी पिता श्री खुशाल चंद सोनी श्रीमति शिल्पा सोनी पत्नि ईशान सोनी ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाषचंद बैनर्जी के भवन क्रमांक प्रथम तल शॉप नं. 3 रब्स हाईट दूसरा पुल संपत्ति के पिन क्रमांक 10002151123 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा.. वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल ... प्रथम तल 265 वर्गफुट आरसीसी द्वितीय तल.... वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दानपत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र, वसीयतनामा, त्यागपत्र, रिलीज डीड/ बंटवारानामा, शपथपत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री अशोक कुमार चौधरी पिता स्व. श्री एल.सी. चौधरी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। संभागीय अधिकारी संभाग क्रं. 11 नगर निगम, जबलपुर

**CHANGE OF NAME**

Muzniba Khan S/o Shri Late R. Khan R/o Behind Nagina Maszid Chandra Shekar Azad Ward No. 5 Katni (M.P.) Solemnly affirm as Under:- 1. That I am Muzniba Khan. 2. That my wife name as per record of passport in incorrect as Kutesha Begum. 3. That I have Changed (Correct) My wife name to Dilshad Khan I am getting a Public Notice Published to this effect in the news paper.

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./ सं. क्र.11/19-20/.. दि.03/9/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीतिका रजक पुत्री श्री महादेव प्रसाद रजक पत्नी श्री संजीव रजक ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी बार्ड के भवन क्रमांक 1576/12 पवित्र अपार्टमेन्ट सिविल लाईन सम्पत्ति के पिन क्रमांक 44501387, 1000400076 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित प्रथम तल 586 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में श्री चेरियन मथाई पिता स्व. श्री एम.सी. मथाई का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

देशबन्धु

जबलपुर, गुरूवार 5 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## नांदेड़ अस्पताल में मौतों का जिम्मेदार कौन?

एक ओर तो महाराष्ट्र के नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, दूसरी ओर इसे लेकर सियासत तेज़ हो गई है। जिले के विष्णुपुरी में स्थित डॉ. शंकरराव चव्हाण शासकीय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में पिछले 48 घंटों में 31 मरीजों की मौत हो गई। इनमें लगभग डेढ़ दर्जन बच्चे थे। दवाओं की कमी से हुई इस हृदयविदारक घटना से जहां सारा देश हतप्रभ है, वहीं अब तक वहां की सरकार न तो राहत पहुंचाती दिख रही है और न ही वह एक्शन मोड में आई है। अस्पताल प्रशासन भी एक तरह से हाथ पर हाथ धरे बैठा है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने मंगलवार एक कहा है कि सरकारी अस्पताल में मौतों का सिलसिला लगातार जारी है और सरकार को इसके लिए जिम्मेदारी तय करनी चाहिए। इस मामले को लेकर चौतरफा आलोचना झेल रहे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने साफ किया है कि कोई भी कदम उठाने से पहले वे घटना के बाबत पूरी जानकारी लेंगे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने इसे सरकारी मशीनरी का पूरी तरह से नाकाम होना बताया है।

अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक श्यामराव वाकोड़े ने बताया कि अनेक ऐसे लोगों की मौतें हुई हैं जिन्हें सांपों ने काटा था या इसी तरह की तकलीफें थीं। अस्पताल को हाफकिन्स इंस्टिट्यूट से दवाएं खरीदनी थीं परन्तु अस्पताल के कई कर्मचारियों के स्थानांतरण के कारण वह नहीं हो सका। अस्पताल के डीन के साथ मरीजों के परिजनों द्वारा किये गये दुर्व्यवहार से वहां का स्टाफ भी बेहद नाराज़ है। फिलहाल अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज भर्ती हैं जिन्हें देखने वाला कोई नहीं हैं। बताया गया है कि वहां 70 से ज्यादा ऐसे मरीज भर्ती हैं जिनकी हालत गम्भीर है परन्तु दवाएं न मिलने और चिकित्सकों व स्टाफ की कमी से उनका इलाज नहीं हो पा रहा है। ऐसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। औरंगाबाद जिले से स्वास्थ्य अधिकारियों की एक कमेटी बनाई गई है जो वहां स्थिति का आकलन कर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

उल्लेखनीय है कि यह घटना ऐसे वक्त पर हो रही है जब केवल दो माह पहले ठाणे जिले के कलवा अस्पताल में हुई घटना को लोग भूले नहीं हैं, जिसमें एक ही रात में 18 लोगों की मौत हो गई थी। बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में भी यह मामला उठा। इस बदइंतजामी को लेकर कई मंत्री नाराज दिखे। बैठक में अजित पवार की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय रहा क्योंकि अपने काम के मामले में अजित पवार बहुत नियमित व अनुशासनप्रिय माने जाते हैं। वे मुंबई में ही थे लेकिन बैठक में शामिल न होना बतलाता है कि वे भी इस मामले को लेकर अपनी ही सरकार से नाराज़ हैं। बड़ी बात नहीं होगी अगर यह विवाद बढ़ जाये।

पिछले दिनों मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री अजित पवार के बीच स्वास्थ्य विभाग क कामकाज को लेकर तनातनी हो गई थी। शिवसेना से अलग हुए एकनाथ शिंदे गुट व भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर बनी सरकार में एनसीपी के अजित पवार भी अपने कुछ साथियों के साथ शामिल हो गये थे। उन्होंने तंज कसते हुए शिंदे से पूछा था कि कलवा अस्पताल के अब क्या हाल हैं? शिंदे इस पर झेंप गये थे। मामला बढ़ने के पहले ही दूसरे उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस ने बीच-बचाव किया था। नांदेड़ का यह अस्पताल मेडिकल एजुकेशन के अंतर्गत संचालित होता है। इसके विभागीय मंत्री हसन मुशरिफ हैं जो अजित पवार गुट के हैं। दूसरी ओर अस्पतालों को दवाइयां एवं आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग का है। इसके मंत्री तानाजी सावंत हैं जो एकनाथ शिंदे गुट के हैं। नांदेड़ अस्पताल की इन मौतों ने दो मंत्रियों को भी आमने-सामने ला खड़ा किया है।

इस तरह देखें तो नांदेड़ में हुए मौत के तांडव के पीछे एक ही सरकार के भीतर कार्यरत दो अलग-अलग धड़ों के मंत्री हैं और उनमें से कोई भी न तो इस बेहद गम्भीर चूक का दोष स्वीकारने के लिये तैयार है और न ही मिलकर वहां की स्थिति सुधारने का इच्छुक दिखलाई पड़ता है। भाजपा के साथ मिलकर सरकार चला रहे दोनों ही गुट (शिवसेना का शिंदे गुट व एनसीपी का अजित पवार गुट) नांदेड़ में लोगों के आंसू पोंछने की बजाय मंत्रिमंडल विस्तार के मुद्दे को लेकर व्यस्त हैं। इसे लेकर शिंदे और फडनवीस की जल्दी ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात होने जा रही है। मंत्रिमंडल के 14 पद रिक्त हैं जिनके लिये तीनों ही धड़ों के बीच जोर आजमाईश जारी है। इसलिये सम्भव है कि मौजूदा दौर की क्रूर व निर्मोही राजनीति के पास नांदेड़ जैसे मामले पर ध्यान देने का वक्त ही न हो।

नांदेड़ अस्पताल में जो हुआ और हो रहा है, वह बहुत ही दर्दनाक है जो बतलाता है कि जिस तरह की जोड़-तोड़ से यह सरकार बनी है उसके पास कुशल प्रशासकीय क्षमता का अभाव तो है ही और जिस प्रकार से अलग-अलग धड़ों के मंत्रियों के बीच खींचतान हो रही है उससे भुगतना तो जनता को ही पड़ेगा। कलवा अस्पताल वाले मामले से कोई सबक न लेकर नांदेड़ अस्पताल जैसे कांड का इंतज़ार करने वाली महाराष्ट्र सरकार से कोई उम्मीद नहीं की जा सकती क्योंकि उसके लिये लोगों की जान से बढ़कर सरकार बनाना और महत्वपूर्ण पद अपने धड़ों के विधायकों को दिलवाना मात्र है। फिर भी आशा की जाये कि सरकार वहां की स्थिति को तुरंत सम्भाले और लोगों को अकारण मौतों का शिकार होने से बचाये।

## कमजोर होती याददाश्त के खतरे

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

पिछले 9-10 सालों में हिंदुस्तानियों की याददाश्त काफी कमजोर हो गई है। इसकी क्या वैज्ञानिक, राजनैतिक और सामाजिक वजहें हैं, इनके कारणों की पड़ताल गंभीरता से करना चाहिए। क्योंकि याददाश्त कमजोर होने का खामियाजा पूरे देश को उठाना पड़ रहा है। अभी विदेश मंत्री एस.जयशंकर से अमेरिका में एक कार्यक्रम में मोदी सरकार में भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर सवाल उठाया गया था। जिसके जवाब में उन्होंने सवाल पूछने वाले से ही मांग कर दी कि मुझे भेदभाव दिखाओ। फिर जयशंकर ने अपने टालमटोल वाले जवाब में कहा कि निष्पक्ष और सुशासन या समाज के संतुलन की कसौटी क्या है? सुविधाओं, लाभों, पहुंच, और अधिकारों के मामले में आप भेदभाव करते हैं या नहीं, यही कसौटी होती है और दुनिया के हर समाज में, किसी न किसी आधार पर, कुछ न कुछ भेदभाव होता ही है।

हमारे विदेश मंत्री ज्ञानी व्यक्ति हैं, उनकी स्मरण शक्ति भी प्रखर ही होगी। लेकिन वो इस सितंबर को ही संसद के भीतर बसपा सांसद दानिश अली के लिए कहे गए अपशब्दों को कैसे भूल गए। क्या इसलिए कि संसद की मर्यादा तोड़ने और अपने विरोधी सांसद को अपशब्द कहने का काम भाजपा के सांसद ने किया। विदेश मंत्री यह भी भूल गए कि इस देश में किस तरह बाकायदा धर्मसंसदें आयोजित कर अल्पसंख्यकों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए समाज को उकसाया जाता रहा है। मणिपुर में हिंसा का तांडव पिछले पांच महीनों से जारी है, एस. जयशंकर इसे भी सुविधापूर्वक भूल गए। आखिर मणिपुर में अशांति पनपने की सबसे बड़ी वजह भेदभाव का डर ही तो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मणिपुर को भूले ही हुए हैं। वे देश के कई राज्यों में जा रहे हैं, खासकर चुनावी राज्यों में उनकी आमदरफ्त बढ़ गई है। लेकिन मणिपुर जाने का रास्ता उन्हें याद ही नहीं आ रहा। श्री मोदी से भी अमेरिका यात्रा के वक्त हुई प्रेस कांफ्रेंस में अल्पसंख्यकों से भेदभाव का सवाल वॉल स्ट्रीट जर्नल की पत्रकार सबरीना ने पूछा था। और तब भी इसी तरह का गोलमोल जवाब श्री मोदी ने दिया था। उन्होंने कहा था कि मुझे वास्तव में आश्चर्य होता है जब लोग ऐसा कहते हैं। भारत तो लोकतंत्र है ही। लोकतंत्र हमारी रगों में है। हम लोकतंत्र जीते हैं। हमारे पूर्वजों ने इस बात को शब्दों में ढाला है। ये हमारा संविधान है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों को ध्यान में रखकर बनाए गए संविधान पर ही चलती है। सवाल हुआ था धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले भेदभाव पर और सवाल को भुलाते हुए श्री मोदी संविधान और लोकतंत्र की दुहाई देने लगे। अब ऐसा किया ही था तो कुछ समय तो उस बात पर टिके रहते। जून में दिए गए इस जवाब के तीन ही महीने बाद संसद के भीतर उनकी पार्टी के एक सांसद ने दूसरी पार्टी के सांसद को अपशब्द कहे और तब प्रधानमंत्री को न संविधान याद आया, न लोकतंत्र। उन्होंने इस घटना पर आज तक कुछ नहीं कहा, जबकि पीड़ित सांसद दानिश अली ने उन्हें खत लिखकर कहा भी कि आपकी चुप्पी को दुनिया देख रही है। लेकिन सत्ता मद में शायद मोदीजी को दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा भी याद नहीं रही है।

> देश के कई सरकारी और निजी स्कूलों में गायत्री मंत्र बच्चों से पढ़वाया जाता है। कई जगहों पर बोर्ड परीक्षाओं के पहले हवन तक होते हैं। लेकिन तब कोई सवाल नहीं उठते, क्योंकि बहुसंख्यकों का धर्म होने के कारण हिंदुओं के तौर-तरीकों को सहज स्वीकार्य मान लिया गया है। जिन लोगों ने हिंदू छात्रों के नमाज पढ़ने पर आपत्ति की, ऐसे ही लोगों को अस्पताल या मॉल या स्टेशन पर नमाज पढ़ते लोगों से भी आपत्ति होती है।

श्री मोदी और उनके विदेश मंत्री श्री जयशंकर ने जिस तरह अमेरिका जाकर धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले भेदभाव की बात को नकार दिया है, यह उनकी कमजोर होती स्मरण शक्ति की निशानी है या फिर राजनैतिक मजबूरी, इस बारे में वही बेहतर बता सकते हैं। अभी श्री मोदी राजस्थान चुनाव प्रचार के लिए चित्तौड़गढ़ गए तो वहां उन्हें उदयपुर में नफरत का शिकार बने दर्जी कन्हैयालाल की याद आ गई। लेकिन उन्हें इसी राजस्थान में ऐसी ही बेरहमी से मारे गए मजदूर मो. अफराजुल की याद नहीं आई। उन्हें पिछले 9 सालों में इसी तरह की नफरत का शिकार बने और निर्दोष लोग याद नहीं आए। बात करनी ही थी, तो प्रधानमंत्री ऐसी हरेक हत्या पर अफसोस जताते, लेकिन उन्होंने यहां चुनावी हिसाब से घटना को याद किया। याददाश्त का कमजोर पड़ना बुरा है, लेकिन सुविधा के हिसाब के कुछ बातों का याद आना और कुछ का भूल जाना और भी बुरा है।

प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री एस.जयशंकर से अगर भविष्य में फिर अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव पर सवाल किया जाए, तो उनके लिए एक प्रसंग गुजरात से उपस्थित हुआ है। जहां एक स्कूल में हिंदू छात्रों को नमाज पढ़ाने के आरोप पर दक्षिणपंथी लोगों ने प्रदर्शन किया और इसमें एक शिक्षक की पिटाई भी कर दी। अहमदाबाद के कैरोलेक्स फ्यूचर स्कूल में 29 सितंबर की ये घटना बताई जा रही है, जिस पर सरकार ने जांच के आदेश दे दिए हैं। स्कूल प्रशासन ने इस घटना पर माफी तो मांग ही ली है, साथ ही बताया है कि किसी भी छात्र को नमाज पढ़ने के लिए जबरदस्ती नहीं की गई थी। बल्कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न धर्मों की प्रथाओं से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम का एक वीडियो भी फेसबुक पर डाला गया था, जिस में बच्चे लब पे आती है दुआ, गाते हुए दिखते हैं।

इकबाल की इस मशहूर प्रार्थना को करवाने पर बरेली के एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षक को निलंबित कर दिया गया था। अब इसी प्रार्थना और नमाज पढ़ने पर गुजरात में दक्षिणपंथियों को तो कानून हाथ में लेने का मौका मिल गया। गौर से देखा जाए तो ऐसे कार्यक्रम में कुछ भी गैरकानूनी नहीं है, क्योंकि सर्वधर्म सद्भाव तो इस देश की नींव में रहा है और स्कूल इसे ही मजबूत कर रहा था। देश के कई सरकारी और निजी स्कूलों में गायत्री मंत्र बच्चों से पढ़वाया जाता है। कई जगहों पर बोर्ड परीक्षाओं के पहले हवन तक होते हैं। लेकिन तब कोई सवाल नहीं उठते, क्योंकि बहुसंख्यकों का धर्म होने के कारण हिंदुओं के तौर-तरीकों को सहज स्वीकार्य मान लिया गया है। जिन लोगों ने हिंदू छात्रों के नमाज पढ़ने पर आपत्ति की, ऐसे ही लोगों को अस्पताल या मॉल या स्टेशन पर नमाज पढ़ते लोगों से भी आपत्ति होती है। मगर पूरी सड़क घेर कर दुर्गा या गणेश के पंडाल लगाए जाएं, दिन-रात कानफोड़ू संगीत बजाया जाए, रेलवे स्टेशन या एयरपोर्ट या बीच चौराहे पर घेरा बनाकर गरबा किया जाए, तब किसी को आपत्ति नहीं होती। गुजरात के शिक्षा मंत्री प्रफुल्ल पनशेरिया ने कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि स्कूल में ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर कुछ लोग राज्य का शांतिपूर्ण माहौल खराब करना चाहते हैं। मंत्री महोदय की राय में शांतिपूर्ण माहौल की परिभाषा क्या है और नमाज कैसे पढ़ी जाती है, इसे सिखाने पर माहौल कैसे खराब होता है, ये समझना कठिन नहीं है। शायद शिक्षा मंत्री की याददाश्त से बिलकिस बानो प्रकरण मिट चुका है। जहां बलात्कार और हत्या के दोषियों की रिहाई होती है और फिर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया जाता है। उन्हें संस्कारी बताया जाता है। ऐसे संस्कारी लोगों से माहौल खराब होता है या दूसरे धर्म के तौर-तरीकों को सीखने से, यह सवाल अगर याद रह जाए, तो भाजपा सरकार के मंत्रियों को इसका जवाब ढूंढने की कोशिश करना चाहिए। देश में याददाश्त कमजोर करने में बड़ी भूमिका मुख्यधारा का मीडिया भी निभा रहा है। जो हर दिन सुबह-शाम नए-नए पैंतरों में लिपटी खबरों का धमाका करता है। एक खबर को लोग याद रखें या उस पर चर्चा करें, उससे पहले कोई नयी खबर आ जाती है। अगर खबर सत्ताविरोधी हुई, तब तो उसे भुलाने के लिए एलियंस या अवतारी पुरुषों को दिखाने से बी मीडिया परहेज नहीं करता। इस मीडिया की फिक्र यही है कि जनता को भूले से भी सरकार की कोई कमजोरी, कोई पुराना वादा, कोई गलती याद न रहे। केवल ये याद रहे कि असली आजादी 2014 के बाद मिली और देश का विकास 2047 तक हो जाएगा। भुलाने और भुलावे के इस खेल में अपनी याददाश्त कैसे दुरुस्त रखना है, ये जनता खुद तय करे।

## लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रही है चुनावी बांड पर निर्णय में देरी

■ नित्य चक्रवर्ती

एक बार फिर भारत सरकार ने 4 अक्टूबर से दस दिनों तक चलने वाले चुनावी बांड की 28वीं किश्त की बिक्री को मंजूरी दे दी है और हमेशा की तरह ऐसा ठीक चुनावों के पहले किया जा रहा है जब पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कुछ हफ्ते ही रह गये हैं। इस बार भी भाजपा को अपने चुनाव अभियान में एक और बड़ा इनाम मिलेगा क्योंकि लगभग 80 से 90 प्रतिशत धन सत्तारूढ़ पार्टी को जाता है। केंद्र शर्मनाक तरीके से मौजूदा चुनावी बांड नियमों को अन्य विपक्षी दलों की कीमत पर भाजपा के पक्ष में इस्तेमाल करने की इजाजत दे रहा है लेकिन फिर भी सुप्रीम कोर्ट अब भी उस याचिका पर सुनवाई में देरी कर रहा है जो लंबे समय से लंबित है।

> चुनावी बांड की 25वीं किश्त के मामले में, नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले साल 7 नवंबर को चुनावी बांड योजना के नियमों में जल्दबाजी में संशोधन करके औचित्य का उल्लंघन किया, ताकि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव होने वाले वर्ष के दौरान अतिरिक्त पंद्रह दिनों के लिए बिक्री की अनुमति दी जा सके।

मूल चुनावी बांड योजना 2017 को 2018 में कई याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती थी। लेकिन इस साल अप्रैल में ही, मुख्य न्यायाधीश डॉ डीवाई चंद्रचूड़ ने संकेत दिया था कि वह सुनवाई के लिए पांच सदस्यीय संविधान पीठ की स्थापना के बारे में फैसला करेंगे। याचिकाएं पर उसके बाद कोई सुनवाई नहीं हुई।

चुनावी बांड की 25वीं किश्त के मामले में, नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले साल 7 नवंबर को चुनावी बांड योजना के नियमों में जल्दबाजी में संशोधन करके औचित्य का उल्लंघन किया, ताकि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव होने वाले वर्ष के दौरान अतिरिक्त पंद्रह दिनों के लिए बिक्री की अनुमति दी जा सके।

नियमों के अनुसार, बांड जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर के महीनों में 10 दिनों की अवधि के लिए खरीद के लिए उपलब्ध हैं। आम चुनाव के वर्षों में 30 दिनों की अतिरिक्त अवधि की अनुमति है। अब नवीनतम संशोधन के माध्यम से, केंद्र ने पिछले साल हिमाचल और गुजरात में विधानसभा चुनावों से पहले नवंबर 2022 में एक और किश्त की अनुमति दी।

जनवरी 2018 में चुनावी बांड की बिक्री शुरू होने के बाद से पिछले पांच वर्षों में, भाजपा ने कर्नाटक, मध्यप्रदेश में राज्य सरकारों को अस्थिर करने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किये हैं और गोवा और मणिपुर में सरकार बनाने के लिए विधायकों को खरीदा है। महाराष्ट्र में, यह दिन के उजाले की तरह स्पष्ट था कि जुलाई 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से एकनाथ शिंदे समूह के दलबदल को सुनिश्चित करने के लिए भारी धनराशि जुटाई गई थी।

इसके बाद वहां शिंदे-भाजपा की सरकार बनी। विपक्षी सरकारों को अस्थिर करने के इन सभी कदमों में, भाजपा ने कॉर्पोरेट दान, चुनावी बांड के पैसे के साथ-साथ विदेशी दान के माध्यम से जुटाये गये अपने विशाल उपलब्ध धन का उपयोग किया। कॉरपोरेट्स के चुनावी ट्रस्टों ने भी राजनीतिक दलों को धन दिया और वहां भी, भाजपा ने हाल के वर्षों में 80 प्रतिशत से अधिक धन जुटाया।

बॉन्ड या पोल ट्रस्ट से फंडिंग करना भाजपा के लिए एक रास्ता है क्योंकि जो कंपनियां दान देती हैं वे केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी को नाराज नहीं करना चाहती हैं और आईटी विभाग, सीबीआई या ईडी के माध्यम से कार्रवाई को आमंत्रित नहीं करना चाहती हैं। यह तब स्पष्ट हुआ जब बजाज परिवार के वंशज राजीव बजाज पिछले साल राहुल गांधी के साथ बातचीत के बाद केंद्रीय एजेंसियों द्वारा संभावित प्रतिशोधात्मक कार्रवाई के प्रति आशंकित थे।

भारतीय कॉरपोरेट्स के बीच यह डर इतना जबरदस्त है कि औद्योगिक घरानों के युवा वंशज, जो दूरदर्शी हैं और भाजपा को पसंद नहीं करते हैं, चुप रहते हैं क्योंकि वे सिर्फ कुछ उदारवादियों के लिए अपनी कंपनियों के भविष्य को जोखिम में डालने के लिए तैयार नहीं हैं।

कुल मिलाकर नतीजा यह है कि चुनावों में बराबरी का कोई मौका नहीं है। विपक्षी दलों की तुलना में भाजपा दस गुना से भी ज्यादा पैसा खर्च करने की स्थिति में है। जरूरत पड़ने पर दल-बदल कराने के लिए इसके पास एक विशाल युद्ध संदूक है।

नरेंद्र मोदी शासन के पिछले नौ वर्षों में, भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र में धन का असामान्य संकेंद्रण हुआ है। एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि भारत की बीस सबसे अधिक लाभदायक कंपनियों ने 1990 में कुल कॉर्पोरेट मुनाफे का 14 प्रतिशत, 2010 में 30प्रतिशत और 2019 में 70प्रतिशत अर्जित किया।

इसका मतलब यह है कि नरेंद्र मोदी के शासन के पहले पांच वर्षों के दौरान कुछ कॉर्पोरेट घरानों में धन के संकेंद्रण में भारी उछाल आया। पिछले चार वर्षों में यह प्रक्रिया और तेज हुई है। यह सत्तारूढ़ दल भाजपा और बड़े उद्योगपतियों के बीच मैत्रीपूर्ण सहयोग का परिणाम है, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्तमान शासन के दौरान लाभ हुआ है।

विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटकों को भारतीय धनी पूंजीपतियों और नरेंद्र मोदी शासन के बीच इस बदले की भावना पर ध्यान केंद्रित करना होगा और इस बात की जांच की मांग करनी होगी कि कैसे बड़े कॉरपोरेट अपनी दीर्घकालिक व्यवस्था के एक हिस्से के रूप में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा को वित्त पोषित कर रहे हैं।

उनके कानूनी विशेषज्ञों को सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका की शीघ्र सुनवाई पर जोर देना चाहिए ताकि विद्वान न्यायाधीश कम से कम अंतिम निपटान तक चुनावी बांड योजना पर रोक लगाने का आदेश दे सकें। चुनाव लड़ने वाले दलों के बीच समान अवसर स्थापित करके देश में लोकतंत्र को कायम रखने के लिए यह जरूरी है।

### पावन प्रसंग

## युवाओं को दी नई दिशा

आंखों में उम्मीद के,सपने. नई उड़ान भरता हुआ मन, कुछ कर दिखाने का दमखम और दुनिया को अपनी मुट्ठी में करने का साहस रखने वाला युवा कहा जाता है। युवा शब्द ही मन में उड़ान और उमंग पैदा करता है। उम्र का यही दौर वह दौर है, जब न केवल उस युवा का बल्कि उसके राष्ट्र का भविष्य तय किया जा सकता है। आज के भारत को युवा भारत कहा जाता है; क्योंकि हमारे देश में असंभव को संभव में बदलने वाले युवाओं की संख्या सर्वाधिक है। आंकड़ों के अनुसार भारत की 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष आयु तक के युवकों की और 25 साल तक की उम्र के नौजवानों की संख्या 50 प्रतिशत से भी अधिक है। ऐसे में यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि युवाशक्ति वरदान है या चुनौती? महत्वपूर्ण इसलिए भी कि यदि युवाशक्ति का सही दिशा में उपयोग न किया जाए तो इनका जरा सा भी भटकाव राष्ट्र के भविष्य को अनिश्चित कर सकता है। आज का एक सत्य यह भी है कि युवा बहुत मनमानी करते हैं और किसी की सुनते नहीं। दिशाहीनता की इस स्थिति में युवाओं की ऊर्जा नकारात्मक दिशा में भटकाव होता जा रहा है। लक्ष्यहीनता के माहौल ने युवाओं को इतना दिग्भ्रमित करके रख दिया है कि उन्हें सूझ ही नहीं पड़ रहा कि करना क्या है, हो क्या रहा है और आखिर उनका होगा क्या?

आज से दो-तीन दशक पूर्व तक साधन-सुविघाओं से दूर रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चों में 'सुखार्थिन: कुतो विद्या, विद्यार्थिन: कुतो सुखम्' के भावों के साथ जीवन निर्माण की परंपरा बनी हुई थी और ऐसे में जो पीढ़ियां हाल के वर्षों में नाम कमा पाई हैं, अब ऐसा संभव नहीं। धैर्य की कमी, आत्मकेंद्रिता, नशा, लालच, हिंसाआदि बातें जैसे उनके स्वभाव का अंग बनती जा रही हैं। नशे से युवाओं की असमय मृत्यु चिंताजनक बात हो गई है। जानकारी के अनुसार आजकल के बालकों को मित्र मंडली उन तमाम व्यसनों से घिरी थी, जिसे अब बुरा नहीं, आधुनिकता का पर्याय माना जाता है।

आजकल के किशोर स्कूली छात्र की उम्र में नशे के आदी हो जाते हैं। पिता अपने कार्य में व्यस्त रहते हैं, इसलिए पुत्र को पर्याप्त समय नहीं दे पाते। परिणाम ऐसा भयंकर आता है कि वे अपने पुत्रों से वंचित हो जाते हैं। केवल एक बालक की बात नहीं, एक ताजा शोध के अनुसार अब युवा अधिक रुखे स्वभाव के भी हो गए हैं। वे किसी से घुलते-मिलते नहीं।

इंटरनेट के बढ़ते प्रयोग के इस युग में रोजमर्रा की जिंदगी में आमने-सामने के लोगों से रिश्ते जोड़ने की अहमियत कम हो गई है। क्या यह सत्य नहीं कि आज की पीढ़ी जो कुछ सीख पाई है, उसमें हमारा दोष सर्वाधिक है। इन परिवेशीय हालातों में अंकुरित और पल्लवित नई पीढ़ी को न संस्कारों की खाद मिल पाई, न स्वस्थ विकास के लिए जरूरी वातावरण। मिला सिर्फ प्रदूषित माहौल और नकारात्मक भावभूमि। आज का युवा अधिकतर मामलों में नकारात्मक मानसिकता के साथ जीने लगा है।

उसे दूर-दूर तक कहीं कोई रोशनी की किरण नजर नहीं आ रही है। वर्तमान स्थिति के लिए हमारे स्वार्थ और समझौते जिम्मेदार हैं, जिनकी वजह से हमने सिद्धांतों को छोड़, आदर्शों से किनारा कर लिया और नैतिक मूल्य तक दांव पर लगा दिए। वह भी किसलिए? सिर्फ और सिर्फ अपनी वाहवाही कराने या अपने नाम से माल बनाने। हालात भयावह होते जा रहे हैं, हमें इसका अंदाजा नहीं लग पा रहा है, क्योंकि हमारी बुद्धि कुंद हो गई है। यदि आज वे नहीं चेत पाते तो कल अवश्य बहुत देर हो जाएगी। युवाओं को अपनी संस्कृति एवं मूल्यों के साथ जोड़ने की आवश्यकता है, ताकि वे स्वयं के प्रति सचेष्ट एवं जागरुक एवं विकासोन्मुखी हो सकें।

**अखंड ज्योति**

### आपके पत्र


## कृषि प्रधान देश में बेरोज़गार किसान

किसी देश के विकास में आने वाली समस्याओं में एक प्रमुख समस्या बेरोज़गारी है। भारत जैसे विशाल देश में आज भी कई छोटे- छोटे गांव ऐसे हैं जहां नौजवानों की एक बड़ी आबादी बेरोज़गार है। नौकरी के लिए या तो उनके पास कोई स्रोत नहीं है या फिर उन्हें शहरों के लिए पलायन करनी पड़ रही है। देश की बढ़ती जनसंख्या कारण रोज़गार की मांग में भी दिन-ब-दिन इज़ाफ़ा होता जा रहा है। लोगों को पर्याप्त रोज़गार नहीं मिलने का एक परिणाम यह भी है कि देश में गरीबी का आंकड़ा संतोषजनक रूप से कम नहीं हो रहा है। वर्तमान में, एक तरफ जहां भारत विश्व मानचित्र पर विकसित देश के रूप में उभर रहा है, वहीं दूसरी ओर इसी देश के छोटे छोटे गांवों में लोग आज भी खेती और पशुपालन पर ही निर्भर हैं। अब तो जलवायु परिवर्तन का प्रभाव खेती में भी दिखने लगा है। जहां पहले की अपेक्षा खेती में उत्पादन प्रभावित होने लगा है।

इसकी एक मिसाल राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर गांव भी है। पहले से ही गर्मी और सूखे की मार झेल रहे इस गांव के किसानों के खेत पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलने के कारण सूख रहे हैं। जिसके कारण खेती का काम प्रभावित हो रहा है और पूरी मेहनत के बावजूद उन्हें उनकी फसल की लागत भी नहीं मिल पा रहा है। इसका सबसे अधिक प्रभाव आर्थिक रूप से छोटे स्तर के किसानों को हो रहा है जो खेती के साथ-साथ परिवार का पेट पालने के लिए दिहाड़ी मज़दूर के रूप में भी काम करने को मजबूर हैं। इस गांव में लगभग 130 घर हैं। जिनमें केवल 2-3 घर ही ऐसे हैं जिनके सदस्य सरकारी नौकरी में हैं। शेष सभी या तो खेती का काम करते हैं अथवा पशुपालन के माध्यम से आय अर्जित करते हैं। गांव वालों के अनुसार साल में केवल एक बार जुलाई से अक्टूबर माह के दौरान वह खेती से जुड़े काम करते हैं और अक्टूबर में फसल कटाई के बाद बेरोज़गारी की समस्या से जूझते हैं। लेकिन इसमें भी एक मुख्य समस्या यह है कि साल में एक बार हो रही खेती पूरी तरह से वर्षा पर निर्भर करती है। यदि समय पर बारिश न हुई तो फसल पूरी तरह से तबाह होने के कगार पर पहुंच जाती है। आर्थिक रूप से संपन्न कुछ किसान तो इस दौरान खेतों में पानी पहुंचाने की व्यवस्था कर लेते हैं, लेकिन छोटे स्तर के किसान को आर्थिक नुकसान के अलावा कुछ नहीं मिलता है और न ही उनके पास रोज़गार के ऐसे दूसरे साधन होते हैं जिससे वह अपने आर्थिक नुकसान की भरपाई कर सकें। गांव के ही एक किसान प्रभुराम शर्मा कहते हैं कि यदि लूणकरणसर में कोई उद्योग स्थापित हो जाए तो छोटे स्तर के किसानों के लिए आय का दूसरा स्रोत खुल सकता है। कृषि से कम आमदनी और रोज़गार की कमी का प्रभाव गांव की महिलाओं और किशोरियों के जीवन पर भी पड़ रहा है। कई महिलाएं और किशोरियां घर की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए सिलाई का काम करती हैं। गांव की गीता कहती है कि उसके पिता कृषि का काम करते हैं, लेकिन खेती से इतनी आमदनी नहीं हो पाती है कि साल भर घर का खर्च निकल सके। ऐसे में उसे अपनी पढ़ाई छोड़कर सिलाई का काम शुरू करना पड़ा। वह गांव की महिलाओं के कपड़े सिलकर महीने में दो हज़ार रूपए तक कमा लेती है और घर की आर्थिक स्थिति को बेहतर करने में मदद करती है। वह कहती है कि गांव की आबादी छोटी होने के कारण उसे सिलाई में भी बहुत अधिक लाभ नहीं मिल पाता है। अलबत्ता शादी विवाह और तीज त्यौहार के मौसम में उसे कपड़े सिलकर आठ हज़ार रूपए तक की अच्छी आमदनी हो जाती है। घर के आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए गीता का भाई भी शहर में नौकरी करता है।

बहरहाल, राजस्थान के किसानों की समस्या का हल ज़रूरी है क्योंकि एक तरफ जहां इससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी वहीं गांव भी सशक्त बनेगा। ऐसे में ज़रूरी है कि उनकी समस्याओं का स्थायी हल निकाला जाए। बारिश की कमी को पूरा करने के लिए अन्य विकल्पों पर ध्यान दिया जाए ताकि किसानों को कृषि छोड़कर मज़दूरी न करनी पड़े। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार किसानों की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देगी।

**मनीषा / मोनिका, लूणकरणसर, राजस्थान**



भारत सरकार
आज़ादी का अमृत महोत्सव
मध्यप्रदेश शासन
₹ 12600 करोड़ की
विकास परियोजनाओं से
मध्यप्रदेश के विकास को गति
वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक एवं उद्यान
का
भूमिपूजन
एवं
नागपुर-जबलपुर गैस पाइप लाइन परियोजना
6 राष्ट्रीय राजमार्ग
जबलपुर संभाग की 5 जल-जीवन मिशन परियोजनाओं का
शिलान्यास
तथा
विजयपुर-औरैया गैस पाइप लाइन परियोजना
इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन जबलपुर बॉटलिंग प्लांट
1 राष्ट्रीय राजमार्ग
जबलपुर संभाग की 1 जल-जीवन मिशन परियोजना
कटनी-विजयसोता एवं मरवास ग्राम-सिंगरौली रेलवे लाइन दोहरीकरण
लाइट हाउस परियोजना, इंदौर का
लोकार्पण
प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
के कर-कमलों द्वारा
5 अक्टूबर, 2023 । अपराह्न 3:00 । जबलपुर, मध्यप्रदेश
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री
नागपुर-जबलपुर गैस पाइप लाइन परियोजना
317 कि.मी. की गैस पाइप लाइन से मिलेगा प्राकृतिक गैस के उपयोग को बढ़ावा और शहरों को प्रदूषण से मुक्ति
6 राष्ट्रीय राजमार्ग
287 कि.मी. से अधिक सड़कों के निर्माण से 6 जिलों को मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी, व्यावसायिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा
5 जल-जीवन मिशन परियोजनाएं
जबलपुर, मंडला और डिंडौरी जिलों के 1479 गांवों में नल से जल मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में सुनिश्चित होगा स्वस्थ, बेहतर जीवन
विजयपुर-औरैया गैस पाइप लाइन परियोजना
352 कि.मी. की गैस पाइप लाइन से औद्योगिक व घरेलू उपयोग के लिए सुलभ होगा ईंधन
1 राष्ट्रीय राजमार्ग
80 कि.मी. की सड़क से महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के बीच यातायात हुआ सुगम, खरगोन और बड़वानी जिलों के 36 गांवों को मिला मुख्य मार्गों से संपर्क
1 जल-जीवन मिशन परियोजना
सिवनी जिले के 96 गांवों में पहुंचा नल से स्वच्छ जल, वर्ष 2025 तक पूरा होगा 1 करोड़ 19 लाख ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य
2 रेलवे लाइनों का दोहरीकरण
यात्री और मालगाड़ियों की गति और क्षमता हुई बेहतर, पर्यटन उद्योग तथा सिंगरौली, सीधी और कटनी जिलों के सामाजिक, आर्थिक विकास को मिली गति
सीधा प्रसारण
http://pmindiawebcast.nic.in
DD News
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@JansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-11137/23
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

## न्यूक्लियर एनर्जी का बनाया चलित मॉडल, वायरलेस लाइट फिडेलिटी ने किया हैरान







**जबलपुर, देशबन्धु।** विज्ञान से जुड़े मॉडल्स में प्रतिभागियों ने हैरान कर दिया। कार्यक्रम में किसी ने न्यूक्लियर एनर्जी चुटका का चलित मॉडल बनाया, वहीं वायरलेस लाइट फिडेलिटी का मॉडल तैयार किया।

लाइट फिडेलिटी एक दोनों तरफ से चलने वाला वायरलेस प्रणाली है। जिसकी फ्रिक्वेंसी का उपयोग इंटरनेट सिग्नल को प्रसारित करने में किया जाता है। ज्ञान और विज्ञान से जुड़े ऐसे ही मॉडल्स छात्रों ने साइंस मॉडल कॉम्पीटिशन में दिखाए। महाकोशल विज्ञान परिषद् और मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वावधान में जिज्ञासा कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### महाकोशल विज्ञान परिषद और एमपीसीएसटी का आयोजन

**250 छात्रों की सहभागिता**-कार्यक्रम में 10 कॉलेज और 11 स्कूल से 250 प्रतिभागी शामिल हुए। दूसरे चरण में मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने जलवायु परिवर्तन एवं उसका भविष्य पर प्रभाव विषय पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण बाढ़, सूखा और अन्य बीमारियां बढ़ रही है। इस मौके पर डॉ.अरूण कक्कड़, डॉ.सुनीता शर्मा, इंजी. के.सी. शर्मा, डॉ. मुकेश राय, डॉ. शिखा सक्सेना, डॉ. सुमन प्रभाकर, डॉ. प्रीति खरे, डॉ. समद्धि परांजपे मौजूद रहीं।



## दीक्षांत की फुल ड्रेस में रिसर्हल

**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में दीक्षांत की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। महिलाओं ने जहां क्रीम साड़ी और पीली पगड़ी पहनी, वहीं पुरुषों के लिए क्रीम कलर का कुर्ता और पायजामा ड्रेसकोड पहनकर डिग्री प्राप्त की। बुधवार को दीक्षांत समारोह को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। इस दौरान प्रतिभागियों को दीक्षांत के निर्धारित नियम और अनुशासन की जानकारी दी गई। दीक्षांत में 1 डी.लिट्, 95 पीएचडी और 53 छात्र-छात्राओं को 82 स्वर्णपदक प्रदान किए जाएंगे। दीक्षांत समारोह गुरुवार सुबह 10 बजे से सम्पन्न होगा।

### रादुविवि कॉन्वोकेशन

### संगीत संध्या

**जबलपुर, देशबन्धु।** अंतस संस्था के तत्वावधान में कभी भूला कभी याद किया थीम पर संगीत संध्या का आयोजन 7 अक्टूबर को शाम 6.30 बजे रानी दुर्गावती कला वीथिका में किया जाएगा।

### ग्रेंड महारास गरबा

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमओजे क्लब के तत्वावधान में 27 अक्टूबर को तिलवारा स्थित होटल में शाम 4 बजे से ग्रेंड महारास का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में एक्टर जैनिफर मिस्त्री बंसीवाल मुख्य अतिथि होंगी।

### पोस्टर कॉम्पीटिशन

जबलपुर, देशबन्धु। महाकोशल विज्ञान परिषद के तत्वावधान में गुरुवार को गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज में सुबह 10 बजे से पोस्टर, पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

## सागर किनारे दिल ये पुकारे...




**जबलपुर, देशबन्धु।** जय गणपति वंदनगण नायक..., मेरे प्यार की उम्र हो..., ऐसा समां ना रहा..., सागर किनारे दिल ये..., जैसे गीतों दौर सप्तक स्वर मंजरी ग्रुप के कार्यक्रम में नजर आया। मुख्य अतिथि स्वाति सदानंद गोलबोले, अध्यक्षता शरद वजीरा ने की। मीता भट्टाचार्य, संध्या पाठक, सुभाष दीक्षित, विनोद कायंदे, अनिल चिनपुरिया, श्रीपद कायंदे, शिल्पा ताम्हणे, विमल श्रीवास्तव, किशोर ताम्हणे मौजूद रहे।



## औषधीय पौधे पर्यावरण संवारते हैं : डॉ. संदीप शुक्ला

जबलपुर, देशबन्धु। पर्यावरण संरक्षण के लिए औषधीय पौधों का रोपण आवश्यक है। औषधीय पौधे वातावरण को भी स्वच्छ बनाते हैं। यह बात वैज्ञानिक, डॉ. संदीप शुक्ला ने कही। उन्होंने पर्यावरण और कीटनाशकों द्वारा जल प्रदूषण पर व्याख्यान दिया। गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में आयोजित हुए कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया, डॉ. तनूजा चौधरी, डॉ. आरके श्रीवास्तव, डॉ. प्रीति डोंगरे, डॉ. एमके ठाकुर मौजूद थे।

## आर्मी जवानों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**जबलपुर, देशबन्धु।** सेना के जवानों ने उमाघाट में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ना सिर्फ घाटों की सफाई की, बल्कि तीन टन कूड़ा वाहनों के माध्यम से इकट्ठा किया। एमबी एरिया, ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर के सैनिकों ने स्वच्छता ही सेवा के आदर्श वाक्य के साथ गौरीघाट में कारसेवा की। सेंटर द्वारा नर्मदा समिति को डस्टबिन सौंपे गए। सैनिकों द्वारा घाट की टूटी-फूटी टाइल्स की मरम्मत भी की गई।

## आपसी सहयोग से ही सांसारिक जीवन में आनंद : स्वामी अशोकानंद

### पितृपक्ष में भक्ति धाम ग्वारीघाट में श्रीमद्भागवत कथा पुराण



**जबलपुर, देशबन्धु।** भगवान संपूर्ण जगत का पालन करते हैं। श्रीकृष्ण रुक्मणि के समान सभी परिवारों में मेल-जोल सहयोग की भावना होना चाहिए। समान भाव से सांसारिक जीवन में आनंद आपस में बांटकर ही जीवन में मंगल होता है,श्रीमद्भागवत परिवार के साथ जोडती है। श्रीकृष्ण रुक्मणि जैसे ही जीव को सृष्टि में प्रेम करूणा रखना चाहिए

भागवत सेवा समिति के तत्वावधान में भक्तिधाम आश्रम ग्वारीघाट मैं पूर्वजों के तर्पण के लिए पितृपक्ष में श्रीमद्भागवत कथा पुराण के षष्ठम दिवस श्रीकृष्ण रूक्मणी मंगल में व्यासपीठ से भागवताचार्य स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने कहें।

श्रीराधा-कृष्ण, व्यासपीठ, महाराज का पूजन अर्चन पंडित वेदांत शर्मा , करिश्मा शर्मा, आचार्य चंद्रिका प्रसाद, लालू महाराज, पुष्प राज तिवारी, वीनू माखीजा, विजय पंजवानी, पप्पू लालवानी, उमेश पारवानी, जय बाशानि, दीपक पंजवानी, हीरा शर्मा, खेराज दास हेमराजनी ,सहित श्रृध्दालु जनों की उपस्थिति रही।

## गैरीसन ग्राउंड का नाम टैगोर मैदान किया जाए : बंग समाज

**जबलपुर, देशबन्धु।** बंग समाज ने पत्र वार्ता में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री से गैरीसन मैदान का नाम बदल कर टैगोर मैदान करने का आग्रह किया है। बंग समाज के सदस्यों ने बताया कि वह लगातार मैदान का नाम बदलने की मांग करता आ रहा है। लेकिन छावनी परिषद प्रशासन न्यायालय का हवाला देकर टालमटोल करता रहा है। उन्होंने बताया कि टैगोर गार्डन का नाम पूर्व में किंग्स गार्डन हुआ करता था, लेकिन अब टैगोर गार्डन कहलाता है। इस दौरान मुक्ता राय, आशीष बैनर्जी, सुरजीत बैनर्जी, अंजन चटर्जी, संजय भट्टाचार्य, आलोक बोस सहित समाज के समस्त पदाधिकारी पत्रकार वार्ता में उपस्थित थे।



## मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्य में 40 हजार 10 मतदाता जुड़े

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बुधवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार सुमन ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के सम्बंध में जानकारी दी।

इस दौरान उन्होंने बताया कि अब जिले में कुल 18 लाख 67 हजार 8 सौ 41 मतदाता हो गए है। जबकि 2 अगस्त के बाद 40 हजार 10 मतदाता 8 विधानसभाओं में जुड़े हैं। निर्वाचन के सम्बंध में आगे जानकारी देते हुए कहा कि जिले में 9 लाख 17 हजार 4 सौ 3 महिला मतदाता और 9 लाख 50 हजार 3 सौ 36 पुरुष मतदाता और अन्य मतदाता 102 हो गये हैं। इस दौरान फार्म 6 एवं 8 के माध्यदम से 57 हजार 736 मतदाता जुड़े तथा फार्म 7 एवं 8 के माध्यम से 17 हजार 7 सौ 27 मतदाता विलोपित हुये। प्रारूप प्रकाशन के उपरांत पुरूष मतदाता 16 हजार 956, महिला मतदाता 23033 एवं थर्ड जेण्डर में 1 की वृद्धि हुई। जेण्डर रेशो में 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो कि 958 से बढ़कर 965 हो गया है। इसी रेशो में 1.47 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है जो 65.55 प्रतिशत से बढ़कर 67.02 प्रतिशत हो गया है। 18-19 नवीन आयुवर्ग के वोटरों की संख्या में 14155 नवीन वोटरों की वृद्धि हुई जो 37936 से बढ़कर 52041 हो गया है। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 10742 है तथा वरिष्ठ मतदाता जो 80 साल से ऊपर है उनकी संख्या 17337 है। इस दौरान बताया गया कि 194877 ईपिक कार्ड वितरण के लिये भेजे जा चुके है।

### अब जिले में कुल 18 लाख 67 हजार 841 मतदाता हुए

जिले का ईपी रेसियो 67.02 प्रतिशत हो गया है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 05 अक्टूबर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। आश्विन कृष्ण पक्ष की षष्ठी, नक्षत्र-मृगशिरा।**

**मेष**
पारिवारिक और ऑफिस के मैटर्स पर आप सामंजस्य रखेंगे, तो संघर्ष कम होगा। वाणी पर संयम रखना हितकर होगा।

**कर्क**
आज कोई नया काम शुरू करने और आर्थिक योजना बनाने के लिए दिन अच्छा है। व्यापार में लाभ हो सकता है।

**वृषभ**
दृढ़ विचारों के कारण अपने काम को अच्छी तरह से कर सकेंगे। आपकी कलात्मकता अधिक निखरेगी।

**सिंह**
आपके व्यवसाय के लिए आज का दिन बहुत अच्छा और श्रेष्ठ है। आज हर काम सफलतापूर्वक पूरा होगा। अधिकारियों की आप पर कृपादृष्टि रहेगी।

**मिथुन**
आपकी वाणी और व्यवहार से किसी के साथ गलतफहमी होने की संभावना है। परिवार के सदस्यों के साथ भी व्यवहार में सावधानी रखनी पड़ेगी।

**कन्या**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। सगे-संबंधियों के साथ यात्रा का आयोजन हो सकता है। मित्रों से लाभ हो सकता है।

क. 460-

**तुला**
आज आप नए काम की शुरुआत ना ही करें। भाषा और व्यवहार पर संयम रखने से आपको लाभ होगा। गुप्त शत्रु आपको परेशान कर सकते हैं।

**मकर**
जो लोग कला और साहित्य में रुचि रखते हैं, वे अपनी प्रतिभा अच्छी तरह प्रदर्शित कर सकेंगे।सृजनशक्ति और रचनात्मकता को अच्छी तरह लोगों के समक्ष पेश कर सकेंगे।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन कुछ अलग तरीके से गुजरेगा। खुद के लिए आप समय निकाल सकेंगे। दोस्तों के साथ घूमना-फिरना, मौज-मस्ती, मनोरंजन।

**कुंभ**
आप अत्यधिक भावुक बनेंगे, इस कारण भय का अनुभव होगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह से बना सकेंगे। माता की तरफ से आपको लाभ होगा।

**धनु**
नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा और लाभदायक लग रहा है। आपको वित्तीय लाभ हो सकता है। सहकर्मी और सेवकों से सहायता मिलेगी।

**मीन**
आज का दिन काम में सफलता पाने और महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए अनुकूल है। आपके विचारों में स्थिरता रहेगी। सभी काम अच्छी तरह पूरा कर सकेंगे।

मा.289-144

1,4,7,8,12,45,75,81,57,55,16,09

## जम्मू और कश्मीर राइफल्स सेंटर मे सत्यापन परेड का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर एक ऐतिहासिक क्षण को गवाह बना, जब जम्मू और कश्मीर राइफल्स रेजिमेंट के 912 अग्निवीरों का दूसरा बैच 31 सप्ताह के बुनियादी और उन्नत सैन्य प्रशिक्षण के पूरा होन के बाद पास आउट होकर भारतीय सेना में शामिल हो गया। गौरव और उच्च मनोबल से भरपूर अग्निवीरों ने एक शानदार पॉसिंग आउट परेड प्रस्तुत की। जिसकी समीक्षा मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर राजेश शर्मा, कमांडेट जैक राइफल रेजिमेंटल सेंटर जबलपुर ने की।

अग्निवीरों के दूसरे बैच के लिए यह वास्तव में एक अनूठा सम्मान है, कि उन्होंने अपना अंतिम कदम या अंतिम पग उठाया और विशिष्ठ रेजिमेंट का हिस्सा बन गए। परेड में रेजिमेंट के कई अधिकारी, जेसीओएस और ओआर के साथ-साथ प्रशिक्षक कर्मचारी और गौरवांवित माता-पिता भी शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी अग्निवीरों को पदक से सम्मानित किया और उनके गौरवांवित माता-पिता को गौरव पदक भी प्रदान किया। इस अवसर पर ब्रिगेडियर राजेश शर्मा ने इन सैनिकों से तिरंगे के प्रति अपनी शपथ को हमेशा याद रखने और रेजिमेंट और देश की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए कड़ी मेहनत करने का आव्हान किया। उन्होंने अग्निवीरों को याद दिलाया कि जम्मू-कश्मीर राइफल्स रेजिमेंट में शामिल होना उनके लिए बहुत सम्मान की बात है। अंत में जम्मू-कश्मीर राइफल्स और लद्दाख स्काउद्स रेजिमेंट के कर्नल आफ द रेजिमेंट लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, एवीएसएम की ओर से मुख्य अतिथि ने जम्मू-कश्मीर राइफल्स रेजिमेंट सभी पासिंग

## अधारताल से करौंदा नाला पोल शिफ्टिंग में हुई धांधली का आरोप

**जबलपुर, देशबन्धु।** बिजली विभाग उपभोक्ताओं को अनेक प्रकार से लूटने और वसूली के लिए बदनाम रहा है। अभी हाल ही में स्मार्ट मीटरों को लेकर विरोध की खबरें सुनने में आई थी। बिजली विभाग का एक और कारनामा सामने आया है। कांग्रेस बिजली उपभोक्ता शिकायत निवारण प्रकोष्ठ ने आरोप लगाते हुए बताया कि अधारताल तिराहे से करौंदा नाला बायपास तक बिजली पोल शिफ्टिंग के कार्य में धड़ल्ले से धांधली की गई है। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बिजली विभाग द्वारा पोल शिफ्टिंग में हुई धांधली का आरोप लगाते हुए कहा कि नए उपकरणों के नाम पर 146 बिजली खम्बों में मात्र 37 खम्बें नए लगाए गए है। नए खम्बे वजन की वजह से तिछरे हो गए है, और स्क्रैप का भी कोई अता-पता नहीं है। बिजली उपभोक्ता शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का कहना है कि बिजली विभाग के इस भ्रष्टाचार को लेकर ईओडब्ल्यू में शिकायत करने के साथ ही न्यायालय में भी जाने की बात कही।





## भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने जेल बंदियों का शिविर में किया स्वास्थ्य परीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय जेल जबलपुर में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर जेल में बंद महिला और पुरूष बंदियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर निशुल्क दवाईयां वितरित की गई। शिविर में पहुंचे बंदियों की चिकित्सकों ने जांच कर उन्हें उचित परार्मश भी दिया। जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर ने बताया भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के डा. अश्विनी त्रिवेदी नेतृत्व में डाक्टरों की टीम ने जेल में निरूद्ध बंदियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें परार्मश प्रदान किया। उन्होंने आगे बताया चिकित्सकों की टीम में दांत रोग विशेषज्ञ और नेत्र रोग विशेषज्ञों सहित मेडिसिन और आयुर्वेदिक चिकित्सक भी डॉक्टर शामिल रहे।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

### सविता मेहरोलिया



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है की ट्यूलिप परिसर सोसायटी, तिलहरी निवासी सुधीर मेहरोलिया की धर्मपत्नी सविता मेहरोलिया का स्वर्गवास बुधवार रात 8 बजे हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार आज दोपहर 12 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### मनमोहन प्रसाद विश्वकर्मा



मनमोहन प्रसाद विश्वकर्मा मकान नं. 5 एम ब्लाक के सामने हाथीतल कॉलोनी गुप्तेश्वर वार्ड निवासी कार्यरत मप्र हाउसिंग बोर्ड धन्वन्तरी नगर में कार्यरत थे। मनमोहन प्रसाद विश्वकर्मा 54 वर्ष के थे उनका निधन शाम 5 बजे जबलपुर हॉस्पिटल में हो गया है। इनका अंतिम संस्कार आज सुबह 10 बजे होगा जो कि ग्वारीघाट मुक्तिघात के लिए प्रस्थान करेगी ।

शोभा कपूर- नेपियर टाउन निवासी कमल कपूर की धर्मपत्नी शोभा कपूर (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

प्रभुदयाल सुमेरिया- शक्ति नगर गुप्तेश्वर निवासी प्रभुदयाल सुमेरिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

सुखदेव दुबे- अच्छे मियां का बाड़ा शीतलामाई निवासी सुखदेव दुबे (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

सुशीला शर्मा- सरस्वती कॉलोनी चेरीताल निवासी श्रीलाल शर्मा की धर्मपत्नी सुशीला शर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्यामा बाई महतो- ब्यौहारबाग घोड़ा अस्पताल के पास निवासी अशोक महतो की धर्मपत्नी श्यामा बाई महतो (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

कु. प्रियंका दुबे- न्यू कॉलोनी चेरीताल निवासी नरेंद्र कुमार दुबे की पुत्री कु. प्रियंका दुबे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


मोनिका सोनकर- सिंधी कैंप ठक्कर ग्राम निवासी पवन सोनकर की धर्मपत्नी मोनिका सोनकर (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

दसोदा बाई राव- न्यू गोकलपुर तालाब के पास निवासी जवाहर लाल राव की धर्मपत्नी दसोदा बाई राव (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# प्रधानमंत्री मोदी आज दो घंटे रहेंगे जबलपुर में

## सुरक्षा का जिम्मा एसपीजी ने संभाला, सभा स्थल में रोड-शो के लिए बनाई गई सड़क

- जमीन से आसमान तक सुरक्षा के तगड़े इंतजाम
- कई जिलो से सभा में शामिल होने आयेंगे लोग
- नगर में कई केन्द्रीय और राज्यमंत्रियों, भाजपा पदाधिकारियों का जमावड़ा



**जबलपुर, देशबन्धु।** आज जबलपुर आ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नगर में लगभग दो घंटे बितायेंगे। हवाई अड्डा पर आगवानी स्वागत के उपरांत श्री मोदी रोड-शो करेंगे और गैरीशन ग्राउंड पर एक विशाल आम सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब दो घंटे शहर में रहेंगे। इस दौरान सदर, सिविल लाइन, पेंटी नाका, गोरा बाजार के मार्ग को डायवर्ट किया जाएगा। नरेंद्र मोदी के जबलपुर आने पर दोपहर 1 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक मार्ग को बदला भी जाएगा। जबलपुर ट्रैफिक पुलिस ने शहर के लोगों से अपील की है कि 5 अक्टूबर गुरूवार को जब तक बहुत जरूरी काम ना हो इस रूट का उपयोग न करें, नहीं तो जाम में फंस सकते हैं। जबलपुर शहर के गैरीसन मैदान में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक विशाल आम सभा को संबोधित करेंगे। उनके जबलपुर आगमन को लेकर तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है।

नरेन्द्र मोदी की सभा में करीब एक लाख से अधिक लोगों के आने का दावा किया जा रहा है। इसके लिए दो हजार से अधिक बस नरेन्द्र मोदी की सभा में लोगों को लाने के लिए लगाई गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में तीन डोम बनाए गए है। जिसमें विभिन्न जिलों के एक लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। 8 एकड़ में फैले गैरीसन मैदान में 132 × 700 वर्ग के दो और एक 100×709 मीटर का डोम लगाया गया है। जिस जगह नरेंद्र मोदी बैठेंगे उसे स्थान में एसी लगाए गए हैं। गैरीसन मैदान में खास सड़क भी बनाई गई है। बताया जा रहा है कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा स्थल पहुंचेंगे तो एसपीजी से घिरे हुए बुलेट प्रूफ कार में सवार होकर आम जनता का अभिवादन स्वीकार करेंगे। इसके लिए सभा स्थल मे सड़क भी बनाई गई है। वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी लगभग पूरी हो गई है। पीडब्ल्यूडी ईई शिवेन्द्र सिंह ने बताया कि मोदी की सभा को लेकर तीन डोम लगाए गए है। एसपीजी की टीम ने सोमवार से जबलपुर में डेरा डाल रखा है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में करीब ढाई हजार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई है। जिसमें कई एसपी रैंक के अधिकारी भी होगें। नरेंद्र मोदी के जबलपुर आने से पहले एसपीजी ने एयरपोर्ट और कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा अपने जिम्मे ले ली है। 5 अक्टूबर को एयरपोर्ट की सुरक्षा भी सख्त होगी। इस दिन प्रधानमंत्री के आने से लेकर उनके जाने तक एयरपोर्ट में सिर्फ फ्लावर्स को ही आने जाने की अनुमति दी जाऐगी। चार अक्टूबर की सुबह दस बजे से लेकर पांच अक्टूबर की रात तक ड्रोन, पैराग्लाइडिंग, हाट एयर बैलून समेत अन्य उड़ने वाले उपकरण का उपयोग नहीं किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 अक्टूबर को दोपहर करीब बजे एयरपोर्ट पहुंचेंगे। उसके बाद बुलेट प्रूफ कर में सवार होकर एसपीजी के अधिकारी और जवानों के बीच कार में शामिल होकर सभा स्थल तक पहुंचेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी के करकेट में जैमर, बम डिस्पोजल और डिफ्यूज स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉयड, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड वाहन होंगे। इसके साथ ही काफिले में सुरक्षा घेरे के पीछे जनप्रतिनिधियों और पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों के वाहन होंगे।

### पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित

ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक मुर्गी मैदान, वेटरनरी कॉलेज, पुलिस ग्राउंड, आरसीएम ग्राउंड, बिलहरी चर्च, गन चौक, जेल मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

### डायवर्सन पॉईंट व मार्ग व्यवस्था

सुअर कोल तिराहा, नहरा कंपनी, विश्वविद्यालय तिराहा, माता मरियम चौक, कैरब्ज तिराहा, यादगार चौक, इलाहाबाद बैंक चौक, टीआई क्रॉसिंग, एकता मार्केट, ऑफिसर मेस तिराहा, एम्पायर तिराहा, जयसवाल पैट्रोल पंप, संत थॉमस चौक, पहलवान बाबा तिराहा से वीवीआईपी के आगमन और प्रस्थान के दौरान सभी प्रकार के वाहनों को डायवर्सन किया जायेगा। मंडला रोड एकता मार्केट बायपास ब्रिज से सभी प्रकार के भारी वाहनों का शहर की तरफ प्रवेश प्रतिबंध रहेगा। यह वाहन मंगेली तिराहा तिलवारा पुल से होकर जायेंगे। वहीं सिविल लाईन से एकता मार्केट बरेला की ओर जाने वाले वाहन इलाहाबाद बैंक चौक सर्किट हाउस नं2 कैरब्ज पुल नं2, नं3 मंडला क्रॉसिंग, ऑफिसर मेस चौक, बिरमानी पेट्रोल पंप, गणेश चौक, पेंटी नाका होते हुये बरेला की ओर जा सकेंगे। बरेला की आरे से सीटी की ओर आने वाले हल्के वाहन पेंटी नाका सदर बाजार बिरमानी पेट्रोल पंप, ऑफिसर चौक मंडला क्रॉसिंग से पुल नं2-3 से होकर जायेंगे। एम्पायर तिराहा से गैरीसर ग्राउण्ड पेंटी नाका चौराहा से यादव चौक समन्वय चौक की तरफ से गैरीसन ग्राउण्ड की ओर वाहनों का जाना प्रतिबंधित रहेगा।

### मुख्यमंत्री दोपहर 2 बजे जबलपुर आयेंगे

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज गुरुवार को भोपाल से वायुयान द्वारा सुबह 9:15 बजे जबलपुर आएंगे। श्री चौहान सुबह 9.20 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा शहडोल प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री शहडोल एवं सतना में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद दोपहर 2 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा जबलपुर आएंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 2.50 बजे डुमना एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करेंगे।

### डुमना एयरपोर्ट, गैरिसन ग्राउंड और सर्किट हाउस का क्षेत्र नो फ्लाईग जोन घोषित

पुलिस अधीक्षक तुषार कान्त विद्यार्थी ने बुधवार को एक आदेश जारी कर डुमना विमानतल, गैरिसन ग्राउंड, सर्किट हाउस क्रमांक-एक, एमईएस रेस्ट हाउस तथा डुमना विमानतल से गैरिसन ग्राउंड तक आवागमन मार्ग की 15 किलोमीटर की परिधि को सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से अस्थाई तौर पर नो फ्लाईंग जोन घोषित कर दिया है । पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्रोन नियम 2021 के प्रावधानों के तहत जारी इस आदेश में कहा गया है ड्रोन, पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून तथा अन्य प्रकार के फ्लाइंग ऑब्जेक्ट से व्हीव्हीआईपी के प्रस्तावित प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को कोई खतरा पैदा न हो इसलिये इन क्षेत्रों को नो फ्लाईंग जोन अथवा रेड जोन घोषित किया जाना आवश्यक है । आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध वायुयान अधिनियम 1934 तथा अन्य सुसंगत धाराओं और अधिनियमों के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी । पुलिस अधीक्षक द्वारा नो फ्लाईंग जोन घोषित करने सबंधी यह आदेश 4 अक्टूबर की सुबह 10 बजे से 5 अक्टूबर की रात 11 बजे तक प्रभावी रहेगा ।

# खमरिया में दिखा तेंदूआ, वन विभाग अलर्ट, लोगों की दी जा रही समझाईश



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले से लगभग अब मानसून की विदाई हो चुकी है और ऐसे कयास लगाये जा रहे हैं कि दशहरा तक ठंड जोर पकड़ लेगी। जिसका असर भी दिखने लगा है। इसी के साथ ही वन क्षेत्रों में तेंदूए की अपने क्षेत्रों को बदलने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी कड़ी में खमरिया क्षेत्र में तेंदूआ दिखने की चर्चाएं जोरों पर चल रही है। खमरिया में तेंदुए के देखे जाने से आस-पास के रहवासियों में दहशत है। आसपास के लोगों का दावा है कि तेंदुए के पदचिन्ह भी देखे गए हैं। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला भी अलर्ट हो गया है। ऐसा भी अंदाजा लगाया जा रहा है कि ठंड का मौसम आने से पहले ही तेंदूआ अपना ठिकाना बदलता है। जिससे वह अब दूसरी जगह की तलाश में हैं। वन विभाग की रेस्क्यु टीम आसपास के क्षेत्र और जंगल में निगरानी कर रही है वहीं रहवासियों को जंगल परिक्षेत्र में न जाने समझाइश दे रही है। मुनादी कराकर भी सर्तक किया जा रहा है। फिलहाल तेंदूए ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया है।

### पनागर से खमरिया परिक्षेत्र में हुआ दाखिल

वन विभाग की माने तो तेंदुआ पनागर, खमरिया से लगे जंगल में मूवमेंट कर रहा है। जो वर्धाघाट को पार कर खमरिया रिठौरी परिक्षेत्र में दाखिल हुआ है। लोगों का कहना है उन्होंने उसे घूमते हुए देखा है। इस मामले में अधिकारी वन परिक्षेत्र शहर अपूर्व शर्मा का कहना है कि खमरिया में तेंदुआ के मूवमेंट की सूचना मिली है। एक टीम भेजकर निगरानी करने कहा गया है। लोगो को भी सर्तक रहने की सलाह दी जा रही है।

# भाजपा के दिग्गज नेताओं में शुमार रहने वालों के परिजनों की उपेक्षा

## चुनावी समर में उत्तर मध्य से युवा पीढ़ी को कमान सौंपना, समय की मांग

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर ही नहीं बल्कि संभाग से लेकर प्रदेश स्तर पर भाजपा को मजबूती प्रदान करने में नींव के पत्थर के रूप में काम करने वालों के परिजनों को अनदेखा किया जा रहा है। चना खाकर पार्टी को दिन रात अपने पसीने से सींचने वालों को भुला दिया गया है। संघर्ष के बदौलत उस दौरान जब कांग्रेसमय माहौल था, तब जनहित के मुद्दों को लेकर प्रदर्शन और लाठियां खाकर भाजपा को जन-जन तक पहुंचाने वालों के बाद अब पार्टी में ऐसी पीढ़ी को बढ़ाने की कवायद नहीं हो पाई है जो पार्टी के लिये जरूरी हैं।

भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक नेताओं में शुमार स्व. बाबूराव परांजपे, संगठन महामंत्री विनय सहस्त्रबुद्धे तत्कालीन राज्यपाल निर्मल चंद्र जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता अंबिकेश्वर दुबे, भगवतीधर बाजपेई, प्रो. दीनानाथ मिश्रा, त्रिवेणी प्रसाद, पुरुषोत्तम संघी, ईश्वर दास रोहणी, डॉ. गूमर, डॉ. नेल्सन, छोटेलाल कोष्टा, लालजी साहू, चिंतामणि साहू, भूपेंद्र दुबे जैसे नेताओं ने पं. ओंकार प्रसाद तिवारी महाराज के साथ भाजपा को स्थापित कर शीर्ष स्तर पर पहुंचाया था।

इस बारे में पार्टी को करीब से जानने वालों का मानना है कि उस समय सभी नेता एक दूसरे का आदर व सम्मान सार्वजनिक तौर पर करते थे। कठिन परिश्रम के परिणाम स्वरूप तब वरिष्ठ नेताओं को तैयार किया गया था, साथ ही पार्टी की द्वितीय कतार में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की फौज भी बन गई थी। लेकिन अब इनमें से ज्यादातर नेताओं के निधन के बाद कुछ नेता ही शेष हैं, उन्हें भी उचित प्रतिनिधित्व आज पार्टी में नहीं मिल रहा है। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि वर्ष 2000 के बाद महाराज के परिवार को अनदेखा किया गया। शहर का भाग्य या फिर दुर्भाग्य कहें कि पंडित जी के निधन के 14 दिन बाद 27 सितंबर को दादा बाबूराव परांजपे ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया। शीर्ष नेताओं में शामिल रहने वाले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ईश्वरदास रोहाणी के निधन के बाद उनके पुत्र अशोक रोहाणी को अवसर मिला। बीच के समय में जिन लोगों के पास पार्टी की कमान रही या जो पॉवर में रहे उन्होंने तीसरी पंक्ति को तैयार करने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई, इससे पार्टी पहले की अपेक्षा कमजोर हुई है। इधर दूसरे वरिष्ठ नेताओं के परिवार से आने वाले कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की जा रही है। इसके बावजूद पार्टी को वटवृक्ष के रूप में बनाने वाले उस समय के नेता जो आज हमारे बीच में नही हैं के परिवार के सदस्य आज भी पार्टी की रीति नीति के साथ काम कर रहे हैं, और समय-समय पर इसके परिणाम भी सामने आते रहे हैं।

**- पंडित जी ने सभी के दिलों में किया राज**

भाजपा को स्थापित करने में शामिल रहे वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि सन 1998 में चुनाव जीतने के बाद जब ओंकार महाराज का स्वास्थ्य



बिगड़ा, तो उस वक्त दिग्विजय सरकार सत्ता में आसीन थी, बताया गया कि महाराज के संबंध सभी से प्रगाढ़ थे, महाराज उस वक्त कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित थे और उनके सामने लिवर ट्रांसप्लांट करने की सलाह चिकित्सकों ने दी थी, वह एक ऐसा दौर था, जब हमारे देश में यह सुविधा उपलब्ध नहीं थी और शिकागो में ही लिवर ट्रांसप्लांट किया जाता था, महाराज को इलाज के लिए शिकागो भेजा व पूरा खर्च भी तत्कालीन दिग्विजय सिंह सरकार ने किया था। 4 महीने शिकागो में इलाज तो चला, लेकिन लिवर ट्रांसप्लांट नहीं हो पाया, अत्यधिक समय अपने क्षेत्र की जनता से दूर रहने के बाद महाराज उनसे मिलने के लिए बड़े आतुर थे, इसलिए उन्होंने अपने वतन लौटने का फैसला लिया। जब वह अपने कार्यक्षेत्र पहुंचे तो क्षेत्रीय जनता ने जो उनका स्वागत किया था। लेकिन मात्र 15 दिन रहने के बाद फिर पंडित जी का स्वास्थ्य एक बार फिर गंभीर हुआ और फिर से उन्हें स्टेट प्लेन से दिल्ली भेजा गया। सप्ताह भर उनका इलाज चला, लेकिन स्थिति इतनी विपरीत हो चुकी थी कि चिकित्सकों ने हाथ खड़े कर लिए और उन्हें वापस भेज दिया गया, अपने घर पहुंचने के बाद करीब सप्ताह भर उन्होंने जीवन मृत्यु से संघर्ष किया और फिर एक निजी अस्पताल में 12 सितंबर 1998 को भर्ती किया गया जहां देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया। बताया गया कि 13 सितंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी का लोकसभा प्रत्याशी जयश्री बनर्जी की सभा में आने के लिए आगमन होना था, जैसे ही वाजपेइयी जी डुमना विमानतल पर पहुंचे तो तत्कालीन नगर अध्यक्ष अनिल शर्मा ने उन्हें बताया, तो प्रधानमंत्री स्तब्ध रह गए, उन्होंने एसपीजी व पार्टी पदाधिकारी से कहा कि मैं महाराज को देखने जाऊंगा।

आनन-फानन में एसपीजी के मना करने के बाद भी उन्होंने मिलने की इच्छा जाहिर की, जिसके चलते 2 घंटे के भीतर ही एसपीजी ने पूरा मोर्चा संभाला और दोपहर 2 बजे महाराज को श्रद्धांजलि देने मिलौनीगंज स्थित गद्दी पहुंचे। आज पुनः 24 वर्षों बाद ओमकार परिवार की ओर से उत्तर मध्य विधानसभा, जो की महाराज की स्थापित की हुई सीट थी और वह वहां से चार बार विधायक और मंत्री रहते हुए जिस प्रकार से जनता का दल जीता है। 24 वर्ष बीतने के बाद भी आज जनता उन्हें याद कर रही है। आज उनके पुत्र आलोक तिवारी को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग कार्यकर्ताओं द्वारा की जा रही है। पार्टी पर पकड़ रखने वालों का मानना है कि नई पीढ़ी के हाथ में अब कमान देने की जरूरत है। उत्तर मध्य पार्टी का मजबूत गढ़ है। ऐसे में समय की मांग के अनुरूप प्रत्याशी चयन नहीं होने पर साल 2018 के परिणाम दोहराये जाने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# मंत्री व उनके भाई से खतरे की आशंका को लेकर मामला हाईकोर्ट में दायर

## गृह सचिव, डीजीपी सहित अन्य से जवाब तलब

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश के आयुष मंत्री व परसावाड़ा विधायक रामकिशोर कांवरे व उनके भाई राजकुमार कांवरे से खतरा होने की आशंका व्यक्त करते हुए मामले में हाईकोर्ट की शरण ली गई है। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने मामले में मप्र शासन, गृह सचिव, डीजीपी सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह मामला याचिकाकर्ता बालाघाट निवासी मिलिंद ठाकरे की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता विकास मिश्रा ने पक्ष रखा। जिसमें कहा गया कि याचिकाकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार है। उसने मंत्री रामकिशोर कांवरे के भाई राजकुमार कांवरे के खिलाफ उठाई, जिस कारण वे उससे दुर्भावना रखने लगे। आरोप है कि आवेदक को झूठे मामले में फंसाने की धमकियां दी जा रहीं है। जिससे आवेदक व उसके परिवार को खतरा बना हुआ है। आरोप है कि राजकुमार कांवरे को 2003 में हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। लेकिन राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल कर परिवीक्षा अधिनियम के तहत जेल से बाहर ले आया गया। जिसके बाद वह परिवीक्षा अधिनियम की शर्तों का उल्लंघन करने में जुटा है। उसकी पूर्ववत विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता बनी हुई है। जबकि परिवीक्षा अधिनियम में साफ किया गया है कि जेल से बाहर आने पर आपराधिक गतिविधियां साबित होने पर वापस जेल आना पड़ता है। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। आवेदक की ओर से कहा गया कि वह राजकुमार कांवरे के भ्रष्टाचार, अवैध रेत खनन, शराब की अवैध बिक्री और जुआ में संरक्षण को उजागर कर चुका है। इसीलिए वह उससे दुर्भावना रखता है। मामले में लगे आरोपों को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।




## प्राथमिक शिक्षक भर्ती के मामले में पूर्व का आदेश बरकरार

### हाईकोर्ट में अगली सुनवाई दो नवंबर को

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा से जुड़े मामले में पूर्व के उस अंतरिम आदेश को बरकरार रखा है जिसमें नियुक्तियों को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया गया था। मामले पर बुधवार को जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष करीब दो घंटे सुनवाई हुई।

सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने दो नवंबर को अंतिम सुनवाई करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जबलपुर निवासी रोहित चौधरी समेत प्रदेश के अलग-अलग जिलों के दर्जनों डीएलएड छात्रों ने याचिका दायर कर एनसीटीई द्वारा 26 अगस्त 2018 की उस अधिसूचना को चुनौती दी है, जिसके तहत प्राथमिक शिक्षक भर्ती के लिए बीएड डिग्रीधारकों को भी पात्र माना है। इसी के तहत अब सैकड़ों बीएड डिग्रीधारक उम्मीदवारों ने भी हस्तक्षेप आवेदन प्रस्तुत किये। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि बीएड डिग्रीधारकों के लिए यह शर्त रखी गई है कि नियुक्ति के दो वर्ष के भीतर उन्हें एक ब्रिज कोर्स करना होगा। दलील दी गई कि प्रदेश में प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 के तहत नियुक्ति के लिए काउंसलिंग जारी है। इसमें सैकड़ों बीएड डिग्री वालों को भी नियुक्ति दी जा रही है, जबकि अभी तक एनसीटीई ने ब्रिज कोर्स का सिलेबस भी निर्धारित नहीं किया है। न्यायालय को बताया गया कि 28 हजार में से करीब 15 हजार बीएड डिग्रीधारकों को नियुक्ति दी गई है। प्राथमिक शिक्षक भर्ती में बीएड वालों को नियुक्ति देने से डीएलएड डिग्रीधारकों का हक मारा जाता है। आवेदकों की ओर से तर्क दिया गया कि राजस्थान हाईकोर्ट, नई दिल्ली व हिमाचल हाईकोर्ट उच्च न्यायालय ने बीएड डिग्रीधारियों की प्राथमिक शिक्षकों के रूप में की गई नियुक्तियों को निरस्त किया गया है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने पूर्व का अंतरिम आदेश बरकरार रखते हुए मामले की अगली सुनवाई दो नवंबर को निर्धारित की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक शाह ने पक्ष रखा।

## वयोवृद्ध पिता के लकवाग्रस्त होने पर हाईकोर्ट ने रद्द किया तबादला

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने 75 वर्षीय पिता के लकवाग्रस्त होने को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ता का तबादला रद्द कर दिया है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मानवीय आधार पर उक्त निर्देश दिये।

हाईकोर्ट में यह अपील बैंक ऑफ बड़ौदा के सहायक प्रबंधक आशीष साहू की ओर से दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि उसका स्थानातंरण सिवनी से भीलवाड़ा राजस्थान कर दिया गया है। मोबाइल पर मैसेज भेजकर उसे रिलीव भी कर दिया गया। स्थानातंरण को निरस्त करने के लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि उसके वृद्ध पिता की आयु 75 साल है और वह लकवाग्रस्त है। आवेदन के साथ मेडिकल सार्टिफिकेट भी पेश किये गये थे। आवेदन खारिज होने के कारण उसने हाईकोर्ट की शरण ली थी।एकलपीठ ने सुनवाई बाद उनकी याचिका खारिज कर दी थी, जिस पर यह अपील दायर की गई। सुनवाई पश्चात् युगलपीठ ने मानवीय आधार पर स्थानातंरण निरस्त करने के आदेश दिये। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी ने पक्ष रखा।

# फर्जी दिव्यांग शिक्षक भर्ती मामले ने पकड़ा तूल

## कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, लगाई कार्यवाही की गुहार



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में समय-समय पर दिव्यांगों के लिये योजनाएं निकाली जाती हैं। जिसमें उन्हें लाभ दिया जाता है। साथ ही शासकीय नौकरी में भी इनके लिये प्रावधान रखा गया है। लेकिन कुछ भर्तियों में दिव्यांगों के साथ नाइंसाफी हो गई है। दिव्यागों के लिये आयी भर्ती में भ्रष्ट लोगों द्वारा फर्जी दिव्यांगों की भर्ती कर ली गई। जिससे जरूरत मंद को नौकरी नहीं मिल पायी है। जिसके कारण समस्त दिव्यांगों में आक्रोश है और भर्ती मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जिसके चलते दिव्यांग संघर्ष समिति ने बुधवार को मालवीय चौक से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सौरभ सतनामी दिव्यांग संघर्ष समिति सचिव ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शासन के द्वारा की गई दिव्यांग शिक्षकों की भर्ती में भ्रष्टाचार हुआ है जिसके चलते फर्जी दिव्यांग शिक्षकों की भर्तियां की गई हैं। इसके साथ ही शासन ने अभी तक दिव्यांग पेंशन नहीं बढ़ाई है, इसके विरोध में रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया है। अगर समय रहते शासन उनकी मांगों पर विचार नहीं करता तो दिव्यांगों के अधिकारों के लिये उग्र आंदोलन किया जायेगा।

# सीएम की घोषणा से गैस एजेंसी की बढ़ी मुश्किलें

## पति के नाम का गैस कनेक्शन अपने नाम पर कराने गैस एजेंसी में लाड़ली बहनों की उमड़ी भीड़



**पाटन, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आलीराजपुर की एक सभा में कहा कि जिन लाड़ली बहनों के नाम से गैस कनेक्शन नहीं हैं और उनके पति के नाम पर हैं तो उसे लाडली बहनों के नाम से ट्रान्सफर किया जाए। दरअसल सीएम शिवराज सिंह ने उज्वला और लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी बहनों को एक सितंबर से रसोई गैस सिलेंडर देने की घोषणा की है इधर सीएम के ऐलान के बाद अगले दिन पाटन विधान सभा क्षेत्र की लाडली बहनों का हुजूम पलक गैस एजेंसी पाटन पर उमड़ पड़ा जिसकी वजह से गैस एजेंसी में अफरा तफरी मच गई। और गैस एजेंसी के स्टाप और लाडली बहनों के बीच दिन भर आरोप प्रत्यारोप होते रहे।

लाडली बहनें बार बार बोल रही थी मामा ने घोषणा की है आप मेरे पति के नाम वाला गैस कनेक्शन मेरे नाम से कर दो वही एजेंसी के मालिक और उनके कर्मचारी महिलाओं को नियम और आदेश न मिलने के बारे में बताते रहे लेकिन सीएम की लाड़ली बहनें कोई भी बात सुनने और समझने तैयार नहीं थी जिसकी वजह से गैस एजेंसी में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। अचानक उमड़ी भीड़ से ग्राहक हुए परेशान-गैस सिलिंडर लेने आए संतोष मरावी ने बताया कि सुबह से ही महिलाएं गैस एजेंसी पर पहुंच रही थी एजेंसी के अंदर एवं एजेंसी प्रांगण में बड़ी संख्या में महिलाओं का हुजूम इकट्ठा हो गया था जिसकी वजह से गैस एजेंसी का कार्य प्रभावित हुआ हम लोग भी गैस सिलेंडर नहीं ले सके और खाली हाथ घर लौटना पड़ा।

**इनका कहना है** -जब इस संबंध में पलक गैस एजेंसी के ऑनर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि फूड कंट्रोल अधिनियम 2000 के अनुसार किसी भी उपभोक्ता का कनेक्शन उसके जीवित रहते हुए किसी अन्य व्यक्ति के नाम से ट्रांसफर नहीं होता है। मूल गैस उपभोक्ता की मृत्यु के बाद पुराने डिपॉजिट पर सिर्फ उसकी पति,पत्नी अविवाहित पुत्र,पुत्रियों का ही हक होता है।वैसे भी आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा-3 के अंतर्गत जारी एलपीजी कंट्रोल आर्डर राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में न होकर केंद्र सरकार के अधीन होता है।

## ज्वेलर्स की दुकान का ताला तोड़ने में चोर फिर से कामयाब

**गोसलपुर, देशबन्धु।** गोसलपुर थाना के झंडा बाजार चौक में चोरों ने वारदात को दिया अंजाम दिया है गोसलपुर थाना अंतर्गत गोसलपुर झंडा चौक में ज्वेलर्स की दुकान का एक बार फिर से ताला तोड़कर चोरों ने पुलिस को चुनौती दी हैं। खबर लगते ही गोसलपुर थाना प्रभारी अमले के साथ मौके पर पहुंचे। आसपास लगे सीसीटीवी की जांच के साथ चोरों की पतासाजी में लगी है। जानकारी के मुताबिक गोसलपुर झंडा बाजार में आनंद सोनी पिता प्रहलाद सोनी की आनंद ज्वेलर्स के नाम से आभूषण की दुकान है। रात में वह दुकान का ताला लगाकर घर चले गए। सुबह आकर देखा कि उनकी दुकान की शटर का ताला टूटा है। वैसे दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में तीन अज्ञात के फुटेज दिखाई दे रहे हैं जिनकी पुलिस तफसीस कर रही है।

आनंद सोनी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि आंनद ज्वेलर्स की दुकान में अगस्त माह भी ताला तोड़कर बड़ी चोरी की थी और दुकान से सोने चांदी के जेवर चोरी किए थे।



## क्षेत्रीय पेंशनर संघ समिति ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों का किया सम्मान

**पनागर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय पेंशनर्स, संघ (समिति) पनागर के तत्वाधान में पं दीनदयाल मंगल भवन में विधायक पं. सुशील तिवारी (इंदू भैया) के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदीप पटेल (भीम) नगर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता आमंत्रित विशिष्ट अतिथि श्रीमति रजनी यादव पू.जनपद अध्यक्ष, विमल जैन सांसद-प्रतिनिधि, सुरेश मिश्रा अध्यक्ष ब्राम्हण सभा, आनंद जैन ( मिंचू) वि. प्रतिनिधि सौरभ शर्मा, बनक्षेत्रपाल, शैलेन्द्र साहू न.मं महामंत्री अशोक पांडे के सानिध्य में नगर एवं ग्रामीण अंचल के हायर सेकेण्ड्री स्कूल से कक्षा 12वीं सत्र 22-23 में 80त्न एवं इससे अधिक अंक प्राप्त छात्र / छात्राओं को पुरुस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 89 छात्र/छात्राओं तथा कथा वाचक सुश्री सोनभ मिश्रा कु. रागिनी वर्मा को माउंटनिग एवं नगर पालिका पनागर सफाई दरोगा बाल मुकुन्द नामदेव (बल्लू) सफाई कर्मचारी राजू बाल्मीक को नगर की स्वच्छता बनाये रखते हेतु भी पुरूस्कृत एवं सम्मानित किया गया। वन विभाग पनागर द्वारा प्रत्येक पुरुस्कृत/सम्मानित प्रतिभागी को एक वृक्ष रोपित करने हेतु प्रदान किये गये जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे।

### सार-समाचार



## दुख में भी सुखी जीवन जीने की सीख देते हैं श्रीकृष्ण : पं. शिवम शुक्ल

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस वृंदावन धाम से पधारे कथा वाचक पं. शिवम शुक्ल जी महाराज ने प्रहलाद चरित्र, वामन चरित्र, श्रीराम जन्मोत्सव एवं श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण का जन्म जेल में हुआ था। फिर भी वे माया से प्रेरित होकर गोकूल पहुंच गए। नंद बाब के घर जन्मोत्सव की खुशियां मनाई गईं। उन्होंने भगवान कृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान मनुष्य योनी में जन्म लेकर दुख् में भी सुखी जीवन जीने की सीख देते है। महाराज श्री ने भगवान श्री राम के जन्म का व्याख्यान करते हुए कहा कि भगवान श्री राम अयोध्या नरेश दशरथ के यहाँ जन्म लिया था। इसके बावजूद वे शालीनता, नम्रता और मर्यादा पुरुषोत्म कहलाते है। वे 14 वर्ष तक जंगलों में भटके। फिर भी उन्हें अभिमान नहीं था। मनुष्य के पास थोडा सा धन आने के बाद अभिमानी बन जाता है।

नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की- कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सोहर गीतों पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर खूब नाचे। नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की गीत पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। बालक बने श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। व्यासपीठ का पूजन आयोजन अशोक अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, ज्ञान अग्रवाल, शैलेष अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, अनुभव अग्रवाल आदि ने किया। साथ ही आनंद भैरवे, मधुसुदन दुबे, राजेश अग्रवाल, शैलेश गुरु, अनिरुद्ध पड़राहा, सुकेश घोष, कैलाश अग्रवाल, यशपाल जैन आदि आगंतुक ने आज की भागवत कथा का रसपान किया।

## उत्साहपूर्वक मनाई गांधी जयंती

**कुंडम, देशबन्धु।** बघराजी समीपरथ ग्राम पंचायत बरखेड़ा में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई इस कार्यक्रम से मुख्य अतिथि खेल प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राजेश सोनी उप सरपंच संजय यादव मंडल अध्यक्ष लोटन सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पत्थर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरुआत की राजेश सोनी अपने विचार व्यक्त करते हुए ग्रामवासियों मात्र शक्तियों से आवाहन किया आप सब लोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलने पूरा विश्व शांति और अहिंसा का पुजारी है आज जरूरत है बापू को विचारों साथ ही आप सब लोग अपने-अपने घरों के सामने आसपास की सफाई जरूर करें घर को और गांव को स्वच्छ रखें आपस में झगड़े ना कोई बात होती तो ग्राम चौपाल के मध्यम से आप लोग अपने समझोते कर निर्णय करें थाने कचहरी आपके गांव से ना जा सके यही रामराज की कल्पना बापू जी ने की थी इस अवसर पर लोटन सिंह सेवादल जिला अध्यक्ष संजय यादव इत्ता झरिया ने बापू के आवाहन को अपनाने की सलाह दी कार्यक्रम में जित्तू योगेश पटेल सत्येंद्र खटीक रामफल झरिया श्यामलाल नोहर लालू प्रसाद गुप्ता लुंड लाल शुभ राम राजू लाल भुला गिरी दाल का मलाल प्रमोद कुमार द्व रात महिंद्रा उल्लू लाल बाल किशन छबी सिंह सुख दास कबाड़ी लाल हीरा लाल गेंद कुमार हमका प्रसाद सहारा प्रसाद चंदका प्रसाद सो मत लाल सहित बड़ी संख्या में गांव की बुजुर्ग एवं युवा महिला उपस्तिथि बुजुर्ग महिलाओं ने राष्ट्रीयता महात्मा गांधी के चित्रपट को सीने से लगाकर कहा कि हम लोगों ने इनका जमाना देखा है इनका खूब नाम चलता था हम इनकी बातों के नीति संदेश को अपनाएंगे भी।

## विद्युत विभाग ने चालू की मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना

**पाटन, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के निर्देश पर पाटन विद्युत विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना की शुरुआत की गई है जिसमें बताया गया है कि विगत लंबे समय से किसानों की मांग थी कि किसानों को अनुदान के तहत कृषि कार्य हेतु ट्रांसफार्मर रखने के लिए शासन के द्वारा मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना चालू की गई है जिसके अंतर्गत कृषि पंप के कनेक्शन लेने पर किसानों को अनुदान में 11 क्व लाइन 25 एवं 63 केवीए के ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पाटन संभाग के अंतर्गत कार्यपालन अभियंता शरद विश्वकर्मा ने बताया की उक्त योजना के अंतर्गत अधिकतम 200 मीटर 11 केवी लाइन विस्तार का प्रावधान किया जाना है। साथ ही कृषक या कृषकों के समूह के द्वारा आवेदन किए जा सकते है जिसमें 25 एवं 63 के ट्रांसफार्मर दिए जाने का प्रावधान है। प्रकरण तैयार होने के उपरांत एस्टीमेट की लागत राशि का 50 परसेंट की राशि उपभोक्ताओं के द्वारा जमा किया जाएगा बाकी 50 प्रतिशत की राशि कंपनी एवं शासन स्तर पर बहन की जाएगी। उक्त योजना में आवेदन करता का वरीयता अनुरूप कार्य संपादित किए जाने हैं।

## कार्यालय समय पर मंडी सचिव रहते हैं ऑफिस से नदारद!

**पाटन देशबन्धु।** जिले की कृषि उपज मण्डी पाटन में अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा लापरवाही बरतने का दौर अपने चरम पर पहुंच गया है। किसानों ने बताया कि कार्यालय समय पर मण्डी प्रभारी सचिव मुख्यालय से नदारद रहते है सिर्फ उनके कक्ष की खाली कुर्सी मण्डी कार्यलय की शोभा बढ़ा रही है। मण्डी में चल रही अनियमितताओं का सच जानने जब पड़ताल की गई तो कार्यलय समय पर मण्डी प्रभारी सचिव अमर सिंह गोंड अपने कक्ष से नदारद मिले जब मंडी के कर्मचारी से जानकारी लेना चाही तो उन्होंने बताया कि साहब खरीदी शेड में है इतना कहकर कर्मचारी भी वहां से नो दो ग्यारह हो गया जब शेड में जाकर देखा तो मण्डी प्रभारी सचिव के पूरे मण्डी प्रांगण में दर्शन नसीब नहीं हुए। इसके अलावा लेखा शाखा में भी ताला लटका मिला यह बात समझ से परे है की पूरी मण्डी की कमान भृत्य एवं गार्ड के हाथों में है। और मण्डी कार्यालय में पदस्य अधिकारी आफिस समय पर अपने अपने घरों में आराम फरमा रहे है। किसानों ने बताया कि इस पूरे घटना क्रम का पाटन एसडीएम को संज्ञान लेकर कृषि उपज मण्डी प्रांगण और मण्डी कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक करना चाहिए जिससे पता चल सके कि मण्डी प्रभारी सचिव हफ्ते में कितने दिन पाटन मण्डी में उपस्थित रहते है और कोन कोन से खरीदी शेड में उपस्थित होकर रोजाना आने वाली किसानों की समस्यों का निराकरण करते है।

**इनका कहना है**

जब इस सम्बंध में पाटन एसडीएम मानवेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आपके द्वारा उक्त मामला संज्ञान में आया है में इस मामले को दिखवाता हूं।



## राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विद्यार्थियों ने जाना

**पनागर, देशबन्धु।** शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिये इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दो वर्ष सफलतम् पूर्ण होने तथा तीसरे वर्ष प्रवेश पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों को अवगत कराते हुये राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शासन स्तर पर होने वाले नवाचार तथा विभिन्न प्रयासों से परिचित कराया। प्राचार्य ने आगे बताया कि शिक्षा नीति में विद्यार्थियों के लिये सामान्य शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक एवं व्यवहारिक शिक्षा को एकीकृत किया गया है। इंडक्शन कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नोडल अधिकारी डॉ. लोकेन्द्र कुमार बोरकर ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रमुख बिन्दु, विशेषताओं पर प्रकाश डाला साथ ही अकादमिक संरचना के अंतर्गत मुख्य विषय, गौंण विषय, वैकल्पिक विषय, व्यवसायिक विषय, आधार पाठ्यक्रम तथा परियोजना कार्य की विस्तृत संरचना, क्रेडिट, कोर्स का विभाजन, मुल्याकंन विधि ग्रेड कार्ड को पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शित किया। इस अवसर पर डॉ. गायत्री मरावी, डॉ. सीमा पटारिया, डॉ. कमलेश मौर्य, डॉ. रूबी शर्मा, डॉ. अंकिता पाठक, डॉ. प्रशांत नामदेव, डॉ. बलराम सेन तथा कु. पूजा जैन का योगदान सराहनीय रहा। इंडक्शन कार्यक्रम में लगभग 130 विद्यार्थियों लाभान्वित हुए।

## पारस बीज भंडार किसानों को नहीं दे रहा मटर का पक्का बिल !

### बिल मांगने पर कच्चा बिल किसानों को थमाया

**पाटन, देशबन्धु।** जिले की पाटन तहसील में मटर की बोनी शुरू होते ही पाटन क्षेत्र के बीज विक्रेताओं की लापरवाही और किसानों से वाद विवाद के मामले सामने आने लगे है वही कृषि विभाग में उच्च पदों पर जमे अंगदो की कार्य प्रणाली भी सन्देह के घेरे में है। पाटन से ताजा मामला निकल कर सामने आया है पारस बीज भण्डार कृषि उपज मंडी गेट के सामने बीज की दुकान संचालित है जिसमें मटर का ब्रांडेड कंपनी का बीज विक्रय किया जा रहा है और दुकान संचालक द्वारा किसानों को मटर खरीदी का पक्के बिल की जगह कच्चा बिल पकड़ाया जा रहा है और पक्का बिल मांगने पर बोला जाता है की यही मटर का पक्का बिल है और यही बिल मटर खरीदने वाले किसानों मेरे द्वारा दिया जाता है। इस सम्बन्ध में ग्राम बजरंग गढ़ के किसान बी.के सिंह और केशव प्रताप सिंह ने बताया की दिनांक 3 अक्टूबर को टाइगर ब्रांड करीब 1 क्विंटल 20 किलो यानी 3 बोरी 40 किलो की 3 बोरी बीज पारस कृषि केंद्र से 7800 सौ रुपए में खरीदा जब किसान ने मटर का पक्का बिल मांगा तो दुकानदार ने किसान को मटर का कच्चा बिल दे दिया और बोला की हम लोग मटर का बिल किसानों को ऐसे ही पर्ची में देते है मटर लेना है तो लो वरना मत लो इस तरह के व्यापारियों से किसान बेहद दुखी है। किसानों ने बताया कि पाटन के सभी कृषक उर्वरक विक्रेता एवं बीज विक्रेता को कृषि एसडीओ इंद्रा त्रिपाठी का संरक्षण प्राप्त है जिसकी वजह से कृषि सामग्री बेचने वाले दुकानदारों के हौसले बुलंद है।



## विधायक के मुख्य आतिथ्य में आवासहीनों को पट्टा वितरित


### नगर परिषद् बरेला में कार्यक्रम आयोजित

**बरेला, देशबन्धु।** विधायक, इंदु तिवारी पनागर के मुख्य अतिथ्य में नगर परिषद बरेला द्वारा आवासहीन परिवारों का पट्टा वितरण, धारणाधिकार योजना के 05 पट्टे वितरण एवं नगर के दोनों ओर प्रवेश द्वार निर्माण लागत राशि रू. 17.62 लाख का भूमिपूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके पूर्व नगर परिषद बरेला के सभाकक्ष में आयोजित मुख्यमंत्री म.प्र. शासन के मुख्य आतिथ्य में मुख्यमंत्री लाडली बहूना योजना 2023 के अंतर्गत राशि अंतरण कार्यक्रम के सीधा प्रसारण कार्यक्रम में भी पनागर विधायक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में नगर परिषद बरेला के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद गण, नगर के गणमान्य नागरिक, महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपवाईजर, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, हल्का पटवारी बरेला, के साथ ही नगर परिषद बरेला के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्टेट जीएसटी का कमर्शियल टैक्स इंस्पेक्टर रिश्वत लेते गिरफ्तार



शिकायतकर्ता



आरोपी टैक्स इंस्पेक्टर



**सतना, देशबन्धु।** लोकायुक्त रीवा की टीम ने बुधवार को सतना से स्टेट जीएसटी के निरीक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त अधिकारियों ने बताया कि शिकायतकर्ता खेमचंद शर्मा पिता बुधराम शर्मा निवासी पटियाला पंजाब से एसजीएसटी विभाग के कमर्शियल टैक्स इंस्पेक्टर संतोष कुमार गुप्ता ने जीएसटी नंबर एवं शोरूम की लोकेशन को वेरीफाई करने के एवज में 2000 रुपए की रिश्वत मांगी थी। इस बात की शिकायत लोकायुक्त संभाग रीवा के पुलिस अधीक्षक गोपाल सिंह धाकड़ से की गई थी। उन्होंने इस शिकायत का सत्यापन कराया तो यह बात सत्यापित हुई की वास्तविकता में आरोपी संतोष कुमार गुप्ता द्वारा 2000 रुपए की रिश्वत मांगी जा रही है। लोकायुक्त टीम ने आरोपी को रंगे हाथ पकडने के लिए बुधवार को सतना में दबिश दी। यहां गल्ला मंडी गेट के पास आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। इस कार्रवाही में ट्रेपकर्ता अधिकारी निरीक्षक प्रमेंद्र कुमार के साथ प्रवीण सिंह परिहार उप पुलिस अधीक्षक सहित 12 सदस्यीय टीम शामिल रही।

## कार और मोटर साइकिल की भिड़ंत में युवक की मौत

**अनूपपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 6 किमी दूर सांधा ओव्हर ब्रिज राष्ट्रीय राजमार्ग के पास मोटर साईकिल एवं कार की टक्कर हो गई। जहां दुर्घटना में 35 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक भालूमाड़ा से अपने घर मोटरसाईकिल से उमरिया जा रहा था। घटना के बाद कार चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया है।

सोनू पोल्ट्री

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 108
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 118
छोटा ब्रॉयलर - रु. 128
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 132
मुर्गा मीडियम - रु. 122
मुर्गा बड़ा - रु. 112
मुर्गा जम्बो - रु. 112
मो.-9039925000, 9425800409

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
WEDNESDAY SHOW OFFER
RS. @ 90/- (VALID WITH PURCHASE OF FOOD COUPON
FUKREY-3 10:00 AM 12:45 PM 02:15 PM 03:30 PM 05:00 PM 07:00 PM 08:00 PM 09:30 PM 10:45 PM
JAWAN 10:00 AM 01:00 PM 04:15 PM 06:30 PM 07:30 PM 10:45 PM
THE VACCINE WAR 10:15 AM 04:00 PM 10:00 PM
THE NUN II 09:30 AM 12:00 PM
CHANDRMUKHI 2 01:00 PM

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरुनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक
५० मिली. मामजेसिक लिनिमेन्ट
Arthritis Sciatica Spondylitis Backache Muscular Pain Sprains Strains Headache Myositis
100% Ayurvedic PAIN KILL OIL Mamgesic Liniment
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत आवश्यक
चिपचिपाहट रहित मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध
व्यवसायिक पूछताछ 9826035091

# चीन ने तूफान कोइनू के लिए येलो अलर्ट किया जारी

**बीजिंग।** चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने मंगलवार सुबह शक्तिशाली तूफान कोइनु के लिए येलो अलर्ट जारी किया। इस साल के 14वें तूफान के कारण देश के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में आंधी आने के आसार हैं। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। मौसम केन्द्र ने बताया कि मंगलवार सुबह पांच बजे 20.2 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 125.2 डिग्री पूर्वी देशांतर पर आए तूफान के 10 से 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने का अनुमान है। केन्द्र के अनुसार शक्तिशाली तूफान के कारण चीन में ताइवान द्वीप के दक्षिणी भाग के तटीय क्षेत्रों में भूस्खलन के आसार हैं और बुधवार शाम से गुरुवार सुबह तक इस तूफान की तीव्रता धीरे-धीरे कम होते हुए पश्चिम की ओर बढ़ने अनुमान हैं। केंद्र ने स्थानीय अधिकारियों से तूफान आने पर आपातकालीन प्रतिक्रिया उपाय तैयार करने और संभावित बाढ़ और भूवैज्ञानिक आपदाओं के लिए हाई अलर्ट पर रहने का आग्रह किया।

# अमेरिकी पुलिस ने की विश्वविद्यालय में गोलीबारी में कई लोगों के मारे जाने की पुष्टि

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** अमेरिका के बाल्टीमोर शहर की पुलिस ने मॉर्गन स्टेट यूनिवर्सिटी (एमएसयू) में गोलीबारी की घटना में कई लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है।

बुधवार सुबह अपने ताजा अलर्ट में, विश्वविद्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कैंपस में शेल्टर-इन-प्लेस आदेश हटा लिया गया है। सभी शटल सेवाएं फिर से शुरू हो गई हैं। जैसे ही अधिक विवरण उपलब्ध होंगे, हम आधिकारिक विश्वविद्यालय संचार चैनलों के माध्यम से अपडेट करेंगे। बाल्टीमोर सिटी अग्निशमन विभाग के संचार निदेशक केविन कार्टराईट ने सीएनएन को बताया कि



विश्वविद्यालय परिसर में चार व्यक्तियों को गोली मारे जाने की प्रारंभिक रिपोर्ट थी। बुधवार को माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में, बाल्टीमोर के मेयर ब्रैंडन स्कॉट ने कहा, मैं विश्वविद्यालय नेतृत्व, बीपीडी और हमारे संघीय और राज्य कानून प्रवर्तन भागीदारों के साथ मॉर्गन राज्य में मौजूद हूं।

मामले की सतत जांच चल रही है। मीडिया ब्रीफिंग जल्द ही आने वाली है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, मॉर्गन स्टेट ऐतिहासिक रूप से एक अश्वेत विश्वविद्यालय है और पिछले साल के अंत में इसमें लगभग 9,000 छात्रों ने दाखिला लिया था।

# अमेरिकी संसद के इतिहास में पहली बार स्पीकर को पद से हटाया गया

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के स्पीकर रिपब्लिकन पार्टी के केविन मैक्कार्थी को देश के इतिहास में पहली बार एक ऐतिहासिक विधायी वोट में पद से हटा दिया गया। मैक्कार्थी ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि वह दोबारा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगे और उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह कांग्रेस से इस्तीफा देंगे या नहीं।

मैक्कार्थी को हटाने के प्रयास का नेतृत्व साथी रिपब्लिकन मैट गेट्ज़ ने किया था, जो कट्टरपंथियों के एक समूह के सदस्य हैं और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ जुड़ाव के लिए अक्सर एमएजीए विंग कहा जाता है, जिनके अभियान का नारा 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (एमएजीए) है। मैक्कार्थी की विदाई की कहानी का सूत्र उसके स्पीकर बनने की कहानी में ही रख दिया गया था। उन्हें जनवरी में अपनी ही पार्टी के भीतर एक लंबी लड़ाई में अध्यक्ष पद हासिल हुआ जो उनकी जीवन भर की महत्वाकांक्षा थी। उन्होंने 15वें दौर के मतदान में कट्टरपंथियों के साथ एक समझौते में जीत हासिल की, जिन्होंने यह रियायत ली थी कि कोई भी एक सदस्य उन्हें हटाने की पहल कर सकता है।

## आज का इतिहास

1524–भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध वीरागंना रानियों में से एक रानी दुर्गावती का जन्म।

1864–कलकत्ता शहर में चक्रवात से लगभग 50,000 लोगों की मौत।

1890–समाज सुधारक तथा स्वतन्त्रता सेनानी किशोरी लाल मशरूवाला का जन्म।

1915–बुल्गारिया ने प्रथम विश्व युद्ध में हिस्सा लिया।

1946–पहले कान फिल्म समारोह का समापन।

1948–तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अश्क़ाबात में भूकंप से 110,000 लोगों की मौत।

1954–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनेता तथा प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ गुरुदास कामत का जन्म।

1962–जेम्स बॉंड सीरीज की पहली फिल्म 'डॉ. नो' रिलीज हुई।

1981–हिन्दी जगत के प्रमुख साहित्यकार भगवतीचरण वर्मा का निधन।

1988–ब्राजील की संविधान सभा ने संविधान को मंजूरी दी।

## ईरान में फिर हिजाब विवाद, मेट्रो में पुलिस की पिटाई से कोमा में 16 साल की लड़की

**तेहरान।** ईरान के तेहरान शहर में मेट्रो पर कथित हमले के बाद 16 साल की एक लड़की कोमा में चली गई है। उसका अस्पताल में कड़ी सुरक्षा के बीच इलाज चल रहा है। आशंका है कि ईरान में एक बार फिर दंगे भड़क सकते हैं। एक समूह ने आरोप लगाया है कि इस्लामी राज्य की कुख्यात नैतिकता पुलिस ने हिजाब नहीं पहनने पर उसकी पिटाई कर दी थी। ईरान की इस कुख्यात पुलिस पर पिछले साल पहले हिजाब नहीं पहनने पर महसा अमिनी नाम की लड़की की पिटाई के बाद मौत हो गई थी। कुर्द समर्थित अधिकार समूह हेंगॉ ने कहा है कि इस किशोरी का नाम अर्मिता गारवांड है, जिसके साथ तेहरान मेट्रो पर महिला पुलिस अधिकारियों ने पिटाई की थी। लड़की पर हिजाब नहीं पहनने का आरोप था। हिसाब को लेकर ईरान पिछले कुछ समय से हिंसा की आग में जल रहा है। महसा अमिनी की हत्या के बाद इस तरह की घटना का यह दूसरा मामला है। नैतिकता पुलिस के साथ झड़प में लड़की घायल हो गई और इस वक्त अस्पताल में कोमा पर है। उधर, ईरानी अधिकारियों ने इसका खंडन किया है कि लड़की की इस हालत के लिए पुलिस की कोई भागीदारी है। महसा अमिनी की हिरासत में मौत के ठीक एक साल बाद ईरानी पुलिस एक बार निशाने पर है।

## वेनिस ओवरपास से गिरी बस, 21 लोगों की मौत

**रोम, (आईएएनएस)।** इटली के नहरों वाले शहर वेनिस के पास एक बस के ओवरपास से ट्रेन की पटरियों के पास गिरने और फिर उसमें आग लगने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई लोग घायल भी हुये हैं, हालांकि स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों में उनकी संख्या अलग-अलग बताई जा रही है। अनुमान है कि 12 से 40 लोग घायल हुए हैं जिनमें से कम से कम दो की हालत गंभीर है। इसके अतिरिक्त, कई अन्य के लापता होने की भी सूचना है। मंगलवार को आई रिपोर्ट में कहा गया है कि मरने वालों की संख्या अभी भी बढ़ सकती है। घायलों का इलाज क्षेत्रीय अस्पतालों में चल रहा है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि एक बस वेनिस के मेस्त्रे क्षेत्र में वेम्पा ओवरपास पर लगी बाड़ को तोड़ते हुए लगभग 10 मीटर नीचे रेल की पटरियों के पास एक खाली क्षेत्र में गिर गई। कथित तौर पर गिरते ही बस में आग लग गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने व्यक्तिगत और सरकार की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि वह घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रही हैं। रोम के क्विरिनले पैलेस ने कहा कि इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटरेल्ला ने वेनिस के मेयर लुइगी ब्रुगनारो को फोन करके इस त्रासदी पर दुःख व्यक्त किया है। ब्रूगनारो ने सोशल मीडिया पर कहा, आज शाम हमारे समुदाय में एक बड़ी त्रासदी हुई। उन्होंने कहा कि बस गिरने से मरने वाले अनेकों लोगों की याद मेंआधिकारिक शोक का आह्वान किया गया है। वेनिस शहर ने सोशल मीडिया पर कहा कि वेम्पा ओवरपास, जहां त्रासदी हुई थी, यातायात के लिए बंद कर दिया गया है, और पुलिस तथा फायरफाइटर जीवित बचे लोगों की तलाश करने, घायलों की मदद करने और स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल पर हैं।

## पाकिस्तान में सैन्य कार्रवाई में 10 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद, (आईएएनएस)।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टैंक जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर एक ऑपरेशन चलाया, जिसमें 10 आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी सेना की इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने जिले के पेजू इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद अभियान चलाया।

### जस्टिन ट्रूडो फिर बेनकाब

# एक तरफ बातचीत की गुहार, दूसरी तरफ आतंकी निज्जर के गढ़ में गुपचुप मीटिंग-सेटिंग

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकियों का समर्थन करने के मुद्दे पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो एक बार फिर पूरी दुनिया के सामने बेनकाब हो गए हैं। भारत से रिश्ते खराब होने और पूरी दुनिया में आलोचनाओं से घबराए ट्रूडो ने पहले तो भारत से बातचीत की पेशकश की और जब भारत ने जवाबी ऐक्शन में उसके 40 राजनयिकों को देश निकाला दिया तो फिर ट्रूडो बौखला गए।

अब उन्होंने एक तरफ अपनी विदेश मंत्री को भारत से प्राइवेट में बात करने की मिन्नतें करने के लिए आगे किया है तो दूसरी तरफ अपने खासम खास सांसद सुख धालीवाल को मारे गए खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के सरे स्थित गुरुद्वारे में चुपचाप भेज दिया। न्यूज 18 की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि लिबरल पार्टी के सांसद धालीवाल ने खालिस्तान पर सिखों का समर्थन हासिल करने के लिए रविवार को सरे के गुरुद्वारे का दौरा किया था।

यही गुरुद्वारा भारत और कनाडा के बीच राजनयिक तनाव का केंद्र बना हुआ है। माना जा रहा है कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या और भारत-कनाडा के बीच खराब हुए रिश्तों के संबंध में धालीवाल ने खालिस्तान समर्थक सिखों से चर्चा की और उसे अपना समर्थन देने का वादा किया है। बता दें कि इसी गुरुद्वारे की पार्क में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। वह इस गुरुद्वारे का अध्यक्ष था। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि धालीवाल ने 2019 में भी निज्जर से मुलाकात की थी, जब उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। इंटेलीजेंस सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रूडो के करीबी सहयोगी सुख धालीवाल ने निज्जर को कनाडा में अपना नेटवर्क स्थापित करने में भी मदद की थी। धालीवाल ने अपने के संसदीय क्षेत्र सरे के एक गुरुद्वारे में ही निज्जर को शरण दिलाई थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आतंकी हरदीप सिंह निज्जर जो खालिस्तान टाइगर फोर्स का मुखिया था, वह नो फ्लाई लिस्ट में था लेकिन धालीवाल ने कनाडा में उसके लिए स्थाई निवास की व्यवस्था भी की थी। धालीवाल कनाडा की इमिग्रेशन कमेटी का अध्यक्ष भी है। सिखों के विशाल समर्थन की वजह से ही जस्टिन ट्रूडो ने धालीवाल को यह पदग दे रखा है। इसकी आड़ में धालीवाल निज्जर जैसे आतंकियों का पैरोकार रहा है।

## सुडोकू 6337

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | | | | 8 | 1 | 5 |
| | | | 5 | | | | | |
| 1 | | 4 | 6 | | | | | 2 |
| | 1 | 2 | | | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | | 3 |
| 8 | | | | | | 1 | 4 | |
| 2 | | | | | 4 | 5 | | 8 |
| | | | | | 3 | | | |
| 5 | 8 | 1 | | | | 3 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# भारतीय-अमेरिकी सीईओ रिश्वत के मामले में सुलह के लिए दो करोड़ डॉलर का भुगतान करने पर सहमत

**न्यूयॉर्क, (आईएएनएस)।** डेलावेयर स्थित फार्मा कंपनी बायोटेक रिमेडीज और इसके भारतीय मूल के सीईओ चैतन्य गड्डे ने अपना राजस्व बनाये रखने के लिए मरीजों और चिकित्सकों को रिश्वत देने के एक मामले में सुलह के लिए दो करोड़ डॉलर का भुगतान करने पर सहमति व्यक्त की है। उन पर फॉल्स क्लेम्स एक्ट के तहत आरोप लगाये गये थे।

सरकार ने आरोप लगाया कि, कम से कम अगस्त 2015 से मई 2020 तक, दवाओं और इनफ्यूजन सेवाओं की पेशकश करने वाली फार्मेसी ने नियमित रूप से मेडिकेयर और ट्राईकेयर रोगियों के फौरी नकद भुगतान को माफ कर दिया ताकि उन रोगियों को इसकी दवाओं और सेवाओं को खरीदने के लिए प्रेरित किया जा सके। सोमवार को न्याय विभाग की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि बायोटेक द्वारा दी जाने वाली कई विशेष दवाएं महंगी थीं और मरीजों को बड़ी रकम चुकानी पड़ती थी। सरकार ने कहा कि कंपनी ने मरीजों को अपनी दवाओं और सेवाओं को खरीदने के लिए एक ऐसी योजना में शामिल किया जिसके तहत गद्दे नियमित रूप से इन बड़े फौरी नकद भुगतान को माफ करता था, बिना इस बात की परवाह किए कि मरीज वित्तीय कठिनाई का सामना कर रहे थे या नहीं।




जब एक मेडिकेयर लाभार्थी मेडिकेयर द्वारा कवर की गई एक प्रिस्क्रिप्शन दवा प्राप्त करता है, तो लाभार्थी को फौरी तौर पर आंशिक भुगतान करने की आवश्यकता हो सकती है। अमेरिकी कांग्रेस ने स्वास्थ्य देखभाल लागत पर नियंत्रण के लिए मेडिकेयर कार्यक्रम में फौरी नकद भुगतान आवश्यकताओं को शामिल किया है। यह भी आरोप लगाया गया कि बायोटेक रिमेडीज ने चिकित्सकों को मरीजों को बायोटेक में रेफर करने के लिए प्रेरित करने के लिए उपहार, रात्रिभोज और मुफ्त प्रशासनिक और नैदानिक सहायता सेवाओं के रूप में पारिश्रमिक प्रदान किया।

सरकार ने डॉ डेविड टैबी के नाम का उल्लेख किया जो पेंसिल्वेनिया में एक न्यूरोलॉजी केंद्र चलाते हैं। उन्होंने जानबूझकर कई मरीजों को बायोटेक में रेफर करने के बदले में पारिश्रमिक लेने की बात स्वीकार की। विभाग की विज्ञप्ति में कहा गया है कि टैबी ने भुगतान करने की अपनी क्षमता के आधार पर, इन आरोपों को निपटाने के लिए अलग से 4,80,000 डॉलर का भुगतान किया है।

पेंसिल्वेनिया के पूर्वी जिले के लिए अमेरिकी अटॉर्नी जैकलिन सी. रोमेरो ने कहा, बायोटेक रिमेडीज ने कथित तौर पर अनुचित चिकित्सक प्रलोभन प्रदान किए और फौरी नकद भुगतान को माफ करके रोगी रेफरल के लिए रिश्वत को छुपाया। रोमेरो ने कहा, बायोटेक की कथित योजना में इस बात की परवाह नहीं की गई कि मरीज वित्तीय कठिनाई में था या नहीं। इसने बायोटेक के लिए एक स्थिर राजस्व प्रवाह सुनिश्चित किया और जिले के नागरिकों के लिए रोगी देखभाल के लिए उपलब?ध धन को कम कर दिया। संघीय एंटी-किकबैक क़ानून प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी पारिश्रमिक की पेशकश, भुगतान, याचना या स्वीकार करने पर प्रतिबंध लगाता है - जिसमें पैसा या कोई अन्य मूल्यवान वस्तु शामिल है। यह निषेध उन कंपनियों पर लागू होता है जो नियमित रूप से वित्तीय आवश्यकता के निर्धारण के बिना मेडिकेयर रोगियों की फौरी भुगतान आवश्यकता को माफ कर देती है। एंटी-किकबैक क़ानून का विस्तार रोगी रेफरल के बदले चिकित्सकों को पारिश्रमिक के भुगतान तक भी है।

## वर्ग पहेली 6337




**बायें से दायें:-**

१. चतुराई, बुद्धिमानी
३. प्रिय व्यक्ति या प्रियवस्तु को मिलने या प्राप्त करने के लिए बेचैन होना
५. पुस्तक (उर्दू)
६. दुर्गा
७. शाम का समय
८. 'स्वीमिंग पुल'
१३. जिसकी मदद करने वाला कोई न हो
१५. अंधकार
१६. तूणिर
१७. इज्जत, सम्मान (उर्दू)
१८. सभी, संपूर्ण
२०. भारत के उत्तरी सीमा पर स्थित एक पर्वत श्रेणी
२२. शामिल
२३. किसी पुलिस थाने का प्रधान अधिकारी

**ऊपर से नीचे:-**

१. शुभ-अशुभ, अच्छा-बुरा, अपशब्द
२. पसंद किया हुआ, चुना हुआ
३. परिवर्तित (उर्दू)
४. हुकूमत, प्रशासन
५. मरीचि
९. कहानी, कहावत (उर्दू)
१०. अकारण, निरुद्देश्य (उर्दू)
११. अमृत, सूर्य की एक पत्नी, तलवार
१२. आवेदन-पत्र (उर्दू)
१४. सिक्के ढाले जाने की जगह
१७. परस्पर
१९. सीमा, प्रतिष्ठा
२०. कल्याण, भलाई
२१. जैसे

## वर्ग पहेली-6336



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

**चिंता** *कश्मीर और लद्दाख में समय से पहले बर्फबारी ने दी दस्तक*

# सैनिकों को सर्दी से बचाने की खातिर तैयारियां भी अधूरी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)।** इस बार भी कश्मीर के साथ-साथ लद्दाख सेक्टर में बर्फ ने समय से बहुत पहले दस्तक क्या दी, करगिल और द्रास के नागरिकों के माथे पर चिंता की लकीरें खींचं आइं। ऐसा ही हाल उन हजारों सैनिकों का भी है जो चीन सीमा पर चीन की बढ़त व घुसपैठ को रोकने की खातिर तैनात किए गए हैं। चिंता का कारण स्पष्ट है।

न ही नागरिक व नागरिक प्रशासन कोई तैयारी कर पाया और न ही तैनात सैनिकों को सर्दी से बचाने की खातिर तैयारी पूरी की जा सकी है। अक्सर, नवम्बर 15 के बाद करगिल और द्रास समेत लद्दाख के पहाड़ों पर बर्फबारी आरंभ होती थी।

लेकिन इस बार भी पिछले हफ्ते ही इसकी दस्तक ने सभी को चौंकाया है। द्रास स्थित प्रशासनिक अधिकारी मानते हैं कि चीन सीमा पर सैनिकों की तैनाती की कवायद में ही जुटे रहने के कारण वे करगिल व द्रास



■ करगिल व द्रास के नागरिकों के माथे पर खिचीं चिंता की लकीरें

के नागरिकों के लिए सर्दी में की जाने वाली तैयारियां ही आरंभ नहीं कर पाए। नतीजतन, राजमार्ग के बंद होने की चिंता के कारण अब सारा जोर वायुसेना पर आ पड़ेगा। यही दशा लद्दाख में चीन सीमा पर तैनात किए गए दो लाख के करीब भारतीय जवानों के प्रति भी है जिनके लिए सर्दियों के लिए आवश्यक सामान की आपूर्ति का काम दावों के बावजूद अभी भी अधूरा है। सप्लाई के साथ साथ भयानक सर्दी से बचाने की खातिर मुहैया करवाए जाने वाले कपड़े इत्यादि की अभी भी कमी महसूस की जा रही है जो सभी तक नहीं पहुंच पाए हैं। हालांकि इस परिस्थिति का सामना करने की खातिर सेना ने अब अग्रिम चौकिओं पर अधिक से अधिक जवानों को रोटेशन के आधार पर तैनात करना आरंभ किया है। ऐसा ही चीन भी कर रहा है जो प्रत्येक चौकी में जवानों को तीन से चार दिन ही तैनात करते हुए फिर उन्हें बैरकों में वापस बुला रहा है। सूत्र मानते हैं कि लद्दाख में सर्दी अपने भयानक रूप में दस्तक दे चुकी है ओर ऐसे में दोनों मुल्कों की सेनाएं अपने जवानों का मनोबल बढ़ाने की कोशिश में जुटी हैं। अधिकारी कहते थे कि प्रकृति के स्वरूप को लेकर वे कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहते हैं। वे इसका खिमयाजा सियाचिन हिमखंड में शुरू के सालों में भुगत चुके हैं जब 13 अप्रैल 1984 को भारतीय सेना ने इसे अपने कब्जे में लिया था। यह भी सच है कि आज भी सियाचिन हिमखंड में सबसे अधिक नुक्सान कुदरत के कारण सहन करना पड़ रहा है और भारतीय सेना चीन सीमा पर इसे दोहराना नहीं चाहती है। ऐसे हालात में सेना के वरिष्ठ अधिकारी अग्रिम इलाकों का दौरा करने के साथ सर्दियों का सामना करने के लिए हो रही तैयारियों का भी जायजा ले रहे हैं। लद्दाख की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली सेना की नार्दन कमान के सेनानायक लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सियाचिन ग्लेशियर का दौरा कर वहां तैनात जवानों की हिम्मत बढ़ाई। जवान अत्याधिक ठंड में पाकिस्तान सेना के सामने सीना ताने खड़े हैं।

याद रहे कि सर्दियों के महीनों में बर्फ में जम गए लद्दाख के अग्रिम इलाकों में अत्याधिक ठंड में जीवन और भी कठिन हो जाता है। ऐसे हालात में भी सेना के जवानों की पेट्रोलिंग जारी रहती है।

# खेल जगत

## भारत में ट्रॉफी जीतना 2019 के खिताब से भी बड़ी उपलब्धि होगी : इयोन मोर्गन

**अहमदाबाद**। इंग्लैंड के पूर्व सफेद गेंद कप्तान इयोन मोर्गन का मानना है कि घरेलू धरती पर 2019 का खिताब जीतने की तुलना में विश्व कप जीतना टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड जिसने मोर्गन के नेतृत्व में 2019 का खिताब जीता था।भारत में खेले जाने वाले वर्ल्ड कप 2023 की शुरुआत गुरुवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ करने के लिए तैयार है। टीम के कप्तान जोस बटलर और मुख्य कोच मैथ्यू मॉट इस विश्व कप के लिए योजना बना रहे हैं, लेकिन अगर आप उनसे पूछें तो वे शायद कहेंगे कि यह अविश्वसनीय रूप से चुनौतीपूर्ण रहा है। टीम में काफी बदलाव आया है, जबकि जेसन रॉय को देर से बाहर करने और हैरी ब्रूक को शामिल करने से टीम पर सवालिया निशान लग गए थे। मोर्गन ने कहा, 2015 और 2019 के बीच, हमारा एकमात्र ध्यान घरेलू मैदान पर वनडे विश्व कप जीतने की कोशिश पर था।



## ज्योति और ओजस ने तीरंदाजी में कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक



**हांगझोउ**। भारत के ज्योति वेन्नम और ओजस देवताले ने बुधवार को तीरंदाजी के कंपाउंड मिश्रित स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज ज्योति और ओजस की जोड़ी ने फाइनल में दक्षिण कोरिया के सो चायवान और जू जायेहून के हराकर स्वर्ण पदक जीता। मुकाबले में ज्योति वेन्नम और ओजस देवताले ने 159 का स्कोर किया। जबकि कोरियाई जोड़ी ने 158 का स्कोर किया। भारतीय जोड़ी के सामने कोरियाई जोड़ी टिक नहीं सकी और मुकाबला हार गई। इस पदक जीतने के साथ ही भारत ने एशियाई में एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। इससे पहले भारतीय तीरंदाज ज्योति और ओजस ने सेमीफाइनल में कजाखस्तान की आदेल झेशेनबिनोवा और आंद्रे त्युत्युन की जोड़ी को को 159-154 से हराते हुए स्वर्ण पदक मुकाबले में प्रवेश किया था। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया की जोड़ी मोहम्मद जुवैदी बिन माजुकी और फातिन नूरफतेहाह मेट सालेह को मात दी थी।

### नीरज चोपड़ा ने जीता स्वर्ण, जेना की चांदी

एशियाई खेलों में बुधवार को जैवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण और किशोर कुमार जेना ने रजत पदक जीता। ओलंपिक स्पोर्ट्स पार्क मेन स्टेडियम में आयोजित इवेंट स्थल पर तकनीकी समस्याओं के कारण नीरज चोपड़ा का पहला थ्रो रद्द कर दिया गया था। उसके बाद उन्होंने अपना पहला थ्रो दोबारा फेंका। नीरज चोपड़ा ने अपने चौथे प्रयास के साथ सीजन का सर्वश्रेष्ठ 88.88 मीटर थ्रो करते हुए एक नया रिकॉर्ड अपने नाम किया। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी ने जकार्ता 2018 में स्वर्ण पदक जीता था और महाद्वीपीय प्रतियोगिता में यह भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी का दूसरा स्वर्ण पदक था। वहीं, किशोर कुमार जेना ने न केवल हांगझोऊ में अपना पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय पदक जीता, बल्कि उसी दिन वह एक बार नहीं बल्कि दो बार अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया। जेना भाला फेंक स्टैंडिंग में कुछ समय के लिए नीरज से आगे थे। किशोर अपने तीसरे थ्रो के साथ (86.77 मीटर) इस साल की शुरुआत में बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में अपने पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ (84.77 मीटर) थ्रो को पार कर लिया। वहीं, अपने चौथे थ्रो में उन्होंने और सुधार करते हुए 87.54 मीटर का थ्रो फेंका। इसके साथ ही उन्होंने एशियन गेम्स 2023 में रजत पदक जीता।

## मुक्केबाजी में लवलीना को रजत, प्रवीण को कांस्य मिला



भारत की लवलीना बोरगोहेन को बुधवार को महिलाओं की 75 किलोग्राम वर्ग में रजत और प्रवीण हुड्डा को 57 किलोग्राम वर्ग में मुक्केबाजी मुकाबले में कांस्य पदक मिला है। चीन में चल रहे एशियाई खेलों में आज फाइनल मुकाबले में भारतीय मुक्केबाज लवलीना को चीन की ली कियान के खिलाफ 5-0 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चीनी मुक्केबाज पूर्व विश्व चैंपियन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता रह चुकी हैं। भारतीय मुक्केबाज और चीनी बॉक्सर ने इस फाइनल मुकाबले में शुरुआत से ही रिंग में आक्रामक रुख़ इख्तियार किया। लवलीना बोरगोहेन पहले राउंड में थोड़ी रक्षात्मक नज़र आई। हालांकि, उन्होंने कुछ अच्छे पंच लगाकर जजों का ध्यान अपनी ओर ज़रूर खींचा। वहीं, दूसरे और आखिरी राउंड में भारत की लवलीना ने अपने फुटवर्क का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए राइंड हैंड से कई पंच जड़े, लेकिन चीनी मुक्केबाज थोड़ी ज्यादा आक्रामकर नज़र आई और उन्होंने सर्वसम्मत निर्णय से स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। लवलीना बोरगोहेन ने इस साल की शुरुआत में विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में ली कियान का सामना किया था और उन्हें 4-1 के स्प्लिट डिसीजन से हराया था। ओलंपिक पदक विजेता और विश्व चैंपियन लवलीना बोरगोहेन ने अपनी इस वर्ग के फाइनल में जगह बनाकर पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया था। वहीं महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में मुकाबले में भारत की प्रवीण हुड्डा ने कांस्य पदक जीता है। आज यहां हुए सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय मुक्केबाजी में प्रवीण हुड्डा को चीनी ताइपे की लिन के खिलाफ हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा है।

## रोमांचक मुकाबले में बंगलादेश दो रन से जीता



**हांगझोउ**। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में बुधवार को बंगलादेश बनाम मलेशिया के चौथे क्रिकेट क्वार्टर फाइनल में बंगलादेश ने गेंदबाजों के अंतिम ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रोमांचक मुकाबले में दो रन से जीत हासिल की है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने महज 2.5 ओवर में तीन रन पर तीन विकेट गंवा दिये। उसके दोनों ओपनर परवेज़ हुसैन इमॉन और महमुदुल हसन जॉय अपना खाता भी नहीं को खोल सके। परवेज़ हुसैन इमॉन को विजय उन्नी ने पगबाध और महमुदुल हसन जॉय को पवनदीप सिंह ने रन आउट किया। उसके बाद ज़ाकिर हसन को पवनदीप सिंह ने अनवर रहमान के हाथों कैच आउट कराकर तीसरा विकेट ढहा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान सैफ हसन 52गेंदों में 50 रनों की नाबाद पारी, अफ़िफ़ हुसैन ध्रुबो के 14 गेंदों पर 23 रन की पारी का अंति पवनदीप सिंह ने जुबैदी जुल्फिकली के हाथों कैच कराकर किया। शहादत हुसैन ने 21 रन बनाए और उन्हें अनवर रहमान ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। जाकेर अली 14 रन बनाकर नाबाद रहे। बंगलादेश 20 ओवर में पांच विकेट पर 116 रन ही बना सकी। मलेशियाई गेंदबाज पवनदीप सिंह ने 12रन देकर दो विकेट लिये। विजय उन्नी और अनवर रहमान को एक-एक विकेट मिला। 117 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशियाई टीम की भी शुरुआत खराब रही और उसने ज़ुबैदी ज़ुल्फ़िकली एक रन के रूप में अपना पहला विकेट गंवा दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में मुहम्मद आमिर शून्य के रूप मे दूसरा विकेट गिरा। तीसरे विकेट कप्तान अहमद फ़ैज़ शून्य में गिरा। उन्हें धुबो ने रकीबुल के हाथों कैच आउट कराया। वहीं मुहम्मद आमिर को भी ध्रुबो की गेंद पर रकीबुल ने लपका। ज़ुबैदी ज़ुल्फ़िकली को मोंडल ने हसन जॉय के हाथों कैच आउट कराया। विरनदीप सिंह ने संभलकर खेलते हुए 39 गेंदों पर 52 रन की पारी खेली, उन्हें ध्रुबो ने हसन जॉय के हाथों कैच आउट कराया। विजय उन्नी 14रन को मोंडल ने जाकिर के हाथों कैच करा कर पवेलियन भेज दिया।

आइनुल हफ़ीज़ 14 को रिशाद हुसैन बोल्ड आउट किया। अनवर रहमान और स्याज़रुल इद्रूस एक-एक रन बनाकर नाबाद रहे। मलेशियाई की पूरी टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 114 रन ही बना सकी और उसे दो रनों की हार झेलनी पड़ी।

बंगलादेश की ओर से रिपोन मोंडल ने 14 रन देकर तीन विकेट और अफ़िफ़ हुसैन ध्रुबो ने 11 रन देकर तीन विकेट लिये। रिशाद हुसैन और रकीबुल हसन को एक-एक विकेट मिला।

## दबाव झेलने के लिये तैयार हूं : रोहित



**अहमदाबाद**। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि यह कहना गलत होगा कि विश्व कप को लेकर टीम पर दवाब नहीं है मगर टीम का हर सदस्य इस दवाब से उबर कर अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता रखता है हालांकि टीम विश्व कप का परिणाम तय करने के बजाय एक समय पर एक मैच पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की रणनीति पर मेहनत करेगी। यह पहला मौका है जब भारत इकलौते दम पर विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। पिछले तीन मौकों 1987, 1996 और 2011 में सह-मेजबान रहे हैं। भारत की कोशिश होगी कि 1983 और 2011 का कारनामा अपनी सरजमीं पर दोहराये और विश्व कप अपनी झोली में डाले। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को अच्छी तरह पता है कि उनकी टीम पर घरेलू धरती पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव है मगर उन्हें भरोसा है कि उनकी टीम आगे बढ़ सकती है। बुधवार को आईसीसी कैप्टन्स कॉल पर बोलते हुए रोहित ने कहा, मै विश्व कप में टीम का नेतृत्व करने को लेकर उत्साहित हूं। मुझे पता है कि आयोजन से पहले दबाव होगा, लेकिन मुद्दा इससे उबरने का है। टीम के सभी सदस्य उस दबाव से गुज़रने के आदी हैं, चाहे वे भारत में खेल रहे हों या बाहर। दबाव एक ऐसी चीज़ है जो किसी खिलाड़ी को नहीं छोड़ती है। जब तक आप खेल खेलते हैं, दबाव हमेशा रहेगा। इसलिए इसे एक तरफ रखें, काम पर ध्यान केंद्रित करें। यह कहना बहुत आसान है, लेकिन यह कठिन होगा मगर मुझे यकीन है कि हमने वास्तव में अच्छी तैयारी की है और जब तक आप वास्तव में अच्छी तैयारी करते हैं, इससे आपको किसी भी खेल में काफी आत्मविश्वास मिलता है।

1983 में कपिल देव के नेतृत्व में पहला विश्व कप जीतने के बाद 1987 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारतीय टीम इंग्लैंड से हार गयी थी जबकि 1996 में श्रीलंका ने भारतीयो का सफर सेमीफाइनल में ही खत्म कर दिया था। भारत ने 2011 संस्करण में अपने सितारे जमाए और इतिहास में दूसरी बार विश्व कप जीता। क्रिकेट विश्व कप के पिछले तीन संस्करणों में मेजबान देशों भारत (2011), ऑस्ट्रेलिया (2015) और इंग्लैंड (2019) ने विश्व कप अपने नाम किया है। खिलाड़ियों की शानदार फार्म और घरेलू मैदान के चलते मौजूदा विश्व कप में भारत के जीतने की संभावना प्रबल हो गयी है मगर भारतीय कप्तान इस संयोग से इत्तिफाक नहीं रखते हैं।

## भारत ने कबड्डी में थाईलैंड को 63-26 से हराया



**हांगझोउ** । भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने बुधवार को एशियाई खेलों में ग्रुप ए के अपने दूसरे मुक़ाबले में थाईलैंड को 63-26 से हरा दिया है। जिआओशान गुआली स्पोर्ट्स सेंटर में आज कबड्डी मैट पर पवन सहरावत की अगुवाई वाली टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड को चार बार ऑल आउट कर मुकाबला 63-26 से जीत लिया। थाईलैंड के खिलाड़ी पूरे मैच में अधिक प्रभावशाली नहीं रहे और सिर्फ एक सुपर टैकल करने में सफल रहे। इस 37 अंकों की जीत ने भारत को ग्रुप ए की अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया है। चीनी ताइपे की टीम ने भी अपने दोनों मैचों में जीत दर्ज की है लेकिन उनका प्वाइंट अंतर प्लस 37 का है जबकि भारत का प्वाइंट अंतर प्लस 74 है। पवन सहरावत की अगुवाई वाले भारतीय टीम ने प्रतियोगिता में अपना वर्चस्व बनाए रखा और पहले हाफ में थाईलैंड को 3 बार ऑल-आउट करते हुए 28 अंकों की बड़ी बढ़त हासिल की। रेडर नवीन कुमार और अर्जुन देशवाल ने भारतीय कबड्डी टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। भारतीय टीम ने मैच शुरू होने के बाद कुछ मिनट बीतते ही थाईलैंड को पहली बार ऑल-आउट करते हुए 12-2 की बढ़त हासिल कर ली। इसके तुरंत बाद, थाईलैंड ने एक सुपर रेड करते हुए नवीन कुमार, सुनील और परवेश को मैट से बाहर कर दिया। हालांकि, जल्दी ही भारत ने अपने तीनों खिलाड़ियों को रिवाइव कर लिया। हालांकि, भारत की संतुलित टीम ने लगातार शानदार प्रदर्शन जारी रखा और थाईलैंड को मैच में दूसरी बार ऑल-आउट कर 27-9 की बढ़त बनाई। इसके बाद, भारत की ओर से कुछ बेहतरीन टैकल और अर्जुन देशवाल की एक शानदार रेड की बदौलत थाईलैंड की टीम एक बार फिर से ऑल-आउट हो गई। सलम इनामदार और आकाश शिंदे की मदद से भारत ने अपनी बढ़त को 28-9 से 37-9 तक पहुंचाकर पहला हाफ ख़त्म किया।

## सार संक्षेप

### सुनील कुमार ने भारत को दिलाया कांस्य पदक

**हांगझोउ**। सुनील कुमार ने बुधवार को ग्रीको-रोमन 87 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर एशियन गेम्स 2023 कुश्ती में भारत के लिए पहला पदक जीता। हांगझोउ के लिनन स्पोर्ट्स कल्चर एंड एग्जीबिशन सेंटर में भारतीय पहलवान ने किर्गिस्तान के अताबेक अज़ीसबेकोव को 2-1 से हराया। सुनील पहले राउंड के बाद पिछड़ रहे थे और चोटिल लग रहे थे मगर उन्होंने सिर पर पट्टी बांधकर मैट पर वापसी की और अंतिम दौर में स्कोर के अंतर को कम करते हुए कांस्य पदक अपने नाम कर लिया। सुनील कुमार के द्वारा जीता गया यह कांस्य पदक, 13 साल पहले चीन के गुआंगझोऊ में रविंदर सिंह और सुनील कुमार राणा के कांस्य पदक जीतने के बाद ग्रीको-रोमन कुश्ती में भारत का पहला पदक था। सुनील कुमार ने, भारत के 27 साल के इंतज़ार को ख़त्म करते हुए 2020 एशियाई चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था।

### एशियन गेम्स में डोपिंग के दो मामले मिले

**हांगझोउ**। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने मौजूदा एशियाई खेलों में दो डोपिंग मामले मिलने की पुष्टि की है। ओसीए ने मंगलवार को कहा कि सऊदी अरब के लंबी दूरी के धावक मोहम्मद यूसुफ अल-असीरी को उनके 26 सितंबर के परीक्षण में प्रतिबंधित पदार्थ डार्बेपोएटिन (डीईपीओ) के लिए सकारात्मक परिणाम आने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। पहला मामला पिछले गुरुवार को सामने आया था जब अफगानिस्तान के मुक्केबाज मोहम्मद खैबर नूरिस्तानी प्रतिबंधित पदार्थों नॉरएंड्रोस्टेरोन और क्लोस्टेबोल मेटाबोलाइट 4-क्लोरो-3ए-हाइड्रॉक्सी-एंड्रोस्ट-4-एन-17-वन के लिए परीक्षण में पाजिटिव पाये गये थे। ओसीए के अनुसार, दोनों एथलीटों को बी नमूने के विश्लेषण का अनुरोध करने का अधिकार है।

## पीवी सिंधु, एचएस प्रणॉय एकल क्वार्टरफाइनल में



**हांगझोउ** । भारतीय बैडमिंटन दिग्गज पीवी सिंधु ने बुधवार को महिला एकल राउंड ऑफ 16 में इंडोनेशियाई शटलर पुट्री कुसुमा वर्दानी को और एचएस प्रणॉय ने पुरुष एकल राउंड ऑफ 16 का अपना मुकाबला कजाकिस्तान के दिमित्री पनारिन को 21-12, 21-13 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये है। वहीं मिश्रित युगल राउंड ऑफ 16 में भारत के साई प्रतीक और तनीषा क्रास्टो को मलेशिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज भारतीय बैडमिंटन शटलर पीवी सिंधु ने एशियन गेम्स 2023 में महिला एकल राउंड ऑफ 16 में इंडोनेशियाई शटलर पुट्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ 55 मिनट में 21-16, 21-16 से जीत दर्ज करते हुए क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। 2018 एशियाई खेल की रजत पदक विजेता पीवी सिंधु की नज़र स्वर्ण पदक हासिल करने पर होंगी। एचएस प्रणॉय ने भी पुरुष एकल राउंड ऑफ 16 का अपना मुकाबला कजाकिस्तान के दिमित्री पनारिन को 21-12, 21-13 से हराकर जीता। 31 वर्षीय भारतीय शटलर का महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2018 में क्वार्टरफाइनल में जगह बनाना था। विश्व नंबर 7 एचएस प्रणॉय कल क्वार्टरफाइनल में मुकाबला करेंगे। वहीं एक अन्य मुकाबले में दुनिया की 9वें नंबर की मलेशियाई जोड़ी चेन तांग जी और तोह ई वेई ने साई प्रतीक और तनीषा क्रास्टो की भारतीय जोड़ी को 21-18, 21-8 से हराया। इस स्पर्धा में मिली हार के बाद साई प्रतीक का अभियान समाप्त हो गया।

## द. कोरिया पर रोमांचक जीत के साथ भारत की पुरुष हॉकी टीम फाइनल में



नई दिल्ली। अनुभवी स्ट्राइकर मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय और अभिषेक की बराबर आगे गेंद संभाल गोल तलाशने की भारत की पुरुष हॉकी टीम की रणनीति चार बार चैंपियन दक्षिण कोरिया के खिलाफ हंगजू (चीन) में एशियाई खेलों के अहम सेमीफाइनल में बुधवार को काम आई। वहीं दक्षिण कोरिया के स्ट्राइकर मंजी जुंग की हैट्रिक बेकार गई। हार्दिक सिंह , मनदीप सिंह और ललित उपाध्याय के पहले क्वॉर्टर तथा अभिषेक के खेल खत्म होने से छह मिनट पहले दागे एक-एक मैदानी तथा ड्रैग फ्लिकर अमित रोहिदास के पहले पेनल्टी कार्नर पर बढिया़ ड्रैग फ्लिक से दागे एक गोल की बदौलत दुनिया की तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष टीम ने चार बार के चैंपियन दक्षिण कोरिया को बेहद रोमांचक सेमीफाइनल में 5-3 से हराकर 13 वीं बार एशियाई खेलों के फाइनल में स्थान बना कर स्वर्ण जीत और सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने की आस बरकरार रखी। दक्षिण कोरिया ने 3-5 से पिछड़ने के बाद बराबरी पाने के मकसद से अपने गोलरक्षक को हटा सभी 11 खिलाडियों को हमले पर लगा दिया लेकिन खासतौर पर भारत की रक्षापंक्ति में अमित रोहिदास , सुमित, जर्मनप्रीत सिंह के साथ कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अपने किले की अनुभवी गोलरक्षक पीआर श्रीजेश के साथ मजबूत चौकसी कर उसकी हसरत पर पानी फेर दिया। भारत की मध्यपंक्ति में अनुभवी मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलकांत शर्मा और विवेक सागर प्रसाद को बराबर जवाबी हमलों को बेताब दक्षिण कोरिया के खिलाफ गेंद पर कब्जा बरकरार रखने के लिए जरूरत से ज्यादा मेहनत करनी पड़ी। हार्दिक सिंह, मनदीप सिंह और ललित उपाध्याय के एक एक बेहतरीन मैदानी गोल से भारत को 3-0 की बढ़त लेने के बाद इसे और बढ़ाने की बजाय दूसरे और तीसरे क्वॉर्टर में इसे बरकरार रखने की गलती का दक्षिण कोरिया के स्ट्राइकर मंजी जुंग ने लाभ उठाया और पहले और दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर इनडायरेक्ट तथा एक बेहतरीन मैदानी गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी कर अपनी टीम की इस सेमीफाइनल में दो बार वापसी कराई।

## भारत को बिग फेंग व चिंग के खिलाफ किले की मजबूत चौकसी होगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली** । गोलरक्षक सविता की अगुआई में भारत की महिला हॉकी ने चार मैचों में तीन एक ड्रॉ के साथ अजेय रह पूल ए में शीर्ष पर शानदार अंदाज में हंगजू(चीन) में 19 वें एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में स्थान बनाया है। भारत और दक्षिण कोरिया ने अपने चार चार मैचों से समान रूप से दस -दस अंक हासिल किए लेकिन भारत अपने बेहतर गोल अंतर के कारण पूल ए में शीर्ष पर रहा। भारत की महिला हॉकी टीम के सामने बृहस्पतिवार को अब पूल बी में बस मौजूदा चैंपियन जापान के एकमात्र मैच हारने वाली मेजबान चीन की टीम की होगी। भारत और चीन की महिला हॉकी टीमें अब तक 22 बार भिड़ी हैं और इनमें भारतीय टीम 11 बार जीती है और जबकि चीन की टीम नौ बार जीती है और दो मैच ड्रॉ रहे हैं। पिछला उपविजेता भारत एशियाई खेलों में 2002 से 2006 तक लगातार तीन बार खिताब जीतने वाली चीन की महिला टीम के खिलाफ अपना दबदबा बरकरार रख कर लगातार दूसरी बार फाइनल मे स्थान बनाने के मकसद से उतरेगा। भारत को लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचना है तो उसे चीन की ड्रैग फ्लिकर उसके लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाली गू बिग फेंग (8 गोल), चिंग जोंग (7 गोल) के साथ स्ट्राइकर जिया की जांग(5 गोल) तथा मि यू लियांग (पांच गोल) के खिलाफ अपने किले की मजबूत चौकसी करनी होगी।

पिछली उपविजेता भारतीय महिला हॉकी को लगातार दूसरी बार फाइनल में स्थान बनाने के लिए चीन से पार पाना है तो उसकी अग्रिम पंक्ति में सबसे कम उम्र की स्ट्राइकर संगीता कुमारी, अनुभवी वंदना कटारिया, ललरेमसियामी दीपिका और लिंकवूमैन यानी आक्रमण और रक्षण के बीच की सबसे अहम कड़ी नवनीत कौर को शुरू से मेजबान चीन के खिलाफ आक्रामक हॉकी खेलनी होगी। भारत की अग्रिम पंक्ति को अपनी मध्य पंक्ति में अनुभवी सलीमा टेटे, नेहा गोयल ,निशा वारसी और ओवरलैप कर बराबर आगे हमले भी बोलने में यकीन रखने वाली मोनिका से मिले पासों का बेहतर उपयोग करना होगा। भारत के लिए अच्छी बात यह है कि उसकी स्ट्राइकर संगीता कुमारी(छह गोल), वंदना कटारिया (तीन गोल) और नवनीत कौर (चार गोल) के साथ दीपिका (4 गोल) और ड्रैग फ्लिकर उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का (चार गोल) के रूप में उसके पास मैदानी गोल करने के साथ बराबरी पेनल्टी कॉर्नर दिलाने वाली स्ट्राइकर हैं। दीप ग्रेस एक्का के साथ बतौर ड्रैग फ्लिकर दीपिका भी अब बराबर पेनल्टी कार्नर पर मुश्किल कोण से ड्रैग फ्लिक कर गोल कर रही हैं।



### हम चीन की चुनौती के लिए तैयार हैं : सविता


भारत की कप्तान सविता ने चीन के खिलाफ सेमीफाइनल की पूर्व संध्या पर कहा, % हमारे लिए यह बेहद अहम क्षण है। हमने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है पर सेमीफाइनल एक अलग चुनौती है। चीन का एशियाई खेलों में शानदार इतिहास रहा है और वह एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी है। बावजूद इसके हम चीन के खिलाफ सेमीफाइनल की चुनौती के लिए तैयार हैं। हम भारत का गौरव बढ़ाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

## सुडोकू 6337 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 3 | 4 | 2 | 8 | 1 | 5 |
| 3 | 2 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 6 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 3 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 6 | 5 | 9 |
| 7 | 9 | 5 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 4 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 2 | 1 |
| 5 | 8 | 1 | 2 | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 |

## मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना

# 'गरीब कल्याण' में जुटी मध्यप्रदेश सरकार



मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह सरकार ने लोगों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की शुरुआत की है। यह स्कीम प्रदेश के बेरोजगार युवकों को स्वयं का व्यवसाय शुरू करने में मदद करती है। प्रदेश सरकार इस योजना के माध्यम से नयी मेन्युफैक्चरिंग यूनिट एवं उद्योग स्थापित करने के लिए 1 लाख रुपए से 50 लाख रुपए और सर्विस सेक्टर के लिए 1 लाख रुपए से 25 लाख रुपए तक का लोन देगी। इस योजना का लाभ प्रदेश के सभी वर्ग के लोग समान रूप से ले सकते हैं।



## मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना ने पूरा किया आदित्य का सपना

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना खुद व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक युवाओं के लिये बड़ी मददगार साबित हो रही है। इस योजना में मिले ऋण से युवा न केवल सफलता पूर्वक अपना व्यवसाय चला रहे हैं, बल्कि अब उसे विस्तार देने दिन-रात मेहनत भी कर रहे हैं। गोपाल बाग जबलपुर निवासी ऐसे ही एक युवा आदित्य कुमार नेमा ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से ऋण प्राप्त कर अगरबत्ती, साबुन और मसाले का व्यवसाय शुरू किया है और उसका सफलतापूर्वक संचालन भी कर रहे हैं। तीस वर्षीय वाणिज्य स्नातक आदित्य की कॉलेज के दिनों से ही सरकारी या प्राइवेट नौकरी की बजाय खुद का व्यवसाय करने में ज्यादा दिलचस्पी थी। अपने इसी सपने को पूरा करने के लिये उन्होंने निचले स्तर से शुरुआत की। आदित्य ने पहले साइकिल से और बाद में बाइक से फेरी लगाकर अगरबत्ती और मसाले बेचने का काम शुरू किया। इससे उसकी कुछ आय भी होने लगी लेकिन इसका बड़ा लाभ ये हुआ कि वे व्यापार की बारीकियां समझ गए। आदित्य अब अगरबत्ती और मसाले की एजेंसी लेकर बड़े स्तर पर व्यापार करने के सपने देखने लगे, इसमें पूंजी बड़ी बाधा बन गई।



दृढ़ संकल्प के धनी आदित्य कहाँ हार मानने वाले थे। जहाँ चाह वहाँ राह जैसी कहावत शायद उस जैसे युवाओं के लिये बनी है। आदित्य ने अगरबत्ती, साबुन और मसाले की एजेंसी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में संपर्क किया जहां उसे मध्य प्रदेश शासन की मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की प्रक्रिया एवं लाभ के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। इसके बाद आदित्य ने योजना के तहत ऋण प्राप्त करने ऑनलाइन आवेदन किया।

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा परीक्षण के बाद उसका प्रकरण तैयार के बैंक ऑफ इंडिया की शहर शाखा को प्रेषित कर दिया गया। जहां शाखा स्तर से स्थल निरीक्षण एवं अन्य औपचारिकता पूर्ण करने के बाद व्यवसाय के लिए करीब एक साल पहले आदित्य को 9 लाख 80 हजार का ऋण प्रदाय किया। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत प्राप्त हुये इस ऋण से आदित्य ने घर के ही एक कमरे को ऑफिस बना लिया और श्री महायोगी एजेंसी के नाम से अपना व्यवसाय शुरू किया और इसे सफलतापूर्वक चला रहा हैं। आदित्य अब जेड ब्लेक ब्रांड की अगरबत्ती, सरगम ब्रांड के साबुन और सुरुचि ब्रांड के मसालों का वितरक बन गया है। घर के पास उसने एक कमरा किराए पर लेकर गोदाम बना लिया है। बैंक को नियमित किश्त चुकाने के बाद उसे लगभग पच्चीस से तीस हजार रुपये हर महीने शुद्ध आय हो रही है। आदित्य भविष्य में अपने व्यवसाय को और बढाना चाह रहे हैं। आदित्य व्यवसाय में मिली सफलता का श्रेय परिवार से मिल रहे सहयोग के साथ-साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी देते हैं। आदित्य के मुताबिक मुख्यमंत्री श्री चौहान की प्रेरणा से ही वो आज इस मुकाम तक पहुंचा है। उसने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को उस जैसे युवाओं के स्वयं का व्यवसाय करने के सपने को साकार करने में मददगार बताया। साथ ही योजना के तहत बैंक से ऋण दिलाने में सहयोग करने के लिये जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के अधिकारियों का भी आभार जताया।

## देवराज को मिला हैचरी स्थापित करने 40 लाख का ऋण

पशुपालन एवं डेयरी विभाग की योजना 'राष्ट्रीय पशुधन मिशन' अंतर्गत हैचरी स्थापित करने देवराज सिंह को 40 लाख रुपये का ऋण प्रदान किया गया है। लटकारी का पडाव, निवाडगंज निवासी देवराज सिंह का प्रकरण पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा बैंक ऑफ इंडिया जबलपुर स्थित मुख्य ब्रांच को भेजा गया था।

बैंक द्वारा स्वीकृत ऋण राशि का चैक मानस भवन में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार दिवस के कार्यक्रम में विधायक अशोक रोहाणी ने देवराज के छोटे भाई देशराज सिंह को प्रदान किया। देवराज सिंह अस्वस्थता के कारण कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके थे। अड़तालीस वर्षीय देवराज राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत प्राप्त ऋण से ग्राम बहोरीपार, बरगी में करीब एक एकड़ भूमि पर हैचरी स्थापित करेंगे। लंबे समय से मुर्गी पालन के व्यवसाय से जुड़े देवराज सिंह सब्जियों के




थोक करोबारी भी हैं। उन्होंने ऋण प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने चलाई जा रही योजनाओं के लिये केंद्र एवं राज्य शासन की तारीफ की। देवराज ने बताया कि अभी तक वे छोटे स्तर पर हैचरी का व्यवसाय कर रहे थे, राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत प्राप्त ऋण से इस व्यवसाय को बढाने में काफी मदद मिलेगी।



## निर्धारित समय से आठ माह पहले बनी बरेला-मनेरी रोड

सड़कें विकास का वाहक होती हैं। प्रदेश में सड़कों का निर्माण तेज गति से हो रहा है। जबलपुर से मंडला को जोड़ने वाली औद्योगिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बरेला-मनेरी सड़क का निर्माण निर्धारित समय से आठ माह पहले ही पूरा कर लिया गया है। पन्द्रह किलोमीटर लम्बी और दस मीटर चौड़ी इस सड़क का निर्माण जनवरी 2022 में प्रारंभ हुआ था। इसे पूरा करने की समयावधि नवंबर 2023 तय की गई थी। लेकिन इसे फरवरी 2023 में ही पूर्ण कर लिया गया। लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक एक जबलपुर के कार्यपालन यंत्री शिवेन्द्र सिंह के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसे बरेला नगर से मंडला जिले के औद्योगिक क्षेत्र मनेरी तक की इस सड़क के निर्माण के लिये 39 करोड़ रूपये की राशि राज्य शासन द्वारा स्वीकृत की गई थी। औद्योगिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण मुख्य जिला मद से स्वीकृत इस सड़क के निर्माण का कांट्रेक्ट जबलपुर की जीआरटीसी कंपनी को दिया गया था। उन्होंने बताया कि इस सड़क पर आवागमन प्रारंभ भी हो गया है। क्षेत्रवासियों में समय से पहले सड़क का निर्माण पूरा होने तथा बेहतर कनेक्टीविटी मिलने पर हर्ष व्याप्त है। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि इस सड़क से बरेला और मनेरी के बीच आने वाले ग्राम धनपुरी, देवरी पटपरा, डोंडी, पहाड़ीखेड़ा एवं इनके आसपास के गांव के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल रही है।



## लाड़ली बहनों को आवास भी देगी सरकार

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लाड़ली बहना योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत राज्य की पात्र महिलाओं को आर्थिक मदद के तौर पर 1250 रुपये दिए जाते हैं। लेकिन अब सरकार को लगा है कि उन्हें अपने राज्य की बहनों के के लिए कुछ और कार्य करने चाहिए। इसी वजह से उन्होंने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना की शुरुआत की है। मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के तहत वहां की पात्रा महिलाओं को घर दिया जाएगा। इसके लिए उनसे कोई पैसा नहीं लिया जाएगा। मध्यप्रदेश में बहुत सारे ऐसे लोग हैं जिन्हें अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। इस वजह से राज्य सरकार मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना की शुरुआत की है ताकि जिन लोगों को केंद्र की आवास योजना का लाभ नहीं मिला है उन्हें बिल्कुल फ्री में पक्का मकान मिल सके। मध्य प्रदेश में तकरीब 23 लाख ऐसे लोग हैं जिनके पास पक्के का घर नहीं है, इस वजह से उन सभी को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।

**योजना का उद्देश्य**- मध्यप्रदेश सरकार ने कई उद्देश्यों से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना की शुरुआत की है। इस स्कीम को शुरू करने का मुख्य कारण राज्य में उन लोगों को फ्री में पक्के का मकान देना है जो कच्चे घरों में रहते हैं या बेघर है। वहीं बहुत सारे लोग पीएम आवास योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए, इस वजह से उन्हें मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के तहत बिल्कुल फ्री में घर दिया जाएगा। राज्य में तकरीबन 23 लाख ऐसे लोग हैं जिनके पास पक्के का मकान नहीं है। इस वजह से उन सभी को लाडली बहना आवास योजना का लाभ मिलेगा।

### यह है पात्रता

- इस योजना का लाभ लेने वाली बहने मध्य प्रदेश की निवासी होनी चाहिए।
- मध्य प्रदेश के अलावा दूसरे जगहों की महिलाओं को इसका लाभ नहीं मिलेगा।
- इसका लाभ सिर्फ उन्ही महिलाओं को दिया जाएगा जो इसके लिए पात्र है।
- इस स्कीम का लाभ लेने वाली महिला की न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए।
- इस योजना के लिए महिला की अधिकतम आयु 60 वर्ष तय की गई है।
- इस स्कीम के लिए बेघर बहनों को पात्र माना जाएगा।
- इसके अलावा जिनके पास कच्चे का घर है उसे भी पात्र माना जाएगा।
- वहीं जिन्होंने पीएम आवास योजना का लाभ नहीं लिया है उसे भी इसका लाभ मिलेगा।



### जरूरी दस्तावेज

- लाभार्थी को अपना आधार कार्ड देना होगा।
- उसके बाद उन्हें समग्र आईडी भी देनी होगी।
- फिर उन्हें मूल निवास प्रमाण पत्र भी देना होगा।
- आवेदक को अपने बैंक खाते की जानकारी देनी होगी।
- उसके बाद उन्हें अपना मोबाइल नंबर भी देना पड़ेगा।
- लाभार्थी को अपना पासपोर्ट साइज फोटो भी देना पड़ेगा।

## मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से त्रिवेणी को मिला नया जीवन

मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना ने भानतलैया जबलपुर निवासी 13 वर्षीय त्रिवेणी को नया जीवन दिया है। आम बच्चों की अपेक्षा बचपन से ही त्रिवेणी की धड़कन तेज चला करती थी। कुछ दिनों पहले पिता मुकेश उसे अपने साथ जाँच कराने जिला चिकित्सालय विक्टोरिया लेकर पहुँचे थे। चिकित्सकों द्वारा किये गये परीक्षण के दौरान त्रिवेणी हृदय रोग से पीड़ित पाई गई। चिकित्सकों ने बताया कि त्रिवेणी के हृदय में जन्म से ही छेद है और सर्जरी से ही इस बीमारी से निजात पाई जा सकती है। चिकित्सकों ने इस पर बड़ी राशि खर्च होने का अनुमान भी बताया था। हालांकि मुकेश को उसी समय बता दिया गया था कि उसे इस खर्च को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से उसकी बच्ची का हृदय की सर्जरी होगी और उसे एक भी पैसा खर्च नहीं करना पड़ेगा।

मूलतः शहपुरा विकासखंड के ग्राम गड़र पिपरिया निवासी और पिछले करीब पाँच वर्षों से जबलपुर में हाथ ठेले पर सब्जी बेचकर परिवार का भरण पोषण कर रहे मुकेश को चिकित्सकों की इन बातों ने काफी राहत पहुँचाई। बच्ची की बीमारी और मुकेश की आर्थिक स्थिति की जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दी गई। उनके निर्देश पर त्रिवेणी की विशेषज्ञ चिकित्सक से फौरन जाँच करा कर मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत प्रकरण तैयार किया गया और सर्जरी के लिये जबलपुर स्थित मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल रिफर किया। हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा इस बच्ची की हृदय की सफल सर्जरी की गई।



सर्जरी का पूरा खर्च मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत शासन द्वारा वहन किया गया। शासकीय कमला नेहरू स्कूल गंजीपुरा की कक्षा सातवीं की छात्रा त्रिवेणी सर्जरी के बाद अब स्वस्थ्य है। पिता मुकेश और मां प्रीति भी त्रिवेणी के हृदय की हुई सफल सर्जरी के बाद काफी प्रसन्न हैं। त्रिवेणी का परिवार निःशुल्क हुये उपचार के लिये मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और चिकित्सकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रहा है। बता दें कि त्रिवेणी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लाडली लक्ष्मी योजना की लाभान्वित हितग्राही है। परिवार में उसकी छोटी बहन तमन्ना भी है और वो भी कमला नेहरू स्कूल में कक्षा चौथी में पढ़ रही है। तमन्ना भी लाडली लक्ष्मी योजना की लाभान्वित हितग्राही है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ एसएस दाहिया ने बताया कि बच्चों में जन्मजात विकृति एवं गंभीर रोगों का इलाज शासकीय अथवा शासन द्वारा चिन्हित निजी अस्पताल में शासन द्वारा निशुल्क कराया जा रहा है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रबंधक सुभाष शुक्ला ने बताया कि हृदय रोग की सर्जरी पर खर्च 1 से 5 लाख रुपये के बीच आता है। मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना में 18 वर्ष तक के हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का उपचार एवं जरूरत पड़ने पर सर्जरी शासन द्वारा चिन्हित अस्पतालों में निःशुल्क कराई जाती है।

D-16309/23


आप सबके सहयोग से जारी
रहेगा विकास का सफर
सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास
शहर के विकास के लिए संकल्पित- नगर सरकार
महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी
के नेतृत्व में 14 माह में नगर निगम परिषद ने कटनी की जनता को दी
213 करोड़ के ऐतिहासिक विकास कार्यों की सौगातें
जो कहा, वो किया... जो कहेंगे वो करेंगे
वंदन अभिनंदन- भाजपा नेतृत्व
आभार- मध्यप्रदेश सरकार
धन्यवाद - कटनी की जनता
पुष्प एवं अन्य पूजन सामग्री के
डोर-टू-डोर कलेक्शन के लिए
विशेष वाहन मंदिर-मस्जिद
एवं आपके द्वार तक अतिशीघ्र
मनीष पाठक
अध्यक्ष, नगर निगम, कटनी
कटनी बदल रहा है, विकसित शहर बनने की ओर अग्रसर
7 करोड़ की लागत से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युतीकरण कार्य
अमृत योजना के तहत 50 करोड़ की लागत से शहर में नई पाइप लाइन का विस्तार, 40 पानी टंकियों का निर्माण, 100 बोरिंग, 4000 नए नल कनेक्शन एवं टंकियों को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ने का कार्य (प्रस्तावित)
96 करोड़ की लागत से सीवर लाइन योजना का द्वितीय चरण शुरू
संतोष शुक्ला
सदस्य, एमआईसी
शिब्बू साहू
सदस्य, एमआईसी
अवकाश जायसवाल
सदस्य, एमआईसी
डॉ. रमेश सोनी
सदस्य, एमआईसी
श्रीमती बीना बैनर्जी
सदस्य, एमआईसी
श्रीमती सुमन माखीजा
सदस्य, एमआईसी
श्रीमती खुशबू
सदस्य, एमआईसी
श्रीमती तुलसा बाई
सदस्य, एमआईसी
कटाएघाट एवं मसुरहा घाट में 2 करोड़ की लागत से रिवर फ्रंट का निर्माण
आधारभूत संरचना के अंतर्गत लगभग 60 करोड़ की लागत से सड़क, नाली, पेवर ब्लाक, सामुदायिक भवन, पार्कों एवं 5 संजीविनी क्लीनिक का निर्माण, कायाकल्प अभियान के तहत 12 करोड़ से सड़क निर्माण
5 करोड़ की लागत से कटाएघाट के सौंदर्यीकरण के साथ रिवर फ्रंट का निर्माण
जनता के आशीर्वाद और एमआईसी सदस्यों व पार्षदों की सक्रियता से कटनी क्लीन सिटी - ग्रीन सिटी के लक्ष्य की ओर अग्रसर
निवेदक- राजकुमार माखीजा (राजू) पूर्व पार्षद